CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 05°C

हल्द्वानी, गुरुवार 8 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 134 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 18 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा को खत्म करने की गोपनीय साजिश रची गई: अखिलेश यादव पेज 2



ICC भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने को तैयार: बीसीबी खेल टाइम्स



इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल सम्पादकीय



ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीतिः एस. जयशंकर पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### इसरो 12 जनवरी को भेजेगा PSLV-C60 मिशन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को पूर्वाह्न 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के शार रेंज से पीएसएलवी-सी62 मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में घोषणा की कि पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:17 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के शार रेंज से निर्धारित है। पीएसएलवी सी-62 भारत के भरोसेमंद 'पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल' की 64वीं उड़ान होगी। यह मिशन प्राथमिक पेलोड के रूप में ईओएस-एन1 को ले जाएगा, जो रणनीतिक उद्देश्यों के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक 'अर्थ ऑब्जर्वेशन इमेजिंग सेटेलाइट' है।

### मौजूदा वित्त वर्ष में GDP की वृद्धि दर 7.4 % रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जारी किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को इस साल 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए जारी पहले अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि पूरे साल के दौरान जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। यह पिछले वित्त वर्ष के 187.97 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष के दौरान लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की और वित्तीय, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके बाद व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। अनुमान के अनुसार, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों की वृद्धि दर सात-सात फीसदी रहेगी। कृषि क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत और बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

### जेल में बंद पूर्व आईपीएस अमिताभ की तबीयत बिगड़ी गोरखपुर भेजे गए

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में उत्तर प्रदेश की देवरिया जिला जेल में बंद आईपीएस के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर की मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर डाक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार जेल में बंद श्री ठाकुर को मंगलवार की रात सीने में दर्द, बेचैनी और घबराहट की शिकायत पर जेल के डाक्टर के प्राथमिक उपचार के बाद जेल प्रशासन ने उन्हें तत्काल देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक जांच के बाद डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रात करीब दो बजे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में जांच के दौरान डाक्टरों ने श्री ठाकुर को दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई है।

# समूचा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में, लोगों को घरों में कैद रहने पर किया मजबूर

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया
- दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में भी शीत लहर ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया हुआ है। इसकी वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।

रात के समय चलने वाली ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। कभी घने कोहरे की धुंधली सुबह, कभी दोपहर में खिलखिलाती तेज धूप और शाम होते ही बर्फीली हवाओं की चुभन। उत्तर भारत समेत राजधानी दिल्ली में इन दिनों मौसम मानो आंख-मिचौनी खेल रहा है। ठंड जरूर महसूस हो रही है, लेकिन हालात न पूरी तरह कोल्ड डे के हैं और न ही कोल्ड वेव जैसी सख्ती दिख रही है। दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही, जिसकी वजह उत्तर-पश्चिम से चल रही ठंडी और बर्फीली हवाएं हैं। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का यह अजीब मिजाज लोगों को उलझन में डाल रहा है। कभी घना कोहरा छा जाता है, तो कभी बिल्कुल साफ आसमान नजर आता है। दिन में धूप थोड़ी राहत देती है, लेकिन शाम ढलते ही ठंड तेजी से बढ़ जाती है। दिन में धूप खिलने के बावजूद ठंडी हवाएं लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दस दिनों तक यही हालात बने रहने की संभावना है। इस दौरान ठंडी हवाएं चलती रहेंगी, लेकिन तापमान में बड़ी गिरावट नहीं होगी। राजधानी में इस बार सूखी सर्दी का दौर चल रहा है। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि 15 जनवरी के बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी जरूर देखने को मिल सकती है। दिल्ली में धुंध के कारण दिन में धूप नहीं निकल पाती, जिससे दिन का तापमान दबा रहता है। राजधानी के सभी इलाकों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

## कश्मीर में 15 दिन बर्फबारी का अलर्ट उत्तराखंड में पाइपलाइनों में पानी जमा

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों की तरफ चल रही सर्द हवाओं से पूरे देश में तापमान में गिरावट आई है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इन राज्यों के कई जिलों में घना कोहरा छाया है, जिसके कारण 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। स्कूलों का टाइम भी बदला है। यूपी में 20 फ्लाइट्स और 100 ट्रेनें लेट चल रही हैं। जयपुर में बुधवार को विजिबिलिटी जीरो है, इसके कारण 8 फ्लाइट देरी से चल रही हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल में जनवरी की सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां मंगलवार को 3.8 डिग्री तापमान रहा। बुधवार को छिंदवाड़ा में 2 डिग्री तापामान रहा।

### दिल्ली के एक्यूआई में मामूली सुधार, एयरलाइंस ने परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार के साथ 299 दर्ज किया गया, हालांकि हवा की गुणवत्ता अभी भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही। मंगलवार को राजधानी का एक्यूआई 310 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 9:05 बजे लिए गए नेहरू नगर (360), आनंद विहार (349), पूसा (345), चांदनी चौक (342), जहांगीरपुरी (342), ओखला फेज-2 (342), और सिरीफोर्ट (342) जगहों पर एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

# कैसे पता चलेगा, कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट की वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा: पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान एक वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की कि जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं।

मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं। कोई कल भैंस ला सकता है। वे कह सकते हैं कि मुझे भैंस का दूध चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके। वकील वंदना जैन ने कहा कि हम कुत्तों के खिलाफ नहीं हैं। हमें कुत्तों के खतरे और सार्वजनिक सुरक्षा को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सवाल करते हुए कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें? किसी को कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए। 18 दिसम्बर 2025 को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया था। दिल्ली नगर निगम की ओर से बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा था कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।

## अगस्ता वेस्टलैंड केस में याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में आरोपी वकील गौतम खेतान की याचिका पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने इसे ट्रायल से बचने की कोशिश बताया और याचिका खारिज कर दी। खेतान ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की एक धारा को चुनौती दी थी।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्यथ बागची की बेंच ने कहा कि यह नया चलन बन गया है कि अमीर आरोपी ट्रायल का सामना करने के बजाय कानून की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने लगते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोग सोचते हैं कि वे सिस्टम को बायपास कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्हें आम नागरिक की तरह ट्रायल का सामना करना चाहिए। सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने दलील में कहा कि यह याचिका किसी विशेषाधिकार के लिए नहीं, बल्कि पहले से लंबित विजय मदनलाल चौधरी केस की समीक्षा याचिकाओं से जुड़ी है, लेकिन कोर्ट ने इसे मानने से इन्कार कर दिया।

# यूपी में असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा को निरस्त करने का आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों/चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप नकल माफियाओं के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करते हुए एसटीएफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद हेतु अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/ धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश द्वारा मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए गए। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 20-04-2025 को यूपी एसटीएफ को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा दिनांक 16-04-2025 व 17-04-2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तों- महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल-को परीक्षा में धांधली एवं अवैध धन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में यूपी एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड, जनपद लखनऊ पर मु.अ.सं. 144/25, धारा 112, 308(5), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, अभियोग पंजीकृत कराया गया।

### बांग्लादेश में नहर में कूदने से हिंदू युवक की मौत

**ढाका।** नाओगांव जिले में नहर में कूदने से 25 साल के हिंदू युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। मृतक की पहचान भंडारपुर गांव निवासी मिथुन सरकार के तौर पर हुई है। कुछ लोगों ने हाट चकगौरी बाजार इलाके में मिथुन पर चोरी का आरोप लगाते हुए उसका पीछा किया। बचने की कोशिश में वह पास की नहर में कूद गया और लापता हो गया।

# ट्रम्प का मोदी पर बयान, राहुल गांधी बोले: फर्क समझो सर जी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर हुए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने एक्स पर फर्क समझो सर जी कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया। राहुल ने कहा कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था।

आपको वह समय याद होगा जब फोन काल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर और हथियार भेजे थे। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था कि मुझे जो करना है, मैं करूंगी। राहुल ने कहा कि इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे। राहुल गांधी का यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वाशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां।

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर भड़के रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार की कड़ी आलोचना की है। बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में श्री वाड्रा ने हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया।

# पाक ने संघर्ष रुकवाने के लिए 60 बार गुहार लगाई

## ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फर्म का दावा: भारत सरकार ने भी किया था संपर्क

नई दिल्ली, वार्ता



- पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी

**अमेरिका के फॉरेन** एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (एफएआरए) के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी।

इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था। एफएआरए के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन काल, वन-टू-वन बैठकों के जरिये अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं। पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब 45 करोड़ खर्च किए थे। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय दूतावास ने अमेरिकी सरकार और उसके अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने के लिए फर्म की सेवाएं ली थीं। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के साथ कई अहम मुद्दों पर भारतीय दूतावास की बातचीत में मदद की गई। अप्रैल से दिसम्बर 2025 के बीच भारतीय दूतावास के लिए काम किया। एफएआरए में दी गई जानकारी के अनुसार 10 मई को इस फर्म ने भारतीय दूतावास की ओर से व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स, अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के रिकी गिल से संपर्क कराने में मदद की। इस दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी मीडिया कवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। 10 मई को ही भारत और पाकिस्तान के बीच चला 4 दिन का सैन्य टकराव समाप्त हुआ था। फर्म की भूमिका में बैठकों की व्यवस्था करना, फोन कॉल और ईमेल के जरिये दोनों देशों के अधिकारियों को जोड़ना शामिल था।

# भाजपाः सदस्यता के द्वितीय चरण की शानदार शुरुआत

## ब्लॉक प्रमुख, पार्षद समेत सैकड़ों ने थामा भाजपा का दामन, प्रदेश की जनता भाजपा के साथः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने ब्लॉक प्रमुख, पार्षद समेत सैकड़ों ज्वाइनिंग से सदस्यता अभियान के दूसरे चरण की शानदार शुरुआत की है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट ने कहा, माहौल खराब करने के प्रयासों के बीच, पार्टी ज्वाइन करने वालों का ये जोश बताता है कि जनता भाजपा के साथ है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि राजधानी में बलबीर रोड स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को सदस्यता अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत हुई है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भट्ट की मौजूदगी में देहरादून, ऋषिकेश, पौड़ी और रुड़की से आए बड़ी संख्या में



जनप्रतिधियों और राजनैतिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन थामा। सभी नवांगतुक सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर, फूलमाला के साथ स्वागत किया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आप सब लोगों का पार्टी के सिद्धांतों और विकास की नीति पर भरोसा करने पर सभी का हृदय से अभिनंदन है। जैसा, आप सभी लोगों ने भी स्वीकार किया कि देशभर की तरह प्रदेश में भी जिस तरह का चौमुखी विकास हो रहा है उससे प्रभावित होकर आप यहां हैं। सचमुच यदि 2014 के पहले के भारत को याद करें तो आज देश की तस्वीर बहुत बदल चुकी है। में विश्वास दिलाता हूं कि अपने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के जिस भावों के साथ आप सभी लोग पार्टी में आए हैं, उसका हम विशेष ध्यान रखेंगे। केंद्र एवं राज्य की सरकार में उत्तराखंड विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन हताश निराश विपक्ष, विकास को बाधित करने के लिए झूठ एवं भ्रम फैलाकर प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा है।

लेकिन जिस तरह बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ राजनैतिक कार्यकर्ता, उसमें भी मातृ शक्ति की अधिकता बताती है कि प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है। उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और भाजपा सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह पीड़ित परिवार की राय के बाद किसी भी जांच के लिए तैयार है। ज्वाइनिंग कार्यक्रम में धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, विधायक उमेश काऊ, प्रदीप बत्रा ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, नलिन भट्ट, प्रदेश कार्यालय सचिव जगनमोहन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, पौड़ी जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत, दायित्वधारी सुभाष बर्थवाल, हेमंत द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ये हुए भाजपा में शामिल

पौड़ी जनपद से पौड़ी ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी के साथ पार्टी ज्वाइन करने वालों में ज्येष्ठ उप प्रमुख अर्चना तोपवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख नीरज पटवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य अजीत थपलियाल, सोहन पटवाल, मधु देवी, अनीता देवी, ममता देवी, अभिषेक कुमार, राजेश रावत प्रमुख थे। इसके अतिरिक्त देहरादून से पार्षद पूनम पुंडीर और देवकी नौटियाल के साथ डा. संजय सिंह, सौरभ चौधरी, सुरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, सुरेश शर्मा, डाक्टर पूजा राठौड़, डा. महेंद्र शर्मा, आर के बडोला, राजेश अरोड़ा, राजेंद्र हुड्डा शामिल हुए। वहीं ऋषिकेश से पार्षद मुस्कान, पूर्व मंडल अध्यक्ष उषा जोशी, पूर्व पार्षद सुंदरी कंडवाल, अभिनव पाल, शिवानी गोस्वामी समेत कई राजनैतिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी ज्वाइन की। रुड़की से शामिल होने वालों में सुबोध चौधरी रविंदर भाटी, अजय मल्होत्रा, देवेंद्र सिंह, महेंद्र, सुमित खटाना समेत बड़ी संख्या लोग शामिल हुए हैं।

## एक नजर...

### सीबीआई जांच से क्यों भाग रही है सरकारः नेगी

**कोटद्वार।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कार्यालय, जन सेवा केंद्र में समस्त 40 वार्डों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरेन्द्र सिंह नेगी ने अपने वक्तव्य में संगठन की मजबूती, जनता तक पहुँच और उनके समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन केवल अपने ढांचे को मजबूत बनाने तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि हर कार्यकर्ता को जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को समझना और समाधान सुनिश्चित करना प्राथमिक कर्तव्य है। कहा कि हमारा उद्देश्य जनता के बीच विश्वास कायम करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। संगठन की मजबूती तभी संभव है जब हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर लोगों तक हमारी नीतियों और जनहित के कार्यों को पहुँचाए। बैठक के दौरान विशेष रूप से बहन अंकिता भंडारी मामले पर चर्चा हुई। नेगी ने इस मामले में सरकार की निष्क्रियता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़िता को अभी तक उचित न्याय नहीं मिला है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार वीआईपी का नाम उजागर करने से क्यों बच रही है और सीबीआई जांच से क्यों भाग रही है। नेगी ने स्पष्ट किया कि न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठाना संगठन और कार्यकर्ताओं का नैतिक दायित्व है।

### यूकेडी 8 जनवरी को करेगी विरोध प्रदर्शन

**कोटद्वार।** लगभग डेढ़ लाख की आबादी वाले कोटद्वार नगर में एक भी बस अड्डा नही है, मोटर नगर स्थित नगर निगम की जमीन पर प्रस्तावित बस अड्डा न्यायालय और सरकारी हीला हवाली का शिकार है जिसके चलते कोटद्वार में यातायात व्यवस्था लचर बनी रहती है। प्रशासन मनमाने ढंग से यातायात डाइवर्ट कर देता है, सडक अतिक्रमण कारियों के कब्जे में है इन प्रमुख मुद्दों को लेकर यूकेडी लगातार आंदोलन करती रही है, लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नही रेंग रही है, उत्तराखण्ड क्रांति दल ने अपने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लिखा है कि सभी जानते हैं कि उत्तराखंड क्रांति दल यूकेडी के संरक्षक व वरिष्ठ नेता डा. शक्ति शैल कपरवाण के नेतृत्व में मोटर नगर निर्माण व विकास के लिए 2014 से धरना प्रदर्शन करता आया है और अनेक बार सरकार को ज्ञापन भेजे हैं परन्तु उत्तराखंड सरकार और नगर निगम प्रशासन, नगर निगम बोर्ड चुपचाप बैठे हैं। इसलिए उत्तराखंड क्रांति दल महानगर कोटद्वार ने निर्णय लिया है कि मोटर नगर निर्माण के लिए आगामी 8 जनवरी को 11 बजे से सभी कार्यकर्ता मोटर नगर में धरना प्रदर्शन करेंगे।

### अवैध शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी के निर्देशों के क्रम में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कोतवाली कोटद्वार पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार देर रात को कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 2 अभियुक्तों चंदन सिंह बिष्ट पुत्र गोविंद सिंह, निवासी लकड़ी पड़ाव, कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल एवं शुभम पुत्र जगमोहन सिंह, निवासी सिंबलचौड़, कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके आधार पर कोतवाली कोटद्वार पर अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

# स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर रील बनाइए, इनाम जीतिए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वामी विवेकानंद के विचार, जीवन दर्शन और धार्मिक-सामाजिक मूल्यों पर बेहतरीन रील बनाकर आप भी नगद इनाम राशि जीत सकते हैं। विजेता प्रतिभागियों को 12 जनवरी को युवा दिवस के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।



बुधवार को प्रांतीय रक्षक दल निदेशालय में हुई बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने 12 जनवरी को आयोजित होने वाले युवा दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के लिए इस साल यह नई पहल की गई है। विभाग द्वारा जारी किए गए लिंक पर युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनकी विचारधारा पर आधारित 60 से 90 सेकंड की रील अपलोड करेंगे, एक कमेटी इनमें से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को चयनित करेगी। पहले तीन विजेताओं को 11000, 7000 और 5000 के पुरस्कार दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष तक के युवा हिस्सा ले सकेंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि युवा दिवस समारोह में प्रदेश के तीन युवा मंगल दल और तीन महिला मंगल दलों को 1 लाख, 50 हजार और 25 हजार की इनाम राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही नेशनल यूथ अवार्ड जीतने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# निष्पक्ष जांच से भाग रही सरकारः कांग्रेस

## गोदियाल ने लगाया वीआईपी को बचाने का आरोप

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड में निष्पक्ष जांच से लगातार बच रही है और शुरू से ही वीआईपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हालिया प्रेस वार्ता में इस मुद्दे पर सवालों से असहज नजर आए, जो सरकार की मंशा को उजागर करता है।

गोदियाल ने कहा कि अंकिता की हत्या से पहले ही गुमशुदगी दर्ज कराकर परिवार पर यह मानने का दबाव बनाया गया कि वह भाग गई है। बाद में सामने आए व्हाट्सएप संदेशों से स्पष्ट हुआ कि अंकिता ने अपनी जान को खतरा होने की बात पहले ही कही थी। इसके बावजूद सरकार ने सच्चाई सामने लाने के बजाय सबूत मिटाने का रास्ता चुना।

उन्होंने सवाल उठाया कि अंकिता का शव मिलने के बाद रात में वनंतरा रिसॉर्ट पर बुलडोजर किसके आदेश पर चलाया गया? क्या एसआईटी ने भाजपा विधायक रेणु बिष्ट की भूमिका की जांच की? अंकिता के कमरे को ध्वस्त कर सबूत नष्ट करने के पीछे किसका निर्देश था? उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री द्वारा ध्वस्तीकरण का श्रेय लेने की बात सामने आ चुकी है, फिर भी जांच एजेंसियां चुप हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार सीबीआई जांच से क्यों डर रही है, जबकि प्रदेश की जनता और पीड़ित परिवार लगातार इसकी मांग कर रहे हैं। कांग्रेस की स्पष्ट मांग है कि इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय के सिटिंग या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सजा मिले। उन्होंने कहा कि अंकिता के पिता द्वारा पटवारी और आरोपी पक्ष पर लगाए गए दबाव और धमकी के आरोपों पर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस ने दोहराया कि जब तक सभी अनुत्तरित सवालों के जवाब नहीं मिलते, पार्टी न्याय की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ती रहेगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक मनोज रावत, निवर्तमान मीडिया चेयरमैन राजीव महर्षि, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शाह, प्रवक्ता डा. प्रतिमा सिंह और महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी उपस्थित रहे।

# महिला उद्यमिता राज्य एवं देश के आर्थिक विकास की रीढ़

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फिक्की फ्लो) उत्तराखंड चैप्टर ने दो दवसीय फिक्की फ्लो कन्वेंशन 2026 का शुभारंभ 7 जनवरी को देहरादून में किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सम्मेलन के लिए एक प्रेरणादायी वीडियो संदेश प्रेषित किया, जिसमें महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता एवं विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका पर बल दिया गया। दो दिवसीय इस सम्मेलन की थीम द पावर टू एंपावर निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल सशक्तिकरण, उद्यमिता विकास, सरकारी सहभागिता तथा सतत



आजीविका के अवसरों से जोड़ना है।

सम्मेलन के प्रथम दिवस बुधवार की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन सत्र से हुई, जिसमें कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण, स्टार्ट-अप संस्कृति तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका पर अपने विचार साझा किए। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं ने सदैव समाज एवं विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को राज्य के समग्र विकास की आधारशिला बताते हुए फिक्की फ्लो जैसे मंचों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर फिक्की फ्लो उत्तराखंड चैप्टर की चेयरपर्सन डा. गीता खन्ना ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में महिला उद्यमिता को राज्य एवं देश के आर्थिक विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि थीम द पावर टू एंपावर केवल एक थीम नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में एक सशक्त आंदोलन है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं उद्यमिता से जुड़ती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और राष्ट्र को भी सशक्त बनाती हैं।

इसके बाद सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें डिजिटल साक्षरता, सरकारी साझेदारी, फ्रॉम सॉइल टू शेल्फ आदि विषयों पर पैनल चर्चा की गई। फिक्की फ्लो उत्तराखंड चौप्टर द्वारा आयोजित यह सम्मेलन महिलाओं को ज्ञान, नेटवर्किंग एवं नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है। सम्मेलन के आगामी सत्रों में महिला नेतृत्व, नवाचार एवं आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सुरेख डंगवाल, मधु भट एवं कुसुम कंडवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने महिलाओं को एक विशिष्ट पहचान दिलाने तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त करने पर बल दिया।

# उत्तराखण्ड में माल्टा उत्पादन की अपार संभावनाएंः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आइटीबीपी स्टेडियम सीमा द्वार, देहरादून में सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय माल्टा महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए कृषकों से मुलाकात कर माल्टा और नींबू की खटाई का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में माल्टा उत्पादन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में ठोस पहल करते हुए माल्टा मिशन शुरू करने की घोषणा की गई है, जिसके



माध्यम से माल्टा के उत्पादन, विपणन और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन से पहाड़ी क्षेत्रों के कृषकों की आय में वृद्धि होगी और स्थानीय फलों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार माल्टा के साथ-साथ कीवी, सेब, आड़ू, पुलम, नींबू प्रजाति के फल एवं अन्य स्थानीय फलों के उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा माल्टा महोत्सव जैसे आयोजन, किसानों को सीधे उपभोक्ताओं और बाजार से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर आईजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले सात और विशेषज्ञ चिकित्सक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को सात और विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 'यू कोट, वी पे' मॉडल के तहत चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया, डीडीहाट, बीरोंखाल तथा उप जिला चिकित्सालय गैरसैण में तैनाती दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से इन अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होगी साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी दूर होगी। प्रदेश सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार दुरूस्त करने में जुटी है। राजकीय चिकित्सा इकाइयों में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिये सरकार द्वारा आधुनिक चिकित्सका उपकरणों से लेकर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य सपोर्टिंग स्टाफ की लगातार तैनाती कर रही है। इसके साथ ही सरकार द्वारा प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को भी चरणबद्ध तरीके से दूर कर रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 'यू कोट, वी पे' मॉडल के तहत 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया गया है, जिनमें एनेस्थेटिस्ट व पीडियाट्रिशियन के 2-2 जबकि ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी के 3 विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल है। विभागीय अनुबंध के तहत चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को विभिन्न जनपदों की चिकित्सा इकाईयों में तैनाती दे दी गई है।

जिसमें डा. आर. हेमचन्द्रन (एनेस्थेटिस्ट), डा. देविका खत्री (ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी) तथा डा. अनंत गुप्ता (पीडियाट्रिशियन) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया, अल्मोड़ा में तैनाती दी गई है। इसी प्रकार डा. विशाल प्रताप सिंह (एनेस्थेटिस्ट) व डा. शिल्पा भानुदास (ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी) को उप जिला अस्पताल गैरसैण, चमोली, डा. ममता थपलियाल (ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल तथा डा. किशन सिंह महर (पीडियाट्रिशियन) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीडीहाट, पिथौरागढ़ में तैनाती दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर होगी साथ ही मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।



राज्य सरकार प्रदेशभर की चिकित्सा इकाइयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के लिये संकल्पबद्ध है। एनएचएम के अंतर्गत यू कोड, वी पे योजना के तहत सात विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती चौखुटिया, बीरोंखाल, गैरसैण व डीडीहाट में कर दी गई है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से मरीजों को स्थानीय स्तर पर और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी।

**धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड।**

# जोशी ने किया हरबंस कपूर की प्रतिमा का अनावरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय हरबंस कपूर की 80वीं जयंती के अवसर पर गढ़ी कैंट स्थित हरबंस कपूर मेमोरियल कम्युनिटी हॉल में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्व. हरबंस कपूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री धामी ने स्व. हरबंस कपूर की 80वीं जयंती उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा स्व. हरबंस कपूर हम सभी के लिए प्रेरणादायक थे और उनकी कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देती रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. कपूर ने अपने जीवन में सदैव समाज और जनता के हितों को सर्वोपरि रखा। उनका पूरा जीवन जनता और अपने लोगों के लिए समर्पित रहा है। विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने स्व. कपूर के साथ बिताए पलों को साझा करते हुए कहा कि वे सादगी



और संवेदनशीलता के प्रतीक थे। उन्होंने प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया और राज्य के विकास से जुड़े हर विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़े। इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, दायित्वधारी श्याम अग्रवाल, राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना, भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### एक आदर्श जननेता थे हरबंस कपूरः जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्व. हरबंस कपूर वास्तव में एक आदर्श जननेता थे, जिन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण जनसेवा को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कपूर साहब उनके राजनीतिक गुरु थे और आज वे जिस भी स्थान पर हैं, उसमें कपूर का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि हरबंस कपूर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में उनका योगदान सदैव अनुकरणीय रहेगा। उनके आदर्श एवं विचार आने वाली पीढ़ियों को जनसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्व. हरबंस कपूर की स्मृति में 12 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित यह भव्य सामुदायिक भवन उनकी लोकप्रियता, जनस्वीकृति और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

# गणेश जोशी ने किया अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण का शिलान्यास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को गुच्छुपानी चौक स्थित हिल माउंट स्कूल के प्रांगण में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अनारवाला मालसी मोटर मार्ग

### 319 लाख की आएगी लागत, मुख्यमंत्री का जताया आभार



319.30 लाख की लागत के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग के निर्माण से क्षेत्रीय लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध होगी तथा स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मसूरी विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और सड़क, पेयजल, सीवर एवं अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 82 करोड़ से अधिक लागत से क्षेत्र में विकास कार्य अभी तक हो चुके हैं।

काबीना मंत्री जोशी ने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार जन जन की सरकार जन-जन के द्वार के नारे के साथ कार्य कर रही है।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने नाईवाला क्षेत्र के 500 मीटर का क्षेत्र सड़क निर्माण, पतालेश्वर पुलिया और सड़क मार्ग और द्वार का निर्माण, गुच्छूपानी चौक पर पिकेट और सीसीटीवी की मांग, नयागांव गढ़वाली कालोनी में सड़क की मांग तथा 16 बीघा में बिजली की समस्या और नया गांव अनारवाला में पुश्ता निर्माण सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। जिसपर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द कार्य करने का भरोसा भी दिलाया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, महानगर उपाध्यक्ष संध्या थापा, विष्णु गुप्ता, पार्षद भूपेंद्र कठेत, ज्योति कोटिया, निर्मला थापा, प्रमिला, पार्षद सागर लामा, पूर्व सैनिक कैप्टन दिनेश प्रधान, सुखेदव गुरुंग, गंभीर लामा, मनोज क्षेत्री, समीर डोभाल, संजय नौटियाल, रतन लाल गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मसाला यूनिट से संवरी 700 महिलाओं की किस्मत

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही हैं। डोईवाला ब्लॉक के दूधली गांव में रीप परियोजना के तहत स्थापित मसाला यूनिट ने आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। हिलान्स ब्रांड के नाम से चल रही इस यूनिट ने अब तक 30 लाख रुपये का शानदार टर्नओवर हासिल किया है। सालाना बढ़ रहा है कारोबार वर्ष 2023 में 10 लाख रुपये की लागत से शुरू हुई इस यूनिट ने पहले साल 10 लाख और दूसरे साल (2024-25) में 20 लाख रुपये का कारोबार किया। सफलता मॉडल क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा संचालित इस यूनिट में 700 से अधिक महिलाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हैं। स्थानीय उत्पादों को मिली पहचान यूनिट में अत्याधुनिक मशीनों से हल्दी, मिर्च, धनिया और बेसन तैयार किया जा रहा है। फेडरेशन की अध्यक्ष आरती पांडे ने बताया कि स्थानीय महिलाओं से ही कच्चा माल खरीदा जाता है, जिससे उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक (रीप) कैलाश भट्ट के अनुसार, जल्द ही गरम मसाला, चिकन मसाला और मैगी मसाला जैसी नई वैरायटी भी बाजार में उतारी जाएंगी।

# पिंजरे में कैद हुआ आतंक का पर्याय बना गुलदार

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** नगर के रानीधारा वार्ड में आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। दरअसल, लंबे समय से रानीधारा के धारानौला, चीनाखान, गोपालधारा समेत कई इलाकों में गुलदार की धमक से लोगों में दहशत थी। आए दिन रिहायशी इलाकों में गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रही थी। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। वहीं, घरों के आंगन से गुलदार कई कुत्तों को भी उठा ले गया। लोगों की मांग के बाद



वन विभाग ने रानीधारा क्षेत्र में पिंजरा लगाया हुआ था। वहीं, बुधवार तड़के गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। जिसे रेस्क्यू कर विभाग ने एनटीडी स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचा दिया है। वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम आर्य ने बताया कि शिकायत मिलने पर रानीधारा में विभाग की ओर से पिंजरा लगाया गया था। गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। पकड़े जाने के बाद गुलदार को रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है।

# न्याय पंचायत पानुवानौला में बहुउद्देशीय शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को न्याय पंचायत पानुवानौला में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 900 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए और कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। विकासखंड के गांधी इंटर कालेज के मैदान में आयोजित शिविर के माध्यम से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि, उद्यान, विद्युत, पेयजल समेत अनेक विभागों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। शिविर में कई लोगों के आधार कार्ड बने और कई के ई श्रम कार्ड। किसी को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट दी गई तो किसी ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सहायक उपकरण प्राप्त किए। शिविर में पहुंचे उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद दिनेश आर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समाधान उनके निकट जाकर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कार्यक्रम की मंशा के अनुरूप लोगों तक योजनाओं



को पहुंचाने के निर्देश दिए। वहीं, डीएम अंशुल सिंह ने जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और एक-एक कर फरियादें सुनीं। साथ ही संबंधित विभागीय अधिक. रियों को समस्याओं के त्वरित व प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाना तथा लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से शासन एवं जनता के बीच की दूरी को कम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यहां जिला पंचायत अध्यक्षा हेमा गैडा, ब्लक्क प्रमुख लीला बिष्ट, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिक. ारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

## योजनाओं की प्रदर्शनी

डीएम ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई और प्रत्यक्ष रूप से लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 83 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित पंजीकृत की गई। इन शिकायतों में से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। जिन समस्याओं का मौके पर ही समाधान संभव नहीं था, उनको अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया।

## एक नजर....

### डीएम ने पीएम धन-धान्य योजना की बैठक ली

**अल्मोड़ा।** प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना को लेकर बुधवार को डीएम ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजना का जनपद स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम अंशुल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य कृषकों व आमजन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना से जुड़े सभी विभाग अपने-अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाहियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, ताकि योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सुचारु रूप से पहुंच सके। कहा कि योजना से संबंधित सभी विभाग पोर्टल पर अपने विभाग से संबंधित वांछित सूचनाएं निर्धारित समयावधि के भीतर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही और विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन में जिन जिन विभागों की भूमिका है, उन विभाग के अधिकारी योजना से संबंधित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही करें। योजना से संबंधित सभी प्राविधानों का गहनता से अध्ययन करते हुए आगामी कार्य योजनाएं बनाएं जिससे कृषकों एवं आमजनमानस को योजना का सही एवं प्रभावी लाभ दिलाया जा सके। यहां बैठक में एसडीएम सदर संजय कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी आनंद गोस्वामी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक चैंपियनशिप ट्राफी का हुआ समापन

**अल्मोड़ा।** विधायक चैंपियनशिप ट्राफी का समापन हो गया हैं। प्रतियोगिता के तहत हॉकी में पांडेतोली विजेता बना। हवालबाग खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हवालबाग हिमानी कुंडू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश देती हैं। कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। प्रतियोगिता के अंडर-14 कबड्डी बालिका में पांडेतोली पहले, धामस दूसरे, रमणा तीसरे, अंडर-19 में पांडेतोली पहले, ग्वालाकोट दूसरे, खत्याड़ी तीसरे, अंडर-14 खो खो में पांडेतोली पहले, कयाला दूसरे, लिंगुड़ता तीसरे, अंडर 19 में कयाला पहले, पांडेतोली दूसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर अतिथियों की ओर से अव्वल खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और मैदान प्रदान कर सम्मानित किया। यहां बीडीओ सुंदर सिंह दरियाल, महेश कुमार, मोनिका रावत समेत खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### भाजपा सच को दबा नहीं सकती : अलका पाल

**काशीपुर।** अंकिता भंडारी केस में भाजपा द्वारा कांग्रेस का बार-बार पुतला फूंकने पर महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि भाजपा सच को दबा नहीं सकती। सरकार के शब्दों में न्याय की जगह जवाबदेही से बचने का नजरिया दिखाई देता है। अलका पाल ने कहा कि भाजपा के नेताओं के द्वारा अंकिता भंडारी हत्या की सीबीआई जांच की मांग करने पर मानहानि का मुकदमा दिल्ली में दर्ज करने की धमकी दी जा रही है, यह मुकदमा जन आक्रोश में घी डालने का काम करेगा। अलका पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान हास्यपद है कि वह अं. कता के माता-पिता से पूछ कर जो वो आदेश करेंगे सरकार वही मानेगी, यह बयान संविधान और कानून का भी अपमान है। किसी हत्या की जांच किसी के माता-पिता के आदेश से नहीं, बल्कि कानून की प्रक्रियाओं के अनुसार होनी चाहिए। लंबे समय से अंकिता के माता-पिता न्याय की गुहार लगा रहे हैं और भाजपा उनके साथ खड़े होने वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करने की बात कर रही हैं, भाजपा का यह दोहरा चाल-चलन उत्तराखंड का जन आक्रोश समझ चुका है।

### पत्थर लाने की अनुमति देने पर ग्रामीणों में रोष

**बागेश्वर।** बागेश्वर खनन विभाग द्वारा एक ठेकेदार भुवन लोहनी को उनके क्षेत्र से पत्थर लाने की अनुमति देने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा गांव वालों को डरा धमका कर उनके खेतों, सड़क किनारे टूटे हुए स्थानों, पानी के घराट आदि स्थानों से पत्थर तोड़कर डंपर में लाद कर ले जाया जा रहा है। ग्रामीण चंदन टंगड़िया, सुंदर सिंह, नंदन टंगड़िया, शिवराज सिंह, जयंत राम, घनश्याम, दान सिंह आदि ने कहा कि ठेकेदार द्वारा विभाग से पत्थर ले जाने की परमिशन दिए होने की बात कहते हुए डरा धमकाकर पत्थर ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा ठेकेदार ने जब परमिशन दिखाई तो उसे विभाग द्वारा बिजोरी क्षेत्र की मिली हुई है। जबकि ठेकेदार पत्थर धारी फ्लाटी से ले जा रहा है। इधर विभागीय अधिकारी से जब मामले की जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। जिससे मामला और अधिक संवेदनशील माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री उद्यमशाला में कार्यशाला का आयोजन

**बागेश्वर।** युवा भारत और जन शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री उद्यमशाला सभागार में भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में स्टेट बैंक आफ इंडिया के मनीष बिष्ट ने मुद्रा लोन योजना और जनधन योजना के बारे में जानकारी दी, जबकि जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने एमएसवाई योजना के तहत उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहयोग पर चर्चा की। विनोद और दलीप सिंह कुलेगी ने उद्यम आधार के माध्यम से पंजीकरण, मार्केटिंग, पैकेजिंग और ब्रांडिंग के तरीके बताए। ब्लॉक मिशन मैनेजर हरेंद्र सिंह बिष्ट ने एनआरएलएम और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका सुदृढ़ करने की बात की। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक डा. जितेंद्र तिवारी ने प्रतिभागियों को स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के उपाध्यक्ष दीप चंद्र पाठक ने सोशल मीडिया के जरिए उत्पाद विपणन की तकनीक साझा की।

### बार एसोसिएशन का शपथग्रहण समारोह 12 को

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार, 12 जनवरी को दोपहर 1.30 बजे उच्च न्यायालय नैनीताल के न्यायाधीश आलोक वर्मा के द्वारा शपथ दिलाकर किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे व संचालन नवनिर्वाचित सचिव यशवंत चौहान ने किया। अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि हमारी प्राथमिकता युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करना व बुजुर्ग अधिवद्राओं के बारे में बार विचार करना है। नवनिर्वाचित सचिव यशवंत चौहान ने कहा कि हमारा प्रथम लक्ष्य बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाना तथा काशीपुर न्यायालय में एनडीपीएस एक्ट, पोक्सो एक्ट तथा अन्य न्यायालयों की स्थापना करना होगा। शपथ ग्रहण में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी व अन्य न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण तथा अधिवक्ता मौजूद रहेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष विद्युशेखर शर्मा, उपसचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बीसी नौटियाल, आय व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश कुमार प्रजापति तथा कार्यकारिणी सदस्य प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम उपाध्याय, नरगिस, रणजीत सिंह, कैलाश कुमार, केदार सिंह व प्रीति शर्मा मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान संगठन के विरोध में उठे स्वर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** विकास खंड कपकोट में विगत मंगलवार को बनाए गए ग्राम प्रधान संगठन का कई ग्राम प्रधानों ने विरोध किया है। विरोध करने वाले प्रधानों का कहना है कि उन्हें बिना पूर्व सूचना के प्रधान पतियों ने संगठन बना दिया है। जबकि वास्तव में जो प्रधान है उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया है। ग्राम प्रधान चौनाला, पापोली, रीमा, रमाड़ी, कालापैरकापड़ी, चुचेर सहित अन्य ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने नव निर्वाचित संगठन का विरोध किया है। ग्राम प्रधान गोकुल सिंह, पुष्कर, नीमा, हरीश, राजेंद्र, गंगा, दीपा, नंदन, प्रेम राम, कविता आदि ने बताया कि जल्द नए ग्राम प्रधानों की एक बैठक आयोजित की जाएगी। जिसके बाद नया संगठन बनाए जाने पर चर्चा होगी।

# बच्चा मोबाइल छोड़कर मंदिर चला जाए तो समझो संस्कार जीत गए: उर्वशी बाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** उर्वशी दत्त बाली ने हिंदू वाहिनी संगठन के साथ नववर्ष 2026 की शुरुआत सनातन एकता के संकल्प के साथ की। संकल्प लिया गया कि सनातनी परिवारों और उनके बच्चों के साथ हर मंगलवार को किसी न किसी मंदिर के सामने एकत्र होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संकल्प से जुड़ते हुए अपने नाम दर्ज कराए और संकल्प लिया कि अगली मंगलवार हमारा है। सभी भक्तजनों से आह्वान किया गया कि वे अगले मंगलवार घर के बच्चों के साथ अवश्य आएँ और प्रभु श्री हनुमान जी की कृपा से यह श्रृंखला निरंतर और अटूट बनी रहे। उर्वशी दत्त बाली ने कहा प्रत्येक मंगलवार, सर्दियों में सायं लगभग 5.30 बजे, अपने घर के निकट स्थित किसी भी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। संकल्प की शुरुआत 6 जनवरी को मंगलवार के दिन शनि मंदिर परिसर, निकट नागनाथ मंदिर में उर्वशी दत्त बाली के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव आनंद तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष रुचिन शर्मा की अगुवाई में



संगठन के सदस्यों ने प्रभु श्री हनुमान जी के समक्ष यह संकल्प लिया कि प्रत्येक मंगलवार सभी सनातन धर्मावलंबी एकत्र होकर बजरंग बली के चरणों में उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोई बच्चा मोबाइल छोड़कर मंदिर आ जाए, तो समझिए संस्कार जीत गए। बच्चा वही करता है जो उसने अपने घर में देखा होता है, अपनी बचपन की जिंदगी को पीछे लौट कर देखें, आज हम जो पूजा पाठ कर रहे हैं, बचपन में हमारे मां-बाप ने सिखाया था।

# चिकित्सकों के जाने से मरीजों की बढ़ेंगी परेशानियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी से परेशानी झेल रहे मरीजों की दिक्कतें और बढ़ सकती है। जिले के विभिन्न सरक. ारी अस्पतालों में तैनात 40 से अधिक डाक्टर विशेषज्ञ बनने के लिए जाएंगे। ऐसे में खासकर दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। जिला मुख्यालय स्थित अस्पतालों समेत साम. ुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों का टोटा बना हुआ है। नियमित चिकित्साधिकारी के करीब 200 पद रिक्त हैं, वहीं विशेषज्ञ डाक्टरों के भी 100 पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में अब जिले के सरकारी अस्पतालों में तैनात 40 डाक्टरों ने उच्च शिक्षा के लिए आवेदन किया है। आवेदनों को स्वीकृति मिलने के बाद करीब 18 डाक्टर पीजी करने के लिए चले गए हैं। जबकि अन्य डाक्टर भी शीघ्र ही पीजी करने के लिए जाएंगे। ऐसे में पहले से ही डाक्टरों की कमी से परेशान विभाग और मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

जिले से 40 डाक्टरों ने उच्च शिक्षा के लिए आवेदन किया था। जिसमें से करीब 18 डाक्टर चले गए हैं। मरीजों को दिक्कत ना हो इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

**डा. नवीन चंद्र तिवारी, सीएमओ अल्मोड़ा।**

# विधायक चीमा ने किया टाइल्स रोड का शिलान्यास



शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने ग्राम बसई में नौ लाख की लागत से बनने वाली एक टाइल्स रोड का शिलान्यास किया। इस दौरान जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विधायक चीमा ने कहा कि संवाद के दौरान जनहित के कुछ आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिस पर विचार कर उन कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान ओमप्रकाश सैनी, नजीर हुसैन, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल, गुरमेल सिंह , मोहन सिंह, लखपत सिंह, बलराम सिंह, लखविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह, शिव स्वरूप सिंह सहित सम्मानित भाई बहन बुजुर्ग एवं मेरे युवा साथी उपस्थित रहे।

# बिल्डर पर फ्लैट पर कब्जा करने व रंगदारी मांगने का आरोप, मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** स्थानीय एक व्यक्ति ने शहर के एक बड़े बिल्डर पर उसके स्वामित्व वाले फ्लैट को जबरन कब्जा में लेने और 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी बिल्डर और उसके सहयोगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्टेडियम रोड, विनायक विला निवासी मनोज जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी रितु जैन के नाम एक 3बीएचके फ्लैट वेदांता हाइट्स, कटोराताल स्थित पांचवें तल पर खरीदा था, जिसका कब्जा अब भी उनका ही होना चाहिए था, लेकिन आरोप है कि बिल्डर ने इस फ्लैट पर अपना नियंत्रण जमा लिया और उसे दबंग लोगों को देने के लिए प्रेरित किया। मनोज का कहना है कि वे पहले इस बिल्डर और उसके साथियों के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। फरवरी 2024 में दोनों पक्षों के बीच व्यापार विवाद हुआ जिसके बाद मनोज ने उनके कार्यालय जाना बंद कर दिया।

उसके बाद उन्हें पता चला कि उनके फ्लैट में अंजान लोग रह रहे हैं, जिन्हें बिल्डर ने वहां भेजा था। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि जब मनोज ने बिल्डर से संपर्क किया तो उन्हें धमकाया गया और राजनीतिक प्रभाव का हवाला देते हुए कहा गया कि वे कुछ भी कर सकते हैं। आरोप है कि पिछले विवाद का बदला लेने के लिए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है। मनोज ने आगे कहा कि आरोपियों ने बार-बार कहा है कि अगर वे अपना फ्लैट खाली नहीं करते हैं और सेल डीड तथा चाबी वापस नहीं करते हैं तो उन्हें 20 लाख रुपये रंगदारी के रूप में देने होंगे। उन्हें डर है कि बिना कार्रवाई के मामला और बिगड़ेगा। मनोज जैन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शक्ति प्रकाश अग्रवाल और सत्यम अग्रवाल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 316(2), 318(4) तथा 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर एसआई कौशल सिंह भाकुनी को जांच सौंपी है।

## फुटपाथों पर वाहन स्वामियों व फड़ कारोबारियों का कब्जा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ने के चलते यहां वाहनों, दुकान तथा रेस्टोरेंट व फड़ों की संख्या बढ़ रही है जिसके चलते कई वाहन स्वामियों व लोगों ने यहां के फुटपाथों पर कबजा कर लिया है कहीं कारोबारियों ने फुटपाथ को पार्किंग स्थल बना दिया है तो कहीं फुटपाथ पर दुकान तथा रेस्टोरेंट व फड़ चलाए जा रहे हैं जिसके चलते स्थानीय लोगों व पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि नैनीताल में दिन प्रतिदिन पर्यटकों व बाहरी कारोबारियों की संख्या बढ़ने लगी है। इसके चलते अब नगर की फुटपाथों पर भी लोगों व कारोबारियों का कब्जा होने लगा है। तल्लीताल नया बाजार में लोग फुटपाथ पर सालों से दिन रात अपने वाहन पार्क कर रहे हैं। इसके चलते लोग सड़क में चलने को मजबूर हैं वहीं मल्लीताल क्षेत्र में तिबबती बाजार में पार्किंग की ओर से अवैध फड़ लगाए जा रहे हैं। न्यू पालिका बाजार में भी रेस्टोरेंट के आगे अतिक्रमण कर वहां कुर्सी मेज लगाई गई हैं इससे लोगों को आवाजाही करने में दिक्कतें होती हैं। वहीं देर शाम मालरोड किनारे फड़ लगने के बाद लागों को बीच सड़क चलना पड़ता है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बाद भी प्रशासन या पालिका का इस पर कोई ध्यान नहीं जिसके चलते आए दिन यहां के फुटपाथ गुम होते नजर आ रहे हैं। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि पालिका के साथ मिलकर फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा साथ ही वेंडिग जोन के अलावा किसी भी क्षेत्र में फड़ लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# बागेश्वर: उत्तरायणी मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर बुधवार को बागेश्वर जिला सभागार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला क्षेत्र की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और अग्निशमन जैसी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। जिला. धिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने और समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला आयोजन के दौरान



श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। विशेष रूप से पेयजल, शौचालय, सफाई और लाइटिंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मेला क्षेत्र में पार्किंग, हेल्प डेस्क, रेन बसेरों और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की बात भी की गई। साथ ही पुलिस विभाग को कानून व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के निर्देश दिए गए। बताया गया कि मेला के पहले दिन झांकियों के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित रहेगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर घोड़के और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# सड़क के लिए विधायक के कार्यालय में प्रदर्शन

**बागेश्वर।** ग्राम पंचायत लखमारा एवं ग्राम पंचायत पोथिंग के बीथी तोक तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को विधायक कपकोट के कार्यालय के समीप प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से सड़क की मांग को लेकर विभागों एवं जनप्रतिनिधियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। लेकिन उसके बाबजूद उन्हें आज तक सड़क सुविधा नहीं मिल पाई है। ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक सुरेश गढ़िया ने ग्रामीणों से वार्ता करते हुए कहा कि आगामी एक माह के अंतर्गत गैरखेत-लखमारा मोटर मार्ग का निर्माण और सुधारीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस सड़क को लेकर कई बार शासन एवं विभाग से वार्ता एवं भेंट कर चुके है। कुछ तकनीकी कारणों से सड़क निर्माण कार्य में विलम्ब हो गया था, लेकिन अब सभी समस्याओं के समाधान केबाद जल्द निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। विधायक ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विधान सभा में जहां भी सड़क की समस्या है उसे क्षेत्र में जल्द से जल्द मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को स्वीकृति दिलाकर प्रारंभ कराया जाए। विधायक ने ग्रामीणों को पूरा विश्वास दिलाया कि ग्राम पंचायत लखमारा एवं ग्राम पंचायत पोथिंग के बीथी तोक तक जल्द सड़क निर्माण एवं मरमत का कार्य शुरू होजाएगा। जिस पर ग्रामीणों ने विधायक गढ़िया का आभार जताया।

# कांग्रेसियों ने न्याय यात्रा निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** बहुचर्चित अंकिता हत्या कांड में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में न्याय यात्रा निकाली। यात्रा में पहुंचे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने शिर. कत की।

यात्रा में शामिल कार्यकर्ता हाथों में न्याय देने की मांग लिखे तख्त पकड़े स्टेशन रोड़ से होते हुए एसबीआई तिराहे से बागनाथ गली होते हुए नुमा. इश मैदान में पहुंची। यहां सभा का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे पैदल न्याय यात्रा शुरू हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग करते हुए, सरकार पर वीआईपी को बचाने का आरोप लगाया। नुमाइश मैदान में आयोजित सभा में पूर्व अध्यक्ष करन मेहरा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा अंकिता भंडारी हत्या मामले में पूर्व में भी पूरे गढ़वाल मंडल में रैली एवं जनसभाएं की थी। जिसके बाद सरकार को मजबूरन मामले में एसआईटी जांच करवानी पड़ी। लेकिन तब भी कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग रखी, इसके





अलावा मामले में वीआईपी का खुलासा कर उसे सजा दिलाने मांग की गई। उन्होंने कहा कि आज उनके ही पूर्व विधायक एवं उनकी पत्नी के ऑडियो में कई खुलासे हुए है, उसके बावजूद धामी सरकार जनता से सबूत देने की बात कर अपना पल्ला झाड़ रही है यू कहे वीआईपी को बचा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेटी अं. कता लोभ तक न्याय नहीं मिल जाता है संघर्ष करती रहेगी। इसी क्रम में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, गोपा धपोला, भगत डसीला, सुनील भंडारी, बसंत कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में जिले के सभी लोगों को उत्तराखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाने में अपनी अपनी भूमिका निभाने की बात कही। साथ ही अपरा. धियों को संरक्षण देने वाली ऐसी सरकार को भी सबक सिखाने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट द्वारा अपने संबोधन से किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश सरकार की इस नाकामी को जिले के घर घर तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को कपकोट में न्याय यात्रा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर राजेंद्र परिहार, गोपाल दत्त भट्ट, लोकमणि पाठक, बालकृष्ण, बलवंत नेगी, सुंदर गढ़िया, दिनेश कुमार, पूजा आर्या, पूर्व चेयरमैन गीता रावल, विनोद पाठक सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र टंगड़िया द्वारा किया गया।

## कपकोट में शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** प्रदेश सरकार की पहल पर आयोजित श्जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारश कार्यक्रम के तहत बुधवार को कपकोट विधानसभा क्षेत्र की शामा और सिमगड़ी न्याय पंचायतों में बहुउद्देश्यीय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में विभिन्न विभागों ने दूरदराज के क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया और उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिका. रियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। शामा इंटर कालेज में आयोजित शि. विर की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी कपकोट अनिल चन्याल ने की। सिमगड़ी न्याय पंचायत के इंटर कालेज स्यांकोट में भी शिविर आयोजित किया गया।

# अंकिता हत्याकांड को लेकर भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेस का पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** प्रदेश भर में अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर भाजपा पूरे प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ आंदोलनरत हो गई है। इसी के तहत बुधवार को काशीपुर में भाजपा नगर मंडल की तरफ से कांग्रेस पार्टी पर अंकिता के नाम पर राजनीति चमकाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया। उत्तराखंड प्रदेश में अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर राज्य भर में उर्मिला सनावर की ऑडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर हो रही थी लेकिन भाजपा ने भी अब कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

पुतला दहन के दौरान आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर अंकिता भंडारी के नाम पर ओछी



राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बीते रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अंकिता भंडारी मामले में पूर्णतः पक्ष स्पष्ट कर चुके हैं और पूर्व में इस मामले में आरोपी आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे हैं लेकिन फिर भी कांग्रेस इस मामले को लेकर ओछी राजनीति कर रही है। इस मौके पर पूर्व महापौर उषा चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, आशीष गुप्ता, मानवेंद्र सिंह मानस, श्याम मोहन, वैभव गुप्ता, धीरज वर्मा, भागीरथ शर्मा, दीपक अग्रवाल बंटी, अनिल यादव, राजकुमार यादव, अभिनव राजपूत, रेखा सक्सेना, रजत सिद्धू, राजीव ठुकराल, नितिन गोले, आशीष अग्रवाल, करन भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# 82 लाख की स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

- पुलिस से बचने के लिए तस्कर ने सिपाही पर चढ़ाई बाइक
- नानकमत्ता से हल्द्वानी बेचने के लिए ला रहा था स्मैक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वाहन चैकिंग के दौरान काठगोदाम पुलिस ने सटीक मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 82 लाख की स्मैक नानकमत्ता से हल्द्वानी सप्लाई को ला रहा तस्कर ने जब खुद को फंसता देखा तो तस्कर ने सिपाही पर बाइक चढ़ाने का प्रयास कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बाइक सवार तस्कर को दबोच लिया। जिसके पास से 275 स्मैक बरामद हुई। तस्कर ने बताया वह स्मैक की इतनी बड़ी खेप शातिर नानकमत्ता के बड़े ड्रग डीलर लाली नामक युवक से खरीद कर हल्द्वानी बेचने ला रहा था। बुधवार को बहुद्देशीय भवन में स्मैक तस्करी का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा रोजना अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते मंगलवार की रात काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मय टीम के साथ कुंवरपुर गौलापार क्षेत्र में वाहन चैकिंग कर रहे थे तभी पुलिस को मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक युवक बाइक से लाखो की स्मैक लेकर आ रहा है। जिसके बाद पुलिस ने तस्कर को पकड़ने के लिए गौलापार के कुंवरपुर में जाल बिछाना शुरू किया। सटीक सूचना पर पुलिस को एक बाइक सवार आता दिखाई दिया और उसे रोकने का इशारा किया। चेकिंग के दौरान जब तस्कर ने पुलिस को देखा तो मुड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन घात लगाए कांस्टेबल भानू, तस्कर के सामने आ गया। लेकिन तस्कर रुका नहीं। तस्कर ने भानू के ऊपर अपनी बाइक चढ़ा दी। लेकिन भानू को टक्कर मारने के बाद वो खुद भी बाइक समेत सड़क पर जा गिरा। इससे पहले वह भाग पाता पुलिस ने उसे वहीं पर दबोच लिया। जिसकी जामातलाशी के दौरान उसके पास से 275 ग्राम स्मैक बरामद की। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत लगभग 82 लाख 50 रुपए है। पुलिस पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम मंजीत सिंह पुत्र स्व. संतोक सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी थाना नानकमत्ता जिला उधमसिंह नगर बताया। उसने बताया कि बरामद स्मैक वो नानकमत्ता से लाली नाम के व्यक्ति से लाया था और हल्द्वानी बेचने जा रहा था। एसपी सिटी के अनुसार पकड़ा गया तस्कर मंजीत पहले भी एनडीपीएस के केस में पिथौरागढ़ से जेल जा चुका है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने गुडवर्क करने वाली टीम को ढाई हजार रुपए नगद पुरस्कार की घोषणा की है। टीम में मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार, कांस्टेबल भानु प्रताप, सुरेन्द्र, प्रेम प्रकाश शामिल रहे।

## नशीले इंजेक्शन के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए बनभूलपुरा पुलिस ने बीती रात्रि एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके पास से 26 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की रात्रि पुलिस टीम गश्त पर थी। तभी गौला पार्किंग रेलवे पटरी के नीचे एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जिसे पुलिस ने दबेचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 26 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अभिषेक आर्या पुत्र हिमांशु आर्या निवासी नारायण नगर कुसुमखेड़ा नियर राजकीय इंटर कालेज मुखानी बताया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रिक्शा चालक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक रिक्शा चालक की मौत हो गई। सुबह लोगों ने उसे रिक्शे पर लेटे और कंबल ढका पाया। कंबल हटाने पर देखा तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह उत्तर उजाला बनभूलपुरा निवासी जुबेर पुत्र रफीक अहमद ने रिक्शे पर लाश की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे अपने कब्जे में लिया और उसकी शिनाख्त राजपुरा नईबस्ती निवासी 45 वर्षीय रमेश उर्फ लल्ला के रूप में हुई। मृतक के राजपुरा नई बस्ती निवासी भाई अरुण ने शव की पहचान की है। बताया जा रहा कि रिक्शा चालक के मुंह से झाग भी निकल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## निरीक्षण: नशा मुक्ति केंद्र में मिली अनियमितताएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा-निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सीडी) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल पारुल थपलियाल ने एसडीएम नवाजिश खलिक, चिकित्सा विभाग के एसीएमओ डा. श्वेता भंडारी और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर हल्द्वानी के कमलावागंज स्थित कृपा ट्रस्ट पुनर्वास केंद्र नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कृपा ट्रस्ट नशा मुक्ति केंद्र में कई अनियमितताएं हैं। संस्था का नवीनीकरण नहीं कराया गया था और बिना वैध नवीनीकरण के ही इसका संचालन किया जा रहा था। केंद्र के परिसर में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई, और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का भी अभाव था, जिससे रोगियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## किशोर को कुचलने वाले ट्रक चालक पर मुकदमा

हल्द्वानी। बीते 5 जनवरी को नहर कवरिंग जगदंबानगर में एक मिक्चर ट्रक की चपेट में आकर 13 वर्षीय अर्जुन मौर्य की मौत हो गई। पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तल्ली बमौरी बंदोबस्ती निवासी ललित मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 5 जनवरी की शाम अपने छोटे भाई 13 वर्षीय अर्जुन मौर्य के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, जैसे ही वे जगदंबानगर के पास पहुंचे, तो सामने से एक मिक्चर मशीन ट्रक की चपेट में आ गया और कुचल कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अर्जुन को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## किशोर की मौत मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

- पांच जनवरी को मुखानी क्षेत्र में हुआ था हादसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिनों मुखानी क्षेत्र में एक बच्चे की मौत के बाद जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश करते हुए एडीएम विवेक रॉय को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। बता दें कि हल्द्वानी स्थित मुखानी क्षेत्र में नगर के मध्य निर्माणाधीन सड़क पर कार्यदायी एजेंसी द्वारा आवश्यक सुरक्षा उपायों के बिना गड्डे छोड़ने और कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा यातायात को जारी रखने के आदेश के परिणाम स्वरूप बीते 5 जनवरी को एक दुर्घटना घटित हुई, जिसमें एक किशोर की मौत हो गई। घटना के मद्देनज़र जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल ने इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच के लिए अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। जांच अधिकारी विवेक राय ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को दुर्घटना के कारणों से संबंधित जानकारी हो या उनके पास कोई मौखिक/लिखित बयान या साक्ष्य हो, तो वे आगामी सात दिनों के भीतर अपने बयान या साक्ष्य किसी भी कार्य दिवस में संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# अब पुलिस के रडार पर दरम्वाल गैंग

- हत्यारोपी अमित के मुंह से निकला था दरम्वाल गैंग
- कई संदिग्धों के नाम सामने आए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नितिन लोहनी हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है। हत्यारे पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू के बयान में दरम्वाल गैंग का नाम आने के बाद पुलिस अब इस गैंग के खिलाफ अपनी जांच तेज कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंग के सरगना समेत कई अन्य संदिग्धों के नाम सामने आए हैं, जिनसे पूछताछ की जाएगी। बता दें कि बीते रविवार 4 जनवरी की रात को पार्षद अमित बिष्ट ने अपने घर के बाहर नितिन लोहनी को गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के वक्त नितिन के साथ कमल भंडारी भी मौजूद थे, जिन्होंने पार्षद के घर की घंटी बजाई। पार्षद अमित ने अपने बेटे के साथ बालकनी में आया और बोला कि तू दरम्वाल गैंग से है ना, और इतना कहते ही आरोपी पार्षद अमित ने अपने लाइसेंसी शॉटगन से कमल पर फायर किया। इसके बाद दोनों भागे और पार्षद ने नितिन को गोली मारकर उसकी जान ले ली। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि हत्या से कुछ दिन पहले दरम्वाल गैंग के कुछ लोग पार्षद अमित बिष्ट के होटल में आए थे। होटल में पार्षद के बेटे जय और गैंग के लोगों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस अब इस गैंग के साथ इस हत्या के संभावित संबंधों की जांच कर रही है और जल्द ही गैंग के सदस्यों से पूछताछ की जाएगी।

## एफएसएल रिपोर्ट से होगा गोली की उत्पत्ति का खुलासा

हत्या में इस्तेमाल की गई पौनिया (शॉटगन) से नितिन की मौत हुई थी, लेकिन अब एक नया खुलासा हुआ है। पुलिस का कहना है कि जय भी इस हत्याकांड में शामिल था और संभवत: उसने अपने पिता की विदेशी पिस्टल से भी गोली चलाई हो। इसके अलावा, हत्यारोपी ने घटना को उलटने की कोशिश की थी और अपने घर पर भी फायर किया था, ताकि यह साबित कर सके कि पहले उसपर हमला हुआ था। पुलिस ने दोनों असलहों और उनके खोखों को एफएसएल जांच के लिए देहरादून भेजे दिए हैं, ताकि यह पता चल सके कि गोली किस हथियार से चली थी।

### अगर सुबूत नहीं मिले, तो क्राइम सीन री-क्रिएट होगा: एसपी सिटी

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि नीतिन हत्याकांड मामले में उनके पास हत्यारोपी अमित बिष्ट और उसके बेटे जय के खिलाफ पर्याप्त मात्रा में सुबूत हैं। साथ ही एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान के अलावा इलेक्ट्रॉनिक और वैज्ञानिक साक्ष्य भी टीम को मिले हैं। यदि जांच के दौरान कोई विरोधाभास सामने आता है या सुबूत मेल नहीं खाते, तो उसके बाद पुलिस हत्यारोपी अमित के खिलाफ कोर्ट से रिमांड मांगेगी, और उसके बाद हत्यारोपी को घटना स्थल पर ले जाकर क्राइम सीन को री-क्रिएट कराई जायेगी। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल की सीडीआर भी निकाली जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि घटना के दिन और उससे पहले आरोपियों के बीच क्या बातचीत हुई।

## अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने हल्द्वानी में हुए नितिन लोहनी हत्याकांड की घोर निंदा की है। संगठन के महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर में बढ़ते अपराधों से यह साफ नजर आता है कि जिला पुलिस का खुफिया तंत्र पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुका है। उनकी सुस्त कार्यप्रणाली के कारण अपराधों में इजाफा हो रहा है, जो कि चिंता का विषय है। संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वह अपराधों पर कड़ी कार्रवाई करें और अपराधी तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। इसके अलावा, खुफिया विभाग को मजबूत और सक्रिय किया जाए।इस दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण, राकेश गुप्ता, देवेश अग्रवाल, दीपक माहेश्वरी, कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज, पुरन लाल साह, चमन गुप्ता, कुंदन रावत आदि थे।

# कालोनीवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

- सड़क की मरम्मत को लेकर पहाड़ी आर्मी ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाराही कालोनी और पीलीकोठी वासियों ने सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए दिया ज्ञापन, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

हल्द्वानी। शहर की सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को पहाड़ी आर्मी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल के नेतृत्व में बाराही कालोनी और पीलीकोठी के लोगों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त ज्ञापन सौंपा। नगर आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में पहाड़ी आर्मी ने कहा कि शहर की अधिकांश सड़के पूरी तरह से टूट चुकी है और इसके कारण कालोनीवासी लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी के चलते मुखानी क्षेत्र में एक किशोर की मौत हो चुकी है। महिला जिलाध्यक्ष प्रेमा मेर ने बताया कि सड़कों पर पानी का भराव हो जाने से कीचड़ की समस्या बढ़ रही है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों के लिए चलना मुश्किल हो गया है। नगर अध्यक्ष भुवन पहाड़ी हिंदू ने कहा कि सड़कों पर छोटी-छोटी रोडी पड़ी हुई हैं, जिससे दो पहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग घायल हो चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग परियोजनाओं के लिए बार-बार सड़कों को नहीं खोदा जाए और समय पर कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो पहाड़ी आर्मी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग परियोजनाओं के लिए बार-बार सड़कों को नहीं खोदा जाए और समय पर कार्य पूरा किया जाए। ज्ञापन देने वालों में संजय वर्मा, लाल सिंह रावत, नंद किशोर कांडपाल, सुजान सिंह दसौनी, नवीन जोशी, शेर सिंह, प्रेमा पांडे, हेम जोशी, गिरीश लाल, कविता, गीता रावत, तारा दत्त पांडे, शोभा जोशी, ममता, हेमा पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीके स्पोर्ट्स ने जीता मुकाबला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच बुधवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और एचसीएफ के बीच खेला गया। डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 360 रन बनाए। रक्षित डालाकोटी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 102 गेदों में 175 रनों का योगदान दिया। एचसीएफ के गेंदबाज दिग्विजय सिंह ने 3, अनिरुद्ध तिवारी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीएफ की पूरी टीम 35वें ओवर में 134 रन बनाकर आल आउट हो गई, और 226 रनों से मैच हार गई। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज गुरसिमर ने 4, आयुष तिलारा और राकेश बिष्ट ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार रक्षित डालाकोटी के नाम रहा। अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और शिवम् पाण्डे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसो. के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आंनद बिष्ट, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, बीएल साह, रवि नेगी, मनोज जोशी, विकास गुणवंत, दिलीप रावत, अभिषेक कुमार मौजूद थे।

## अपराधी मानसिकता देवभूमि के लिए घातक: नवीन वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने हल्द्वानी महानगर में नितिन लोहनी की निर्मम हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देवभूमि की पवित्र भूमि पर अपराध के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। यह अपराध एक जनप्रतिनिधि द्वारा अंजाम दिया गया है, जिसने देवभूमि को कलंकित कर दिया। ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उत्तराखंड के व्यापारी समाज ने भी इस जघन्य हत्या की कड़ी निंदा की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की कि इस मामले की सुनवाई सही तरीके से की जाए, ताकि अपराधी को फांसी की सजा मिले।

**पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा: हल्द्वानी।** गौलापार में पहली जनवरी की रात हुई कार और पिकअप की टक्कर में बहेड़ी के व्यापारी रिजवान की मौत हो गई थी। काठगोदाम पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रिछा देवरनिया बरेली निवासी मो. इस्लाम ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनका बेटा रिजवान अपनी कार से कुछ दोस्तों के साथ हल्द्वानी गया था। उनके साथ सनाउर रहमान, अफजल, मो. इसरार और मुजाहिद मौजूद थे। जब उनकी कार खेड़ा गौलापार पहुंची, तभी एक पिकअप चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में उनके बेटे रिजवान की मौत हो गई, जबकि इसरार और अफजल घायल हो गए थे।

# बेंगलुरु में प्रशिक्षण लेंगे कुविवि के शोधार्थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के 6 पीएचडी शोधार्थी एवं दो शिक्षक सदस्य एक सप्ताह के विशेष उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु हेतु चयनित हुए हैं। यह कार्यक्रम देश के अग्रणी शोध संस्थान में प्रत्यक्ष प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

बता दें यह प्रशिक्षण एएनआरएफ-पेअर परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है जिसकी कुल लागत 100 करोड़ रुपएं है। इस राष्ट्रीय महत्वाकांक्षी परियोजना में आईआईएससी बेंगलुरु हब संस्थान है जबकि कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल इस परियोजना में चयनित स्पोक विश्वविद्यालयों में से एक है। यह पाँच दिवसीय हैंड्स ऑन कार्यशाला 11 से 15 जनवरी तक आयोजित की जाएगी जिसमें एकस रे विवर्तन एवं स्कैनिंग इलेट्रॉन माइक्रोस्कोपी जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुपयोगी उन्नत विश्लेषण तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में आईआईएससी के केंद्रीय प्रयोगशालाओं में विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान तथा आधुनिक उपकरणों पर प्रत्यक्ष प्रयोगात्मक प्रशिक्षण शामिल होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत ने कहा कि आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में हमारे शोधार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण मिलना कुमाऊँ विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं बल्कि शोध की गुणवत्ता अत्याधुनिक उपकरणों के कुशल उपयोग तथा अंतर संस्थागत अकादमिक सहयोग को भी सशक्त आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागी शोधार्थी एवं शिक्षक अपने-अपने विभागों में अर्जित ज्ञान और कौशल का प्रभावी उपयोग करते हुए विश्वविद्यालय की अनुसंधान संस्कृति को और अधिक समृद्ध करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की ओर से डा. महेश आर्य एवं डक्क संतोष के. उपाध्याय फैकल्टी प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग करेंगे जबकि शोधार्थियों में श्रेया जुकारिया, प्रियंका तिवारी, राहुल आनंद, अक्षय कंबोज, कुणाल जोशी एवं पंकज पंत शामिल होंगे।

## अच्छे शोध के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक सोच जरूरी

- यूओयू में आयोजित तीन दिवसीय शोध परियोजना कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र पंचम सेमेस्टर के शिक्षार्थियों के लिए 5 से 7 जनवरी तक तीन दिवसीय शोध परियोजना कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षार्थियों को सामाजिक शोध की वैज्ञानिक पद्धतियों, अकादमिक अनुशासन और परीक्षा प्रणाली से अवगत कराना था। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने गुणवत्तापूर्ण और मौलिक शोध पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि अच्छे शोध के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक सोच आवश्यक है। इस अवसर पर अकादमिक निदेशक पीडी पंत ने परीक्षा व्यवस्था और परियोजना मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में प्रो. डीगर सिंह फार्सवान ने एनईपी-2020 के अंतर्गत शोध की भूमिका को रेखांकित किया। समाजविज्ञान विद्याशाखा की निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश सहित विभागीय शिक्षकों और बाह्य विशेषज्ञों ने भी शिक्षार्थियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

# गोल्ज्यू पूजन के साथ उत्तरायणी मेले का आगाज

- स्टार नाइट में कलाकारों ने अपने गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में बुधवार को स्वस्ति वाचन, शगुन आंखर और गोल्ज्यू पूजन के साथ उत्तरायणी मेले (घुघुतिया त्यार) का आगाज हो गया है। मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर व मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड्वाल समेत पदाधिकारियों ने गोल्ज्यू पूजन के बाद उत्तरायणी मेले का शुभारंभ किया। पूजन में संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर व बीना कुंवर और अधयक्ष खड़क सिंह कुंवर व गीता बगडवाल यजमान की भूमिका में रहे। दोपहर बाद मंच में कुमाऊंनी भाषा में नाट्य प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें देवभूमि एकेडमी प्रथम व एपीएस लामाचौड़ द्वितीय स्थान पर रही। देर शाम सांस्कृतिक संध्या में अमित गोस्वामी ने कैले बजे मुरुली, पी जाओ-पी जाओ ठंडो पाणी..., जैसे गीत से समा बांध दिया। जबकि हरेंद्र कठायत ने न्यौली, उत्तराणी त्यार आयी, मेरा हाथ चूड़ियां अंजू बाजनी छम, ओ मेरी पर्मिला तू समझी रहो जान, बन जाली भौजी घास काटन और झोड़ा हाथ दातुली कमर जोड़ी सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ लक्ष्मण सिंह लमगड़िया ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के महोत्सव कुमाऊंनी संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं।

साथ ही युवा पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और सभ्यता को समझने को मौका मिलता है। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने बताया कि मेले में 15 जनवरी तक रोजाना कुमाउंनी संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित कार्यक्रम होंगे। जिसमें कुमाऊं भर से लोक कलाकार प्रतिभाग कर रहे है। इस मौके पर हुकुम सिंह कुंवर, खड़क सिंह बगडवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, देवेन्द्र तोलिया, त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, भुवन चंद्र जोशी, धन सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, मोहन सिंह बोरा, हेम चंद्र भट्ट, तरूण नेगी, ललित बिष्ट, पुष्पा सम्मल, ऋतिक आर्या, संदीप भैसोड़ा, चंद्रशेखर परगांई, नीरज बगडवाल, कमल किशोर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## धर्म की रक्षा के लिए हर युग में अवतार लेते हैं भगवान: जोशी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति हल्द्वानी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को कथा व्यास डा. नवीन चंद्र जोशी ने धर्म की रक्षा के विषय में महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि भगवान हर युग में धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। उदाहरण के तौर पर भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान ने नृसिंह अवतार लिया। इसी तरह वामन अवतार में भगवान ने राजा बलि का उद्धार किया और श्रीराम अवतार में भगवान ने धर्म की स्थापना की। कथा के दौरान वरिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति महाराज ने भी अपने दिव्य प्रवचन से श्रोताओं को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जीवन में सुधार के लिए नित्य सत्संग में भाग लेना चाहिए। आज के आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में सोबन सिंह बिष्ट, अंकुर जोशी, डा. एसडी तिवारी, दयाकिशन पांडेय और अरविंद नेगी ने पूजन किया। वहीं आचार्य प्रमोद जोशी, प्रकाश जोशी, हेम चंद्र जोशी और पं. गोविंद बल्लभ जोशी ने वैदिक विधि से पूजन कर इस दिव्य आयोजन को और भी प्रभावी बना दिया।

## युवती ने कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने युवक पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी युवती ने शिकायत करते हुए कहा है कि एक युवक जिसको वह स्कूल समय से जानती हैं, जिसके साथ वह डेट पर थी। एक विवाद की घटना के बाद उससे संबंध समाप्त कर दिए लेकिन इसके बावजूद युवक लगातार मुझसे बात करने तथा मिलने का दबाव बनाता रहा। बार-बार मना करने पर भी वह जबरजस्ती करता है। वह प्रतिदिन सैकड़ों बार अलग-अलग मोबाइल नंबरों का उपयोग कर फोन करता है। युवक ने कई बार घर पर बिना सूचना के आकर उसको परेशान किया है तथा उसके घर के बाहर खड़े होकर प्रतीक्षा भी की है। युवती ने युवक पर सार्वजनिक स्थानों पर रोकने का भी आरोप लगाया है। जिसके चलते वह मानसिक तनाव और भय में है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धार्मिक स्थलों से हो रहे ध्वनि प्रदूषण पर महापौर का कड़ा रुख

## नियमों का उल्लंघन करने वाले धार्मिक स्थलों पर होगी कार्रवाई

- बस्तियों से मिल रही शिकायतों पर महापौर ने लिया संज्ञान
- महापौर ने एसएसपी से की वार्ता, नियमों का होगा कड़ाई से पालन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर की बस्तियों में लाउडस्पीकर से हो रहे ध्वनि प्रदूषण और नियमों के उल्लंघन को लेकर महापौर विकास शर्मा ने सख्त तेवर अपना लिए हैं। पिछले कुछ दिनों से मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए महापौर ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से विस्तृत वार्ता की और धार्मिक स्थलों पर नियमों के विरुद्ध बज रहे लाउडस्पीकरों पर कार्यवाही का अनुरोध किया।

महापौर विकास शर्मा से विभिन्न बस्तियों के लोगों ने शिकायत की थी कि विशेषकर मस्जिदों पर नियमों के विपरीत उच्च क्षमता के लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। इनसे होने वाला शोर न केवल सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन्स का उल्लंघन कर रहा है, बल्कि बच्चों की शिक्षा, बुजुर्गों और मरीजों की शांति में भी गंभीर व्यवधान डाल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से वार्ता की।

उन्होंने कहा कि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ध्वनि प्रदूषण नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। महापौर के हस्तक्षेप के बाद एसएसपी ने तत्काल अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे धार्मिक स्थलों को चिन्हित करें जहाँ नियमों की अनदेखी हो रही है। महापौर विकास शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहा हमारा उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि कानून का पालन सुनिश्चित करना है। महापौर ने कहा हाईकोर्ट और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। दिन के समय भी ध्वनि की तीव्रता निर्धारित डेसिबल सीमा के भीतर होनी चाहिए। उन्होंने काह कि शहर में नियमों के विरुद्ध लगे लाउडस्पीकर हटाए जाएंगे। एसएसपी ने आश्वा. सन दिया है कि पहले संबंधित पक्षों को चेतावनी दी जाएगी और यदि इसके बावजूद सुधार नहीं हुआ, तो लाउडस्पीकर उतारकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने सभी धर्मगुरुओं और प्रबंधन समितियों से अपील की है कि वे सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए स्वेच्छा से मानकों का पालन करें, ताकि शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे।

# संदिग्ध हालातों में फंदे पर लटका मिला युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में बरेली का युवक महिला किराएदार के कमरे में दुपट्टे के फंदे पर झूलता मिला। घटना की जानकारी पर आस पास के लोगों ने दरवाजा तोड़ उसे सीएचसी किच्छा में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बरेली यूपी के सुभाष नगर बेनीपुर निवासी 22 वर्षीय अभिषेक कुमार पुत्र अरविन्द किच्छा के बंडिया क्षेत्र में किराए पर रहकर सिडकुल की एक कम्पनी में नौकरी करता था। परिजन किसी मामले को लेकर उसे अपने साथ बरेली वापस ले गए। पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम वह बरेली से किच्छा आया और अपने पुरानी मकान मालिक जमीला बेगम के घर पर किराए पर रहने वाली महिला के कमरे में गया। इस महिला के पति ने उसे छोड़ रखा है। जब युवक वहां पहुंचा तो इस दौरान वह महिला कही काम से गई थी। कमरे का दरवाजा खुला देख वह अंदर कमरे में गया और उसे अंदर से बंद कर लिया। शाम को जब महिला वापस आई तो कमरा अंदर से बंद देख उसने दरवाजा खटखटाया, परंतु कोई जवाब नहीं मिला। जिस पर जब खिड़की से अंदर झांका तो युवक को दुपट्टे के फंदे पर लटका देख उसके होश उड़ गए। उसके हल्ला मचाने पर मकान मालिक जमीला बेगम का पुत्र नाजिर मौके पर पहुंचा और वहां आकर कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। वहां मौजूद लोग उसे सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। रात को सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस सूत्रों की मानें तो मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# धान पोर्टल पर नहीं चढ़ने के विरोध में किसानों ने अग्रिम रणनीति पर चर्चा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

भाकियू की बैठक में बुधवार को एसडीएम से पुनः मुलाकात पर बनी सहमति

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के सदस्यों/पदाधिकारियों ने किसानों से जुड़ी समस्यांओ के समाधान के लिए जसपुर मंडी गेस्ट हाऊस में पुनः एक आम बैठक की। इस दौरान उन्होंने तय किया कि सहकारी क्रय केंद्रों पर तौले गए आफ लाइन धान को यदि बृहस्पतिवार तक पोर्टल पर नहीं चढ़ाया गया तो अगले दिन वे फिर से धरना देंगे। मंडी समिति सभागार में एकत्रित किसानों ने तय किया कि बुधवार के दिन एसडीएम अभय प्रताप सिंह से मुलाकात कर पूर्व में धान की तौल में हुई धांधली की जांच रिपोर्ट और धान खरीद के भुगतान के बारे में जानकारी ली जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ किसानों का सहकारी केंद्रों पर ऑफ लाइन धान तौला गया था। जो पोर्टल पर चढ़ने से रह गया है। इस संबंध में एसडीएम से वार्ता की जाएगी, जिसमें किसानों से जुड़े मुद्दों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, कुमाऊं उपाध्यक्ष जगजीत भुल्लर, अमनप्रीत सिंह, सुखदीप सहोता, सुखभीर भुल्लर, कुलदीप सिंह, बलजीत सिंह, वीर सिंह, राजेश कुमार, जागीर सिंह समेत दर्जनों किसान शामिल रहे।

# हरिका एक्यूप्रेशर हैल्थ केयर सेंटर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हरिका एक्यूप्रेशर हैल्थ केयर सेंटर का क्षेत्रीय विधायक भुवन चन्द्र कापड़ी ने रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इसके ऑनर हरि किशन लाल ने बताया वार्ड 14 प्रेम टॉकीज वाली गली में लोगों की एक्यूप्रेशर की दिक्कतों को जैसे गैस, माइग्रेन, सर्वाइकल, डायबिटीज, ब्लूडप्रेशर, साइटिका, पीठ का दर्द, रीड की हड्डी का दर्द, पैरों का दर्द, घुटने का दर्द, शरीर के जोड़ों का दर्द, लकवा, फोजन सोल्डर, किडनी की पथरी आदि की परेशानी से निजात दिलाने के लिए हरिका एक्यूप्रेशर हैल्थ केयर सेंटर का क्षेत्रीय विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने उद्घाटन किया। जिसमें लोगों की सभी परेशानियों का जड़ से इलाज किया जाएगा। हरि किशन लाल ने बताया कि उनकी टीम में चार एक्सप्रेस थैरेपिस्ट हैं। सुधीर कुमार (बिहार), पुष्पा चौहान (नोएडा), अनुराग गुप्ता व अजय कुमार दिल्ली से हैं। भुवन चंद्र कापड़ी ने हरिका एक्यूप्रेशर हेल्थ केयर सेंटर को लोगों के लिए कारगर बताते हुए हेल्थ केयर सेंटर से बिना दवाइयां के लाभ लेने की उन्होंने इसके लिए हरिकिशन लाल एवं संरक्षक राम भरोसे लाल को बधाई दी। उन्होंने कहा जो भी लोग इन परेशानियों से गुजर रहे हैं, यह उनके लिए कारगर साबित होगा। इस अवसर पर दीपक मुडेला, अनिल बत्रा, हरीश बत्रा आदि मौजूद थे।



# बंद फ्लैट का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर के अंतर्गत पॉश इलाके मेट्रोपो. लिस सोसाइटी में चोरों ने एक बंद फ्लैट को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर दी। पीड़िता ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मेट्रोपोलिस सोसाइटी के टावर ए-5 (रूम नंबर-4) निवासी सूची तिवारी पत्नी मुकुल पांडे बीते 25 दिसंबर 2025 को शाम करीब 5:30 बजे अपने फ्लैट पर ताला लगाकर हल्द्वानी स्थित अपनी ससुराल गई थीं। जब वह वापस लौटीं, तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। चोरों ने फ्लैट के भीतर दाखिल होकर अलमारी का लॉकर तोड़ दिया था। पीड़िता ने बताया कि लॉकर में रखे एक जूट के बैग में तीन अंगूठियां (एक गोल्ड, एक डायमंड और एक त्रिकोणीय मोती वाली गोल्ड रिंग), सोने के दो पेंडेंट, कान के झुमके, चांदी की पाजेब, बिछुए और करीब 3 हजार रुपये की नकदी रखी थी, जिसे चोर उड़ा ले गए। पीड़िता ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित तहरीर सौंपी। पंतनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। बंद फ्लैट में हुई इस चोरी से सोसाइटी के अन्य निवा. सियों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त है।

# महापौर की पहल पर मस्जिदों से उतरे लाउडस्पीकर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर में ध्वनि प्रदूषण को रोकने और उच्च न्यायालय के आद. ेशों का सख्ती से पालन कराने के लिए महापौर विकास शर्मा के संज्ञान पर नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। टीम ने शहर की विभिन्न मस्जिदों में निर्धारित डेसिबल से अधिक आवाज में बजाए जा रहे लाउडस्पीकरों को उतरवा दिया। इस दौरान धार्मिक संस्थाओं को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में मानकों का उल्लंघन हुआ तो और भी वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

बता दें कि पिछले कुछ समय से विभिन्न बस्तियों के नागरिकों द्वारा महापौर विकास शर्मा को शिकायतें मिल रही थीं कि कई धार्मिक स्थलों पर मानकों के विपरीत अत्यधिक तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रें का प्रयोग किया जा रहा है। जनहित के इस संवेदनशील मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए महापौर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से वार्ता की और शहर में शांति व्यवस्था एवं मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अभियान चलाने को कहा। महापौर के हस्तक्षेप के बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अधीनस्थों को उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद कोतवाली पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने खेड़ा स्थित चांद मस्जिद, सीरगोटिया मस्जिद और पहाड़गंज स्थित विभिन्न मस्जिदों में सघन चे. कंग की। जांच के दौरान जहां भी लाउडस्पीकर निर्धारित डेसिबल की सीमा से ऊपर पाए गए, उन्हें तत्काल मौके पर उतरवा दिया गया। कार्रवाई के दौरान उपनिरीक्षक अनिल जोशी, नगर निगम के जेई शिखर ओझा, जसवीर आदि समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# ज्वलंत मुद्दों पर सीएम बुलाएं विशेष सत्रः कापड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि प्रदेश में उठ रहे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री को विधान सभा का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। इसके लिए मुख्यमंत्री को पत्र भी दिया गया है।



पत्रकारों से बातचीत करते प्रदेश विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि प्रदेश आज अनेक गंभीर व जनहित से जुड़े कई मुद्दों से जूझ रहा है। जिससे राज्यवासियों में चिंता व असंतोष है। उन्होंने कहा कि आज से कई दशक पूर्व तत्कालीन सरकार ने कई गरीब लोगों को वनभूमि में बसाकर उन्हें खेती व रोजगार करने के अवसर दिये थे, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले। ऐसे लोगों को वनवासी का दर्जा दिया गया। श्री कापड़ी ने कहा कि वर्ष 1980 में कई राज्यों में ऐसे कई ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा भी दिया गया। लेकिन राज्य गठन के बाद उत्तराखण्ड इसमें पीछे रहा गया। आज भाजपा सरकार ऐसे लोगों को वनभूमि पर अतिक्रमणकारी बताकर उनके खिलाफ मुहिम चला रही है, जबकि करीब 28 विभाग ऐसे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। वनभूमि पर बसे लोगों को आज तक भूमि अधिकार नहीं मिल पाये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर अवस्था में पहुंच गई है। लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार, नशा कारोबार, खनन आदि अपराध लगातार बढ़ते जा रहे है। श्री कापड़ी ने कहा कि अनेक संगीन मामलों में भाजपा के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों पर भी आरोप लगाये गये हैं। निश्चित रूप से ऐसे आरोपियों को सरकार का संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की लगातार मांग कर रही है। ताकि दोषियों को सजा मिल सके । लेकिन भाजपा सरकार इससे पीछे हट रही है। श्री कापड़ी ने कहा कि जब संविधान की धाराएं बदलने के लिए लोकसभा का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है तो प्रदेश के ज्वलंत जन मुद्दों पर चर्चा के लिए सत्र क्यों नहीं बुलाया जा सकता? उन्होंने कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने के लिए जनमानस द्वारा की जा रही सीबीआई जांच की मांग का कांग्रेस समर्थन कर आन्दोलन कर रही है। वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष ममता रानी, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, संदीप चीमा, सीपी शर्मा, संजीव रस्तोगी, अर्जुन विश्वास, उमा सरकार, अनिल शर्मा, योगेश चौहान आदि भी मौजूद थे।

# चेकिंग के दौरान देशी शराब के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान एक युवक को 55 पाउच देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि मंगलवार देर रात उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान चौकी रम्पुरा चीता में तैनात कांस्टेबल द्वारा सूचना दी गई कि पीडब्लूडी गेस्ट हाउस रोड पर एक व्यक्ति के पास शराब है। जिसे वह अवैध रूप से बेचने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक को नीले-ग्रे रंग के पिठ्ठू बैग के साथ रोका गया।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम पंकज कोली निवासी रम्पुरा वार्ड नंबर 22 रुद्रपुर बताया। बैग की तलाशी लेने पर एक पेटी में कुल 55 सीलबंद पाउच देसी शराब बरामद हुई, जिन पर उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए अंकित था। युवक खिलाफ आबकारी अधिनियम मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# शिविर के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वाधान में जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर सचिव व सिविल जज योगेंद्र कुमार सागर के निर्देश पर इस शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। जहां जन जन की सरकार जन जन के द्वार शिविर कार्यक्रम में अपना स्टॉल लगा और कैंप का आयोजन किया जिसमें उपस्थित जनता को जागरूक किया गया इस दौरान पीएलवी मोहम्मद सहीद ने उपस्थित लोगों को बताया कि ड्रग्स के दुरूपयोग और इसके दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जानकारी दी खासकर युवाओं को बताया कि नशा एक बुरी आदत है। पीएलवी शिवानी दीपक ने लोगों को बताया कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों को विधिक सेवाएं प्रदान करना विधिक सेवा प्राधिकरण का काम है ताकि उन्हें न्याय मिल सके और उनके अधिकारों की रक्षा हो सकने को लेकर जागरूक किया। नशा उन्मूलन को बढ़ावा देना और समाज को ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना उनका काम है।

इस मौके पर एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, राजेश कुमार, गौरव शर्मा, टिंकू यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सरकारी सम्पत्तियों से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर एडीएम ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने विभागों की भूमि/परिसम्पत्तियों से अतिक्रमण हटाये जाने हेतु जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ जिला सभागार में समीक्षा बैठक की।



डीएम ने कहा कि जिन विभागों द्वारा अभी तक विभागीय परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पंजिका नही बनाया है वे सभी विभाग 15 दिन के भीतर सम्पत्ति पंजिका बनाते हुए परिसम्पत्तियों की जीआईएस मैपिंग एवं निर्धारित एप पर पोलीगन तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा पोलीगन तैयार कर लिया गया वे समय-समय पर निर्धारित एप पर पोलीगन अपडेट भी करते रहे ताकि शासन स्तर पर वास्तु स्थिति से पता चलते रहे।

उन्होंने कहा कि जिन विभागों के परिसम्पत्तियों पर अतिक्रमण है वे तत्काल अतिक्रमण हटाते हुए विभागीय सम्पत्ति पर अतिक्रमण नहीं है का प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि किस विभाग के नाम कितनी भूमि दर्ज उसका परीक्षण कराते हुए एक माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि विभागीय परिसम्पत्तियों का प्रबन्ध और अधिक कुशलता से हो ताकि सम्पत्तियों का बेहतर ढंग से उपयोग किया जा सके।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय संपत्ति प्रबंधन का उद्देश्य विभागीय संपत्तियों का सही से ध्यान रखना, उनका प्रबंधन करना, उनका उपयोग करना है ताकि किसी भी दशा में अतिक्रमण न हो सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किस परिसम्पत्ति को किस कार्य में लाया जा सकता है, उसकी भी वस्तुसूची तैयार की जाये। उन्होने नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निकाय क्षेत्रों में निरंतर अतिक्रमण हटाते रहे ताकि सड़क, नाली, नालों पर किसी प्रकार का अतिक्रण न हो सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, महाप्रबंधक उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड निर्मला बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, एसीएमओ डा. हरेन्द्र मलिक, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, एएस नेगी, जल निगम सुनील जोशी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जातवेद पाण्डे, जीआईएस एक्पर्ट पिंकेश सिंह रावत आदि मौजूद थे एवं उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नगर निकाय के अधिकारी वर्चुल माध्यम से जुड़े थे।

# वेतन नहीं मिलने से रोडवेज कर्मचारियों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बुधवार को लंबे समय से वेतन नहीं मिलने पर रोडवेज कर्मचारी संगठनों ने आक्रोश जताया। उन्होंने रोडवेज कर्मचारियों को वेतन दिये जाने की मांग की है।

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ट्रैफिक शाखा रुद्रपुर के अध्यक्ष धर्मपाल कंबोज और शाखा मंत्री कौशल यादव ने रोडवेज कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिए जाने आक्रोश जताते हुए कहा कि नियमित कर्मचारियों को दो माह का वेतन अभी तक नही मिला है और विशेष श्रेणी और संविदा कर्मचारियों को एक माह का वेतन नहीं मिल पाया है। यूनियन लंबे समय से कर्मचारियों को समय पर वेतन दिये जाने की मांग कर रहा है, लेकिन रोडवेज प्रबंधन समय पर वेतन नहीं दे रहा है। समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यूनियन ने प्रत्येक माह की सात तारीख तक कर्मचारियों को वेतन दिए जाने की मांग की है।

# छात्रों और बेहतरीन एथलीटों को किया गया सम्मानित

**टाइम्स संवाददाता**




**रामनगर।** नेचर बायो फूड्स रामनगर किसान परियोजना ने कोटाबाग, रामनगर और बेतालघाट ब्लॉक के सरकारी स्कूल के छात्रों और बेहतरीन एथलीटों को सम्मानित करने के लिए एक स्कॉलरशिप और स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का मकसद बेहतरीन एकेडमिक परफॉर्मेंस और खेल में शानदार प्रदर्शन को पहचानना और बढ़ावा देना है, खासकर उन छात्रों को जो इस प्रोजेक्ट की ऑर्गेनिक खेती की पहल से जुड़े किसान परिवारों से हैं। इस कार्यक्रम के जरिए, नेचर बायो फूड्स रामनगर क्षेत्र में ग्रामीण विकास और युवा सशक्तिकरण के मुख्य स्तंभों के रूप में शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। इस दौरान प्रोजेक्ट के अध्यक्ष बहादुर सिंह, प्रोजेक्ट इंचार्ज वीरेंद्र कुमार, प्रधानचार्य ममता गुप्ता आदि मौजूद रहें।यह कार्यक्रम छात्रों और समुदाय को प्रोत्साहन के एक मजबूत संदेश के साथ सम्पन्न हुआ, जो शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के माध्यम से समग्र और स्थायी विकास को बढ़ावा देने के नेचर बायो फूड्स के विजन को मजबूत करता है।

# भाजपा महिला ने अंकिता भंडारी के अपमान को लेकर कांग्रेस का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कांग्रेस द्वारा अंकित भंडारी केस में सीबीआई जांच मांग की आड़ लेकर पहाड़ की बेटी को मोहरा बना मृत बेटी का लगातार अपमान करने से नाराज भाजपा महिला कार्यकर्ताओं/संगठन मोर्चा ने भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया।

मीडिया से रूबरू होते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल ने बताया कि अंकिता भंडारी पूरे प्रदेश की बेटी है जिसकी मृत्यु का सभी प्रदेशवासियों को मलाल है विगत कुछ समय से कांग्रेस के पास कोई अन्य मुद्दा न होने के कारण दो ऐसे व्यक्तियों की बातों को आगे रखकर कांग्रेस द्वारा सीबीआई मांग कर बीजेपी संगठन पदाधिकारियों/मंत्रियों पर बड़े आरोप लगाए जा रहे हैं जिसको लेकर कांग्रेस जगह-जगह धरना प्रदर्शन कर पहाड़ कि मृत बेटी का अपमान कर रही है। कांग्रेस के इस कृत्य को लेकर प्रदेश की महिलाएं व युवा शक्ति आक्रोश में है क्योंकि अंकित भंडारी इस राज्य की बेटी थी जिसके न्याय के लिए मुख्यमंत्री धामी द्वारा त्वरित ईमानदार अधिकारियों की एस आई टी गठित कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया था जो इस समय उम्र कैद की सजा काट रहे हैं परंतु ऐसा लगता है कि कांग्रेस द्वारा इस प्रकार के कृत्य से उन अपराधियों बलात्कारियों को बचाने के प्रयास किया जा रहे हैं जो न प्रदेश हित में है ना उसे बेटी के न्याय के हित में है उन्होंने कांग्रेस पर सीधा-सीधा हमला बोलते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी दो ऐसे व्यक्तियों की बातचीत को मुद्दा बना रही है जिनकी बात का कोई अस्तित्व है ही नहीं जो बातचीत में बेटी अंकित भंडारी द्वारा आत्महत्या करना भी बता रही है बीजेपी सरकार ने जो सही था बही किया और दोषियों को सजा दिलाई कांग्रेस का यह झूठ प्रचंड ज्यादा दिनों चलने वाला नहीं है वह सत्ता के लिए जनता को गुमराह करना चाह रही है जो कि सरासर गलत है और हम सब एकमत होकर इसका विरोध करते हैं इसी विरोध प्रदर्शन को मध्य नजर रखते हुए आज महिला संगठन मोर्चा /भाजपा पदाधिकारियों/ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस का पुतला दहन किया गया है और कांग्रेस को होश में आने की बात कही गई।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोजपाल, नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, रवि मनी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेश प्रजापति, भाजपा नेत्री अनीता पवार, भाजपा नेता अशोक खन्ना, ललित शर्मा समेत दर्जनों महिला मातृशक्ति शामिल रही।

# एक ही छत के नीचे ग्रामीणों को दी गई सभी सेवाएं

- बहुउद्देशीय शिविर में 82 समस्याएं हुई पंजीकृत, 14 का मौके पर ही निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जन जन की सरकार जन-जन के द्वारा अभियान के तहत इंडो नेपाल सीमा से लगे शाहिद हरि किशन शिक्षण संस्थान अशोक फॉर्म बगुलिया के परिसर में एक एक विशाल बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने किया तथा कार्यक्रम में दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जल संस्थान, पेयजल विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग, समाज कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास, विद्युत विभाग एवं पंचायती राज विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे जहां उन्होंने स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानक. ारी ग्रामीणों को देकर जागरूक किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी सहित स्थानीय प्रशासन की टीम ने सभी स्टालों का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में 1538 लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 655 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण, होम्योपैथिक द्वारा 79 तथा आयुर्वेदिक द्वारा 109 लोगों का परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया व 52 निशुल्क एक्स-रे भी किए गए। शिविर में 21 आयुष्मान कार्ड व श्रम विभाग द्वारा 16 श्रम कार्ड बनाए गए। पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का जनता के द्वार जाकर समाधान करना है ताकि जनता को अनावश्यक विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, रविंद्र राणा, नंदन सिंह खड़ायत,दान सिंह रावत, सतीश भट्ट, मनोज बाधवा, राहुल सक्सेना, उप जिला अधिकारी तुषार सैनी, तहस. ीलदार वीरेंद्र सजवान, नोडल अधिकारी मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, ईईएमआई सुशील कुमार, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी, राजेश दुर्गापाल, व्योमा जैन, राजेश मेहता, संदीप सैनी सहित अन्य विभागों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# वन चौकी का घेराव व धरना प्रदर्शन नौ को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में विगत दो जनवरी को ग्राम सांवल्दे निवासी सुखिया को मारने वाले आदमखोर टाइगर को नहीं पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए नौ जनवरी शुक्रवार को सांवल्दे पूर्व में स्थित वन चौकी का घेराव कर धरना प्रदर्शन की घोषणा की है।

सांवल्दे पश्चिम में संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में हुई बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि कॉर्बेट प्रशासन ने मौके पर पिंजरा तो लगा दिया है लेकिन वह टाइगर को पकड़ने के गंभीर प्रयास नहीं कर रहा है यही कारण है कि टाइगर गांव के आसपास घूम रहा है और वह अन्य किसी को भी अपना निवाला बना सकता है।बैठक में महेश जोशी ने कहा कि कॉर्बेट पार्क का क्षेत्रफल 13 सौ वर्ग किलोमीटर है जिसकी 65 टाइगर की धारण क्षमता है लेकिन इसमें 260 से अधिक टाइगर हैं। उन्होंने कहा कि धारण क्षमता से अधिक टाइगर तत्काल नहीं हटाए गए तो लोग इसी तरह से मारे जाते रहेंगे। यहां ग्राम प्रधान धर्म सिंह, तुलसी बेलवाल, कौशल्या चुनियाल, जानकी पांडे, राशिद हुसैन, सिकंदर, मंगली देवी, प्रताप सिंह, इंदर सिंह, तुलसी जोशी, गंगा देवी, सुनीता देवी, तारा देवी सुनीता देवी विमला देवी, मंजूदेवी, आशा जोशी आदि शामिल रहे।

# उप जिला चिकित्सालय में नेत्र चिकित्सा की नई रोशनी

**80-90 वर्षीया वृद्ध महिलाओं को मिला नया जीवन, 13 सफल नेत्र ऑपरेशन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** उप जिला चिकित्सालय में नागरिक सुविधाओं का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान के नेतृत्व में जिले के सबसे बड़े चिकित्सालय को आधुनिक और जनोपयोगी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब यहां सफल नेत्र ऑपरेशन नियमित रूप से होने लगे हैं।

वीगत दिवस चिकित्सालय में 80 वर्ष से अधिक आयु की 13 वृद्ध महिलाओं के सफल नेत्र ऑपरेशन किए गए। आंखों की रोशनी चली जाने के कारण जिन महिलाओं के लिए जीवन का हर पल बोझ बन गया था, उन्हें अब दोबारा दुनिया देखने का सौभाग्य मिला है। नेत्र सर्जन डॉ. विराज राठी की कुशलता और अनुभव ने इन बुजुर्ग महिलाओं के जीवन में फिर से उम्मीद की किरण जगा दी। ऑपरेशन के बाद निराशा से घिरी ये महिलाएं मुस्कान और आत्मविश्वास के साथ अपने घर लौटीं। डॉ. राठी ने बताया कि इन महिलाओं को अस्पताल तक लाने और ऑपरेशन के बाद सुरक्षित घर पहुंचाने में समाज कल्याण विभाग का सराहनीय सहयोग रहा।

डॉ. राठी के अनुसार 13 जनवरी को इस चिकित्सालय में एक और विशेष नेत्र शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जरूरतमंद मरीजों को घर से लाने और ऑपरेशन के बाद घर तक छोड़ने की समुचित व्यवस्था की गई है। इधर, मरीजों के तीमारदारों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने चिकित्सालय में तीमारदारों के विश्राम हेतु चार बेड लगाने के निर्देश दिए हैं।

इससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी। आज ऑपरेशन कराकर लौटीं 90 वर्षीया जीवंती आमा और शांति आमा ने भावुक होकर डॉ. विराज राठी को आशीर्वाद दिया और कहा कि अब जीवन फिर से

# पॉलीहाउस निर्माण में देरी पर डीएम सख्त, एजेंसी से मांगी प्रगति रिपोर्ट

**नाबार्ड आरडीएफ योजनांतर्गत पॉलीहाउस निर्माण की समीक्षा**

**जिलाधिकारी ने दिए जवाबदेही तय करने के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** नाबार्ड की आरडीएफ योजनांतर्गत जनपद में निर्मित एवं प्रस्तावित पॉलीहाउसों की समीक्षा को लेकर कलक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशीष भटगाईं द्वारा की गई। बैठक में उद्यान एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी, तकनीकी कार्मिक तथा जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए काश्तकार उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान काश्तकारों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्ष 2024-25 में पॉलीहाउस स्थापना हेतु विभाग को निर्धारित धनराशि जमा कर दी गई थी, किंतु लंबा समय बीत जाने के बावजूद अभी तक कई काश्तकारों के पॉलीहाउसों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। काश्तकारों ने यह भी बताया कि विभाग द्वारा जिस कंपनी को पॉलीहाउस निर्माण का दायित्व सौंपा गया है, उसके प्रतिनिधियों द्वारा न तो समय पर स्थल निरीक्षण किया जा रहा है और न ही किसी प्रकार की स्पष्ट जानकारी दी जा रही है, जिससे काश्तकारों में असंतोष व्याप्त है। बैठक में उपस्थित काश्तकारों द्वारा सोलर फेंसिंग लगाए जाने से संबंधित प्रस्ताव भी विभाग के समक्ष रखा गया तथा इसे पॉलीहाउस योजना के साथ समन्वित करने की मांग की गई। इस अवसर पर स्थानीय काश्तकार संजय मल द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए बताया गया कि उन्होंने अपने पॉलीहाउस में सोलर सेंसिंग आधारित तारबाड़ स्थापित की है, जो प्रभावी सिद्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से शाक-सब्जी एवं अन्य फसलों को जंगली जानवरों से नुकसान नहीं होता है तथा यह व्यवस्था अपेक्षाकृत कम लागत में तैयार हो जाती है। उन्होंने इसे अन्य काश्तकारों के लिए भी उपयोगी बताया।

जिलाधिकारी आशीष भटगाईं द्वारा श्री मल के नवाचार की सराहना की गई तथा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि इस प्रकार की तकनीकों का तकनीकी परीक्षण कर व्यवहारिकता का आंकलन किया जाए, ताकि भविष्य में अन्य काश्तकारों को भी इसका लाभ दिया जा सके। साथ ही जिलाधिकारी ने पॉलीहाउस निर्माण में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एजेंसी की जवाबदेही तय करने, प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ काश्तकारों तक समयबद्ध रूप से पहुंचना चाहिए तथा इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, मुख्य उद्यान अधिकारी अभिनव कुमार, डीडीएम नाबार्ड सहित स्थानीय काश्तकार उपस्थित रहे।

## एक नजर

# फसल वित्तमान निर्धारण हेतु गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद स्तरीय फसल वित्तमान समिति की बैठक जिलाधिकारी आशीष भटगाईं की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, जड़ी-बूटी, चाय विकास बोर्ड और रेशम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ जिला सहकारी बैंक, जिला अग्रणी बैंक और उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि, जिला सहायक निबंधक सहकारिता, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, सहायक निदेशक मत्स्य, रेशम निरीक्षक, समन्वयक भेषज संघ और सहायक प्रबंधक चाय विकास बोर्ड भी उपस्थित थे।

बैठक का उद्देश्य वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न फसलों के वित्तमान का निर्धारण करना था, ताकि प्रत्येक कृषक को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से फसल ऋण सुलभ कराया जा सके। मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि कृषि निदेशालय के निर्देशानुसार जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित फसल वित्तमान राज्य स्तरीय समिति को उपलब्ध कराए जाने हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित फसल वित्तमान का विस्तृत विवरण पीपीटी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने प्रस्तुति के दौरान वित्तमानों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आवश्यक है कि प्रत्येक वित्तमान कृषक हितों, उत्पादन लागत, बाजार मूल्य और क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुरूप उचित रूप से निर्धारित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा की कि वित्तमानों में किसी भी प्रकार की कमी या असंगति को तुरंत संशोधित किया जाए।

बैठक के अंत में मुख्य कृषि अधिकारी ने जिलाधिकारी और सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार की बैठकों से न केवल किसानों को ऋण सुविधा में सहायता मिलती है बल्कि कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित होता है। इसके साथ ही उन्होंने भविष्य में भी सभी विभागों से समय पर और गुणवत्ता पूर्ण फसल वित्तमान प्रस्तुत करने की अपील की। इस प्रकार, जनपद स्तरीय फसल वित्तमान समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें सभी विभागों की सहभागिता, विस्तृत प्रस्तुति और आवश्यक निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया।

# सेवा, समर्पण और करुणा का जीवंत केंद्र: अद्वैत आश्रम मायावती का धर्मार्थ चिकित्सालय

**स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा से शुरू हुई निःशुल्क चिकित्सा सेवा, आज हजारों पीड़ितों के लिए बनी जीवनदायिनी संजीवनी**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के चरण पड़ते ही अद्वैत आश्रम मायावती की धरती सेवा, समर्पण और करुणा की सुगंध से भर उठी। उस दौर में जब इस पूरे क्षेत्र में दूर-दूर तक चिकित्सा सुविधाओं का नामोनिशान नहीं था और लोग झाड़-फूंक के सहारे इलाज करने को मजबूर थे, तब स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरणा से वर्ष 1903 में यहां एक छोटे से अस्पताल की स्थापना की गई। इस अस्पताल का संचालन स्वयं कै. सेमीयर द्वारा किया जाता था और निर्धन, असहाय लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाती थी।

वर्ष 1934 में इस चिकित्सालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया, जब कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटते समय मोरबी नरेश महाराजा जसवंत सिंह का स्वास्थ्य अत्यंत खराब हो गया। आसपास कहीं बेहतर इलाज की सुविधा न होने के कारण उन्हें अद्वैत आश्रम के अस्पताल में भर्ती कराया गया। आठ दिनों तक 'नारायण' मानकर उनका उपचार किया गया। स्वस्थ होने के बाद महाराजाने यहां एक बड़े चिकित्सालय की आवश्यकता जताई और इसके लिए आर्थिक सहयोग का संकल्प लिया उन्हें इस बात ने अत्यंत प्रभावीत किया की यहां महराज और साधारण से व्यक्ति को नारायण मान कर उनकी सेवा की जा रही थी। उसमें करुणा, वात्सल्य, दया का भाव छिपा हुआ था। उनके दान से अलग स्थान पर नए भवन का निर्माण हुआ और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होने लगा। धीरे-धीरे यह चिकित्सालय पिथौरागढ़, नेपाल सीमा, अल्मोड़ा और नैनीताल जिलों तक के रोगियों के लिए आशा का केंद्र बन गया। तत्कालीन आश्रम अध्यक्ष ब्रह्मलीन स्वामी मुमुक्षानंद महाराज के मार्गदर्शन में यहां नेत्र शल्य चिकित्सा और जनरल सर्जरी की शुरुआत हुई। तब से गरीबों की निस्वार्थ चिकित्सा सेवा लगातार चलती रही। आज यहां प्रतिवर्ष 50 हजार से अधिक रोगियों का निःशुल्क उपचार किया जाता है।

आज भी इस सेवा परंपरा को वैश्विक स्तर का सहयोग मिल रहा है। इंग्लैंड से प्रतिवर्ष आने वाले प्रख्यात लेप्रोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. कृष्णा सिंह यहां केवल सेवा भाव से अपनी अमूल्य सेवाएं देते हैं। उनका कहना है कि "ईश्वर ने उन्हें बहुत कुछ दिया है, लेकिन सच्चा सुकून तो अद्वैत आश्रम मायावती आकर ही मिलता है। ऐसी आबोहवा और समर्पण का भाव कहीं और देखने को नहीं मिलता।" इसी तरह इंग्लैंड से आने वाली स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रसना चेनोइ केवल महिलाओं के जटिल ऑपरेशन करती हैं, बल्कि दूर-दराज के गांवों से रोगियों को लाने और उपचार के उनके द्वारा यहां घर भेजने के लिए बस सुविधा भी उपलब्ध कराई गई हैं। वर्ष भर यहां विभिन्न रोगों के लिए विशेषज्ञ शिविर लगाए जाते हैं। ये विशेषज्ञ ऐसे होते हैं जिन्हें अपने क्लिनिक में समय निकालना मुश्किल होता है, लेकिन यहां आकर वे पूरी निष्ठा से सेवा कर लोगों की दुआएं बटोरते हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि इस विशाल चिकित्सालय परिसर में कहीं भी पैसे के लेन-देन के लिए कोई कैश काउंटर नहीं है। नेत्र चिकित्सा से हजारों ऐसे लोगों को नया जीवन मिला, जिनकी दुनिया अंधेरे में डूब चुकी थी। इसके बाद दंत चिकित्सा और सर्जरी सेवाओं की शुरुआत हुई। वर्ष 2012 में एक और नए भवन की स्थापना की गई, जिसमें अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर बनाया गया, जो आज भी पूरे जिले के सरकारी अस्पतालों के लिए उदाहरण है। पिछले 11 वर्षों से चिकित्सा प्रभारी के रूप में स्वामी एकदेवानंद महाराज के आगमन के बाद चिकित्सालय की व्यवस्थाएं नई ऊंचाइयों पर पहुंची हैं। उनका लक्ष्य हर दिन निराश चेहरों पर मुस्कान लौटाना है, जिसके लिए वे पूर्णतः समर्पित हैं। वहीं, आश्रम के अध्यक्ष विद्वान संत स्वामी शुद्धिदानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में इस चिकित्सालय को भविष्य में ऐसा स्वरूप देने की योजना है कि यहां सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों और किसी भी रोगी को बाहर न जाना पड़े।

सही मायनों में कहा जाए तो अद्वैत आश्रम मायावती का यह धर्मार्थ चिकित्सालय केवल ईंट-पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि गरीबों, पीड़ितों और असहायों की आत्मा का निवास है जहां आज भी सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

# बहुउद्देशीय शिविर में जनता की सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" योजना के अंतर्गत बुधवार को बेरिया दौलत इंटर कॉलेज में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है।

शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, बिजली सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं प्रमाणपत्रों से जुड़े मामलों को अधिकारियों के समक्ष रखा। जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी समाधान के निर्देश दिए गए। भाजपा नेता ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। जिससे लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। लोगों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा, मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुलविंदर सिंह किंदा, सौरभ शर्मा जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा, यशपाल राजहंस जिला अध्यक्ष एसटी मोर्चा, एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा, तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी, प्रभारी सीएमएस पी.डी. गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष मनदीप सिंह नरवाल सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विधायक अरोरा ने रुद्रपुरवासियों को दी बड़ी सौगात

**मोदी मैदान में होगा स्टेडियम निर्माण, जल्द लगेगा टेंडर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा का 2022 चुनावी के समय लिया गया संकल्प रुद्रपुर के युवाओं के लिए अपना खेल का मैदान हो, जिसको वर्ष 2023 में विधायक द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मोदी मैदान में इनडोर -आउटडोर स्टेडियम निर्माण का लेकर प्रस्ताव दिया था, जिसको मुख्यमंत्री ने प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने का कार्य किया। उसके बाद से ही रुद्रपुर के युवाओं का अपना खेल का मैदान हो उसकी उम्मीद विधायक के सार्थक प्रयासों से जगी। वहीं विधायक ने जिला विकास प्राधिकरण में बुधवार को अधिकारियों संग मोदी मैदान के निर्माण कार्य आरम्भ होने व उसकी फाइनल डिजाइन पर विस्तृत बैठक कर चर्चा की।

विधायक अरोरा ने बताया 2026 नये साल पर रुद्रपुर वासियों के लिए मोदी मैदान अब खेल का स्टेडियम बनने जा रहा है। जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन व उनकी टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई है, जिसमे मोदी मैदान में स्टेडियम निर्माण कार्य अब शुरू होने की ओर है। विधायक ने बताया उनके प्रस्ताव पर मोदी मैदान में स्टेडियम निर्माण जिसको मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किया गया था। वर्ष 2024 के मई में तत्कालीन जिलाधिकारी उदयराज सिंह द्वारा इसकी 20 एकड़ भूमि जिला विकास प्राधिकरण को हस्तांतरण कर दी गई थी, उसके बाद लगातार इसके कार्य प्रगति को लेकर वह विकास प्राधिकरण से लेकर देहरादून तक चिंता कर रहे थे। विधायक अरोरा ने जानकारी दी उनको यह बताते हुए खुशी हो रही है की अब सारी औपचारिकता पूर्ण करते हुए मोदी मैदान में स्टेडियम निर्माण के पहले चरण का कार्य शुरू होने की स्थिति में आ गया है। जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया इस जनवरी माह के पहले चरण के निर्माण कार्य का टेंडर लगा दिया जाएगा। विधायक ने बताया पहले चरण में मोदी मैदान में चारों ओर बाउंड्रीवाल,गेट, साईकिल ट्रेक, ओपन एमपीथियेटर, छोटे बच्चों के खेल गतिविधि ब्लॉक, मैदान का सौंदर्यीकरण और बाउंड्री के चारों ओर 500 वाहनों की शमता वाली पार्किंग सुविधा की व्यवस्था की जाएगी, तो वहीं इसके दूसरे चरण में दर्शक दीर्घा, वालीबॉल, क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबॉल जैसी खेल गतिविधि के लिये जोनवाइज ब्लॉक बनाकर निर्माण किया जाएगा। पहले चरण में 20 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य होगा।

जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जयकिशन ने बताया मोदी मैदान में स्टेडियम निर्माण के पहले चरण के निर्माण संबधित डिजाइन, डीपीआर तैयार है, जनवरी माह में हम इसके पहले चरण के निर्माण कार्य का टेंडर लगा देंगे जो 20 करोड़ की लागत से निर्माण बनेगा। जबकि दूसरे चरण के निर्माण की प्रकिया हेतु डिजाइन व डीपीआर की प्रकिया गतिमान है यह बड़ी योजना है इसका निर्माण चरणबद्ध रूप में किया जाएगा। इस दौरान जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जयकिशन, पेयजल निगम अधिशासी अभियंता नरेंद्र नवानी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक सहित एक आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों तथा चोरी व लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बाजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

पांच जनवरी 2026 को केशवनगर वार्ड संख्या-06, बाजपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र भूपराम मौर्य ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या UK06AY-0680 के गुरुद्वारा के पास से चोरी हो जाने की सूचना दी थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। चोरी की घटना के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर मलेरिया रोड से आरोपी हरपाल सिंह उर्फ मंगू पुत्र सतनाम सिंह, निवासी रमपुराकाजी, थाना केलाखेड़ा,को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से वादी की चोरी हुई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। आरोपी को माल मुकदमाती सहित न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है, जिसके विरुद्ध पूर्व में आबकारी अधिनियम तथा अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जसविंदर सिंह, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल, कांस्टेबल सीपी सुरेन्द्र, जगदीश कोटियाल आदि शामिल थे।

# तेज रफ्तार कार का हंगामा, पुलिस ने एमवी एक्ट में किया चालान


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर-बेरिया रोड पर तेज रफ्तार से दौड़ रही एक कार ने सड़क पर हंगामा खड़ा कर दिया। आरोप है कि तेज गति से चल रहे चार पहिया वाहन चालक ने एक दोपहिया वाहन सवार को टक्कर मारने का प्रयास किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना से भयभीत दोपहिया वाहन चालक ने तत्काल कोतवाली बाजपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने कार चालक को रोका और आवश्यक पूछताछ के बाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन समय रहते पुलिस की कार्रवाई से मामला शांत हुआ। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने और नियमित चेकिंग की मांग की है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस को दी खुली चुनौती, किया पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर बाजपुर में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा व भाजपा कार्यकर्ताओं का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। बेरिया तिराहे पर एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस का पुतला फूंका और पार्टी पर राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया। भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस अंकिता भंडारी जैसे संवेदनशील और दर्दनाक मामले को राजनीतिक हथियार बनाकर राज्य सरकार और भाजपा को बदनाम करने का प्रयास कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना किसी ठोस प्रमाण के लगातार झूठा प्रचार कर रही है और जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि उसके पास आरोपों से जुड़े कोई तथ्य या सबूत हैं तो उन्हें सार्वजनिक करे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में उत्तराखंड सरकार ने शुरू से ही निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई है तथा दोषियों को कानून के कठघरे में खड़ा किया गया है। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने दो टूक कहा कि भाजपा सरकार उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर केवल सस्ती राजनीति कर रही है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने "कांग्रेस मुर्दाबाद", "अंकिता को न्याय दो" जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के उपरांत भाजपा कार्यकर्ता शांतिपूर्वक मौके से लौट गए। भाजपा महिला मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस ने झूठे आरोपों और भ्रम फैलाने की राजनीति बंद नहीं की तो भविष्य में और भी व्यापक आंदोलन किया जाएगा।



# क्रिकेट क्लब पटरानी ने दर्ज की शानदार जीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ढेला गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला क्रिकेट क्लब ढेला एवं क्रिकेट क्लब पटरानी के बीच खेला गया, जिसमें क्रिकेट क्लब पटरानी ने शानदार जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने विजयी टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर पूर्ण सहयोग के लिए आश्वासन दिया।

कहा कि उत्तराखंड के रामनगर क्षेत्र में एक मिनी स्टेडियम एवं बड़े खेल मैदान की आवश्यकता है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, जेष्ठ प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत, खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, खंड विकास अधिकारी सुमित पांडे, खेल समन्वयक मुकेश ध्यानी,देवेंद्र भट्ट, बलदेव सिंह रावत, राजेंद्र सैनी, बलवंत सिंह रावत, सूबेदार भोपाल सिंह नेगी, महिपाल सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, कमलेश पांडे आदि मौजूद रहे।

# निकाले गए नगर कीर्तन में दिखा भारी उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर गुरु मत प्रचार कमेटी रामनगर के तत्वावधान में नगर में पूरे उल्लास के साथ महानगर संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस कीर्तन में जहां एक और गुरु वाणी से पूरी संगत निहाल हो गई तो वही पंच प्यारों की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही।

गुरु मत प्रचार कमेटी के उपाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ने बताया कि इस वर्ष यह महानगर संकीर्तन पीरुमदारा गुरुद्वारे से शुरू हुआ जो रामनगर में मुख्य मार्ग से होता हुआ नगर के मुख्य बाजार में भ्रमण के उपरांत रामनगर गुरुद्वारा पहुंचा, जहां आयोजित माह लंगर का प्रसाद लोगों ने ग्रहण किया। उसके बाद इसका समापन किया गया। उन्होंने बताया कि इस महानगर संकीर्तन में आसपास के सभी गुरुद्वारों ने प्रतिभाग किया। बाहर से आए कलाकारों ने जहां एक और अपनी सुंदर प्रस्तुति दी तो वही झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही महानगर संकीर्तन का नगर में कई स्थानों पर जोरदार स्वागत करने के साथ ही पुष्प वर्षा भी की गई। कार्यक्रम को लेकर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम गए थे। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी, मीना रावत,राहुल डंगवाल, इंदर सिंह रावत, शिशुपाल सिंह रावत, भागीरथ लाल चौधरी, विजय कटारिया, रंजीत रावत, भुवन पांडे, भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, सरदार सुरजीत सिंह, दीवान सिंह कटारिया, चमन लाल चौधरी, अमरीक सिंह,मनजीत हीरा, कुलविंदर कौर, भूपेंद्र सिंह खाती, सलभ मित्तल आदि हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## नगरपालिका ने किया नगर कीर्तन का भव्य स्वागत

**रामनगर।** नगरपालिका की ओर से पालिकाध्यक्ष और सभासदों ने 10 वे गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व के मौके पर नगर पालिका के सामने नगर कीर्तन का भव्य स्वागत फूलों व इत्र की बरसात से किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, सभासद खष्टी नंदन जोशी, शमीम अहमद, तनुज दुर्गापाल, हेमन्त बिष्ट,विक्रम भट्ट, सलमान सलमानी, शिवी अग्रवाल,नदीम अंसारी, जफर इकबाल, राजा सलमानी, नवीन सुनेजा, सचिन कुमार, सोनू करीम, परवेज सैफी, मोहम्मद आमिर, मंजीत सैनी, बॉबी कुमार, सलीम अहमद, सिराज अहमद, फईम आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी किया स्वागत

**रामनगर।** श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के प्रकाश.उत्सव पर पीरूमदारा से रामनगर तक आयोजित शोभा यात्रा का रामनगर कांग्रेस पार्टी की ओर से ग्राम चिल्किया मुख्य चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक, कांग्रेस नेता भुवन पांडे, नगर अध्यक्ष भूवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, हरदीप सिंह, विनय पड़लिया,जावेद खान, नजाकत अली, बाबर खान, गाजी करीम, शोएब रजा,चांद खान, मोईन खान आदि मौजूद रहे।

# चारों मुकदमों में सुरेश राठौर को राहत

## अंकिता हत्याकांड: ऑडियो-वीडियो वायरल का मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चर्चित अंकिता भण्डारी से जुड़े मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक सुरेश राठौर के खिलाफ हरिद्वार व देहरादून जिले में कथित वीडियो व आडियो वायरल करने पर उनके खिलाफ दर्ज चार मुकदमो में से दो अन्य पर बुधवार को भी सुनवाई की। मामले की सुनवाई की बाद न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने उनके खिलाफ दर्ज दो अन्य मुकदमों में भी उनकी गिरफ्तारी पर बुधवार को रोक लगा दी है। बीते मंगलवार को भी कोर्ट की एकलपीठ ने अन्य दर्ज दो मुकदमो पर उन्हें फौरी राहत दी थी। बुधवार को कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों पर उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। मामले के अनुसार बीजेपी के पूर्व विधायक व उर्मिला सोनावर पर हरिद्वार के झबरेड़ा समेत बाहदराबाद व देहरादून के नेहरू कालोनी सहित डालंवाला में यह कह कर मुकदमा दर्ज किया गया है कि उनके द्वारा दुष्यन्त गौतम की छवि खराब करने के लिए फेसबुक सहित सोशल मीडिया में वीडियो व ऑडियो वायरल की जा रही है जिसकी वजह से उनकी छवि धूमिल हो रही है। दर्ज मुकदमे में कहा गया है कि इनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। याचिका में कहा गया है कि उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए और दर्ज मुकदमों को निरस्त किया जाए। उनके द्वारा कोई सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार उनके खिलाफ नहीं किया जा रहा है।

### सिरमौर सिंह की जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने की स्वीकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने साक्ष्य मिटाने और आपराधिक धमकी के मामले में सजा काट रहे हरिद्वार निवासी सिरमौर सिंह की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा और न्यायमूर्ति आलोक माहरा की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए अपील के लंबित रहने के दौरान अपीलार्थी को रिहा करने का आदेश दिया है। बता दें कि हरिद्वार की द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने सितंबर 2023 में सिरमौर सिंह को भारतीय दंड सं. हता की धारा 201 (पठित धारा 34) और धारा 506 के तहत दोषी ठहराया था। ट्रायल कोर्ट ने उसे अधिकतम सात साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई थी जिसके खिलाफ उसने उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। सुनवाई के दौरान अपीलार्थी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष ने 17 गवाहों को पेश किया लेकिन सिरमौर सिंह के खिलाफ कोई ठोस या विश्वसनीय सबूत पेश करने में किल रहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रायल के दौरान अपीलार्थी जमानत पर था और उसने कभी भी जमानत की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया। बचाव पक्ष ने न्यायालय को बताया कि सिरमौर सिंह हरिद्वार जिले का स्थायी निवासी है इसलिए उसके फरार होने की कोई संभावना नहीं है। वह 5 सितंबर 2023 से न्यायिक हिरासत में है। खंडपीठ ने मामले के गुण दोष पर कोई टिप्पणी किए बिना अपीलार्थी को राहत प्रदान की। अदालत ने आदेश दिया कि सिरमौर सिंह को संबंधित ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के अनुसार एक व्यक्तिगत बंध पत्र और दो विश्वसनीय जमानतदार पेश करने पर रिहा कर दिया जाए।

### हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए जिला खनन अधिकारी

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड के सतोली गांव में बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिये ग्राम सभा के बोरिंग किये पानी को बिल्डर तक पहुंचाने के खिलाफ ग्रामीणों की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। मामले की सुनवाई पर बुधवार को जिला खनन अधिकारी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। कोर्ट के पूर्व के आदेश पर उनके द्वारा अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई। रिपोर्ट को कोर्ट को कोर्ट ने अपने रिकार्ड पर लेते हुए अगली सुनवाई कोर्ट की जाड़े की छुट्टियों के बाद की तिथि नियत की है। कोर्ट के आदेश पर जिला खान अधिकारी कोर्ट में पेश हुए। पिछली तिथि को कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला खनन अधिकारी से कोर्ट में पेश होकर स्थिति से अवगत कराने को कहा था। सतोली के ग्रामीणों के अनुसार भवाली निवासी विपिन पंत ने सतोली में अपने आवासीय क्षेत्र के लिये पानी पहुंचाने के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी जबकि उक्त व्यक्ति का गांव में मकान नहीं है और बोरिंग का पानी ऊपर एक बिल्डर के काटेज में पहुंचाया जा रहा जबकि पूरे क्षेत्र में पहले से ही स्वजल की लाइन मुहैया है। ग्रामीणों के अलावा विपिन पन्त को 2011 में बोरिंग की अनुमति दी गई थी। तब उसने बोरिंग नहीं की इधर उसने 10 साल पहले मिली अनुमति के आधार पर पुन: एनओसी मांगी जिस पर नैनीताल तहसील ने पुरानी अनुमति को देखते हुए नए सिरे से अनुमति देने की आवश्यकता नहीं समझी और पुरानी अनुमति के आधार पर ही बोरिंग करने को कह दिया जबकि इस मामले में केंद्रीय भूजल प्राधिकरण की अनुमति लेनी जरूरी थी।

### हॉटमिक्स प्लांट के संचालन पर रोक बरकरार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के विकास नगर के बरटोली ग्राम में शीतला नदी नया पुल के पास कोलतार का हॉट मिक्स प्लांट, राज्य प्रदूषण बोर्ड के नियमों के विरुद्ध लगाए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने हॉट मिक्स प्लांट के संचालन पर लगी रोक रोक को जारी रखते हुए हॉट मिक्स प्लांट सहित पीसीबी व राज्य सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने शीतावकाश के बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार देहरादून विकास नगर के बरटोली ग्राम निवासी प्रदीप कुमार ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके ग्राम के समीप शीलता नदी बहती है। उसके समीप कोलतार का हॉट मिक्स प्लांट लगाया गया है जिसकी दूरी ग्राम से मात्र 200 मीटर है। हॉट मिक्स प्लांट लगने से ग्राम की आबो हवा प्रदूषित हो गयी है जिसकी वजह से बुजर्गो समेत बच्चों व खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यही नही पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। जब इस क्षेत्र से गुजरते हैं तो राहगीरों को सांस लेने में भी दिक्कत आ रही इसलिए जनहित को देखते हुए इसपर रोक लगाई जाए।

## कल रिटायर होंगे मुख्य न्यायधीश जी. नरेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुखय न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुहानाथन नरेंदर 9 जनवरी शुक्रवार को अपने पद से सेवा. निवृत होने जा रहे हैं। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा जारी आधिकारिक नोटिस के अनुसार मुख्य न्यायाधीश के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बताया गया है कि मुख्य न्यायाधीश को सम्मानजनक विदाई देने के लिए 9 जनवरी शुक्रवार को शाम को 3.30 बजे मुखय न्यायाधीश के कोर्ट कक्ष में फुल कोर्ट फेयरवेल रेन्फरेंस का आयोजन किया जाएगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में हाईकोर्ट के सभी न्यायाधीश, बार काउंसिल व बार एसोसियशन के पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल होकर न्यायमूर्ति नरेंदर के कार्यकाल और उनके योगदान को याद करेंगे। हाईकोर्ट प्रशासन ने इस विदाई समारोह की सूचना एडवोकेट जनरल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा सभी जिला न्यायाधीशों और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी है। नोटिस में सुरक्षा व्यवस्था, प्रोटोकॉल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी ओर मुख्य न्यायधीश सेवानिवृति से पूर्व वीरवार आज अपरान्ह 1.15 बजे हाईकोर्ट बार एसोसियशन सभागार में पहुंचेंगे। हाईकोर्ट बार एसोसियशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत व महासचिव सौरभ अधिक. ारी ने समस्त अधिवक्ताओं से मुख्य न्यायधीश के सममान में मौजूद रहने की अपील की है।

## नैनीताल जिले में किसान दिवस का रोस्टर तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद अंतर्गत किसानों की विविध समस्याओं/मुद्दों के समाधान और उन्हें तकनीकी एवं वैज्ञानिक रूप से सक्षम व जागरूक बनाने हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय बृहस्पतिवार को विकासखंडवार किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। डीएम रयाल के मुताबिक 8 जनवरी को धारी में जबकि 12 फरवरी को रामगढ़ में वहीं 12 मार्च को रामनगर में, 9 अप्रैल को बेतालघाट में, 14 मई को ओखलकांडा में जबकि 11 जून को कोटाबाग में इसी क्रम में 12 जुलाई को भीमताल और अगस्त 2026 को हल्द्वानी में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। किसान दिवस में कृषि क्षेत्र से जुड़े समस्त विभागों जैसे सिंचाई, ऊर्जा, समाज कल्याण, कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध विकास, पशुपालन तथा गन्ना मंडी परिषद एवं रेशम विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, नाबार्ड, लीड बैंक प्रबंधक तथा इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। किसान दिवस आयोजन के दिन कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु कृषि एवं अन्य कृषि रेखीय विभाग, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, दुग्ध विकास, रेशम, भेषज, सिंचाई, लघु सिंचाई, उद्योग, सहका. रिता, ग्राम विकास, रीप व नाबार्ड बैंक व कृषि विज्ञान केंद्र, गन्ना मंडी परिषद तथा नाबार्ड एवं बैंक आदि सभी अपने सुसज्जित विभागीय स्टॉल भी लगाएंगे। इस अवसर पर किसान अपने-अपने गांव की समस्याओं को बैठक में रखेंगे तथा उन समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा।



## एक नजर....

### मारपीट के मामले में पुलिस ने किया मुकदमा

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती मंगोली गांव निवासी गजेंद्र सिंह मेहरा ने साथ हुई मारपीट मामले में पुलिस पर शिकायत दर्ज न करने के आरोप के बाद पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर दिया है। गजेंद्र के अनुसार बीते दिनों कार्य निपटाने के बाद वह अपने गांव मंगोली लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास एक व्यक्ति ने उन पर अचानक हमला कर दियाए जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावर ने न्यायालय से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज फाड़ दिए तथा मोबाइल फोन तोड़ दिया तथा सोने की अंगूठी व चेन छीन ली, साथ ही उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की सूचना तुरंत 112 पर दी गई लेकिन अगले दिन मंगोली चौकी और बाद में नैनीताल कोतवाली पहुंचने पर भी पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया था। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में मंगोली निवासी किशन सिंह मेहरा के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### राम सेवक सभा कराएगी धार्मिक अनुष्ठान

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा इस वर्ष कई धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष आयोजन किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश चंद्र वबाड़ी ने मीडिया को बताया कि अबकी बार मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाएगा जबकि बसंत पंचमी के अवसर पर 23 जनवरी शुक्रवार को सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजित किया जाएगा। बताया कि जो भी पाल्य अपने बच्चों का उपनयन संस्कार कराना चाहते हो उन्हें पूर्व में सभा में पंजीकरण करना अनिवार्य है।

### गुरुरानी ने किया आईटीबीपी क्षेत्र में पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 541वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 541वें दिन आइटीबीपी सातवीं वाहिनी मिर्थी में आईटीबीपी के एजूडेट गिरधर सिंह ने पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण प्रकृति की सच्ची पूजा है सभी को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम में डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कन्याल तथा प्रदीप कन्याल उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### पंजाबी महासभा के सदस्य उपाध्याय का निधन

**नैनीताल।** पंजाबी महासभा के सक्रिय सदस्य एवं मनु महारानी होटल के पूर्व मैनेजर पवन कुमार उपाध्याय के आकस्मिक निधन पर महासभा ने गहरा दुख जताया है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए महासभा द्वारा शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखा।शोक सभा ने निर्णय लिया गया कि आगामी लोहड़ी पर्व का त्योहार जो कि हर वर्ष मनाया जाता है इस वर्ष नहीं मनाया जायेगा। शोक सभा में प्रवीण शर्मा, राजीव गुप्ता, प्रेम कुमार शर्मा, अमरप्रीत सिंह, संदीप भुल्लर तथा सुमित खन्ना इत्यादि मौजूद रहे।

### कड़ाके की ठंड बढ़ने से बढ़ा अस्थमा

**नैनीताल।** नैनीताल में वर्तमान में कड़ाके की ठंड के चलते अस्थमा के मरीजों और नवजात बच्चों की समस्याएं बढ़ गई हैं। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को डाकटर उपचार के साथ जरूरी सलाह दे रहे हैं। बता दें कि नैनीताल में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है जिसके चलते अस्थमा के मरीजों और नवजात बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के फिजिशियन डा.महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि ठंड और कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतें बढ़ जाती हैं। बताया कि ठंड में वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है। वहीं ठंडी हवा अस्थमा के मरीजों के लिए परेशानी पैदा करती है जिससे उनको सांस लेने में दिक्कतें होती हैं। उन्होंने बताया कि अस्थमा के मरीज ठंड में घर से बाहर निकलते समय मास्क जरूर पहने। दवाएं समय पर लें। ठंड में गर्म पानी का सेवन करें। ज्यादा दिक्कत होने पर डाकटरी सलाह लें।

### कार्मिकों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी

**नैनीताल।** अग्निशमन विभाग की ओर से नगर पालिका नैनीताल में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम अयोजित किया गया जिसमें नगर पालिका के कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण पाने की जानकारी दी। उन्होंने नैनीताल लगातार हो रही अग्निकांड की घटनाओं की जानकारी देते हुए सतर्कता बरतने और सही तरीके से राहत व बचाव कार्य की जानकारी। कार्यशाला के दौरान फायरमैन भूपेंद्र सिंह ने गैस सिलेंडर के सुरक्षित प्रयोग समेत आग लगने की स्थिति में प्राथमिक कदम तथा घरेलू स्तर पर अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अग्नि सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना भी कर्मचारियों को सीखाया। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित व सुरक्षित कार्रवाई के लिए तैयार करना रहा। इस दौरान शिवराज सिंह, हरीश मेलकानी, पीयूष भंडारी, दीपक तथा विक्की समेत नगर पालिका के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### अभद्र टिप्पणी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में एक महिला ने एक व्यक्ति पर आपत्तिजनक और अराजक व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नैनीताल निवासी महिला किसी कार्य से माल रोड क्षेत्र गई थी। महिला ने आरोप लगाया है कि व्यक्ति ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं जिससे वह आक्रोशित हो गई। घटना से आहत महिला बुधवार को मल्लीताल कोतवाली पहुंची और पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान महिला के परिजनों ने भी जमकर हंगामा काटा। मामले में कोतवाली के एसआई प्रवीण कुमार तेवतिया ने बताया महिला से लिखित शिकायत मांगी गई है। फिलहाल घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## इस वर्ष नैनीताल के जिला अस्पताल में जुड़ेंगी कई सुविधाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में वर्ष इस वर्ष कई सुविधाएं जुड़ने की उममीद जगी है। जिला अस्पताल में कार्डयिक यूनिट के निर्माण के साथ नई तकनीक वाली एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीन भी स्थापित की जाएंगी जिससे मरीजों को बेहतर लाभ मिलेगा। बता दें कि नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में समीपवर्ती भवाली, भीमताल, रामगढ़, धारी, पंगोट, गरमपानी तथा खुर्पाताल व ज्योलीकोट क्षेत्र से रोजाना चार सौ से पांच सौ मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं जिसको देखते हुए 121 बैड के इस जिला अस्पताल में आईसीयू, सीटी स्कैन तथा अल्ट्रासाउंड के साथ ही एक्सरे तथा ईको, टीएमटी के साथ ही ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट, बलड बैंक, प्राइवेट वार्ड, एंबुलेंस व लिट तथा कैंटीन व जन औषधी केंद्र स्थापित किए गए हैं ताकि दूर दराज से आने वाले मरीजों को जिला अस्पताल में ही बेहतर उपचार मिल सके। मरीजों को और अधिक बेहतर उपचार देने के लिए इस वर्ष भी अस्पताल में कई सुविधाएं जुड़ने वाली हैं जिससे मरीजों को और बेहतर लाभ मिलेगा। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि वर्ष 2026 में राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में नई तकनीक वाली एक्सरे मशीन और अल्ट्रासाउंड मशीने स्थापित की जानी हैं जो जल्द ही अस्पताल में जल्द ही स्थापित कर दी जाएंगी। इसके अलावा ट्रांजिट हॉस्टल तथा कार्डयिक यूनिट और ओपीडी का निर्माण भी होगा।




## ओखलकांडा के ढोलीगांव में लगा बहुउद्देशीय शिविर

**नैनीताल।** जन जन की सरकार-जन जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद नैनीताल के विकासखंड ओखलकाण्डा की न्याय पंचायत सुनकोट के ढोल. ीगांव में बुधवार को बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा विभागीय स्टॉल के माध्यम से स्थानीय जनता को मौके पर ही राज्य एवं केन्द्र सरकार की जनोपयोगी योजनाओं का लाभ देने के साथ ही विभागीय सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में लगभग 212 लोगों द्वारा सीधा लाभ लिया गया। शिविर में क्षेत्रीय जनता द्वारा स्वयं की एवं क्षेत्र के विकास से संबंधित समस्याओं को रखा गयाए जिन पर विभागवार कार्यवाही की गई। शिविर में 43 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया।शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा विभागीय स्टॉल के माध्यम से स्थानीय जनता को योजनाओं से लाभान्वित किया गया साथ ही विभागीय सेवाएं ग्रामीणों को प्रदान की गई। शिविर में दर्जा राज्यमंत्री शांति महरा, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, क्षेत्र प्रमुख केडी रूवाली, सदस्य जिला पंचायत बहादुर सिंह नगदली, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश नयाल समेत मनोज सुयाल, जिला सहायक निबन्धक नैनीताल डीएस नपलच्याल, खण्ड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्षतिग्रस्त जालियों से दुर्घटना का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के घनी आबादी वाले बलरामपुर से लेकर सांई मंदिर तक जाने वाले मार्ग में लंबे समय से क्षतिग्रस्त जालियों को ठीक नहीं कराए जाने से क्षेत्र में दुर्घटना की आशंका बढ़ती जा रही है। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए प्रभावित क्षेत्रवासियों ने लो. निवि के ईई को ज्ञापन सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई करने की गुजारिश की है ताकि मार्ग में कोई बढ़ी दुर्घटना न होने पाए। भाजपा मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह बिष्ट के मुताबिक मल्लीताल के शेरवानी क्षेत्र के बलरामपुर से लेकर सांई मंदिर तक सडक के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त जालियों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस बारे में लोनिवि के ईई से ज्ञापन दिया गया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि यह क्षेत्र के लोगों के आने जाने का मैन मार्ग है। उन्होंने एक बार फिर क्षेत्रवासियों की ओर से लोनिवि के ईई को ज्ञापन दिया है जिसमें कहा है कि मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए ऐसा नहीं होने पर यानी दुर्घटना होने पर पूरी जिम्मेदारी विभाग व संबंधित ठेकेदार की होगी। बिष्ट के मुताबिक मार्ग में निर्माण कार्य अक्टूबर 2025 से शुरु हुआ जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है। ज्ञापन में बिष्ट के साथ ही दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर हैं।



## पांचवे दिन 34 और नामांकन दाखिल हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड बार काउंसिल के 25 सदस्यों के चुनाव हेतु बुधवार को पांचवे दिन 34 और नामांकन दाखिल हुए। इस प्रकार अब तक कुल 78 अधिवक्ता नामांकन करा चुके हैं। कुछ अधिवक्ताओं द्वारा एक से अधिक नामांकन पत्रों के सेट भरे हैं। बार काउंसिल के सचिव विजय सिंह ने बताया कि बुधवार को बार काउंसिल के सदस्य पद के लिए नामांकन करने वालों में अनुज कुमार, संदीप कुमार, सृष्टि तिवारी, सुरेंद्र पुंडीर, सुल्तान खान, शिव कुमार, ब्रह्म देव झा, शिवांगी गंग. वार, संजीव कुमार, प्रतिभा जायसवाल, सुरेंद्र सिंह, शाहिद अली, सुरेंद्र मित्तल, कुलदीप कुमार, कौशल सिंह कुलेरा, गुरुविंदर सिंह, श्रीकांत, पंकज कुमार सुंदरियाल, राजेश अजवाल, जतिन दुग्गल, विनोद कुमार, प्रभात चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, अजय कुमार पन्त, मेहनाज जहां, देवेंद्र कुमार शर्मा, राजेन्द्र चंद, अमर पाल, सुरेश चंद्र भट्ट, हिमानी बोरा, दीपक कुमार, नेहा जैन तथा नन्दन सिंह कन्याल शामिल हैं जबकि इससे पहले 44 नामांकन हो चुके हैं। नामांकन 8 व 9 जनवरी को भी होंगे। बता दें कि चुनाव अधिक. ारी इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवा. निवृत न्यायधीश राम अवतार सिंह की मौजूदगी में नामांकन प्रक्रिया हो रही है।

## ब्लाक प्रमुख डा.हरीश बिष्ट ने भेजा कृषि मंत्री को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** किसान बहुउद्देशीय ज्योलीकोट किसान सेवा सहकारी समिति की अध्यक्ष आशा जीना तथा उपाध्यक्ष इंदर सिंह नेगी की मांग को बेहद गंभीरता से लेते हुए नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने सूबे के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को ज्ञापन भेजकर किसानों को उचित मानकों के मुताबिक उचित मुआवजा देने की गुजारिश की है।

ब्लाक प्रमुख डा. बिष्ट के मुताबिक समिति के दोनों पदाधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया है कि वर्ष 2025-26 दिनांक 31 मई 2025 को 361 काश्तकारों ने फसली बीमा कराया था जो एसबीआई जनरल इंसोरेंस कंपनी ने किया था। बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में अधिक ओलावृष्टि होने से खड़ी फसल आलू व बागबा. नी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी इतना ही नहीं आलू बीज का उधार भुगतान करना भी किसानों को कठिन हो रहा है। बताया कि नैनीताल जिले के भीमताल समेत धारी व रामगढ़ के काश्तकारों को इंसोरेंस कंपनियों की ओर से प्रीमियम राशि से कम मात्र 1. 2 फीसदी मुआवजा दिया जा रहा है जो कि काफी कम है ऐसी दशा में किसान पलायन करने को मजबूर हैं। डा. बिष्ट ने सूबे के कृषि मंत्री से मामले को गंभीरता से लेते हुए इंसोरेंस कंपनियों को उचित मुआवजा उचित मानकों के मुताबिक दिलवाने के लिए निर्देश करने की गुजारिश की है।



## तीन महीने में पकने वाली खेती के बारे में जानकारी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट की वैज्ञानिक डा. कंचन नैनवाल ने गंगापुर में प्राकृतिक मॉडल फार्म का भ्रमण किया। इस अवसर पर लाही की अधिक उत्पादन देने वाली प्रजाति पंत टोरिया 508 का प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कृषकों को 3 महीने में पकने वाली खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डा. कंचन नैनवाल ने कहा कि प्राकृतिक खेती से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सरकार भी इस दिशा में कई योजनाएं चला रही है। इस अवसर पर गंगापुर के कई प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की।





**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून**

पत्रांक : 1221/ ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/ 2025-26 दिनांक : 07/01/2026

**"ई/ऑफलाइन-निविदा आमंत्रण सूचना- 41"**

अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून इस विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/मूल निर्माता/अधिकृत विक्रेता से निम्नलिखित कार्य पूरा करने के लिए दिनांक 29.01.2026 को अपराह्न 12.00 बजे तक निविदा आमंत्रित करता है। निविदा से संबंधित मूल अभिलेख उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे तक कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ0) भीमताल में टेण्डर बॉक्स में डालना अनिवार्य होगा तथा निविदा उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे खोली जायेंगी। क्र0सं0-2 पर अंकित ऑफलाइन निविदा का विक्रय 28.01.2026 को अपराह्न 4.00 बजे तक कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ0) भीमताल से किया जाएगा एवं दिनांक 29.01.2026 को अपराह्न 12.00 बजे आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा की प्रकृति | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | विकासखण्ड बाराकोट में अनावासीय भवन का निर्माण में विद्युतीकरण का कार्य। | ई-निविदा | 97,500.00 रूपये | 2500.00 + 18% GST | 20 माह | 90 दिन | "ए" विद्युतीकरण |
| 2 | जनपद पिथौरागढ़ की तहसील कनालीछीना में सरफेस पार्किंग में विद्युतीकरण कार्य। | ऑफलाइन | 30,000.00 रूपये | 1000.00 + 18% GST | 18 माह | 60 दिन | "ए" विद्युतीकरण व अधिकृत विक्रेता/मूल निर्माता |

-:निविदा की शर्ते:-

नोट:- 1. उक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी http://www.uktenders.gov.in पर एवं अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

इं0 तहसीन अहमद
अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0
ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून



**कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0 ज्योलीकोट (नैनीताल)**

Email ID :- eepmgsvjexolikot @rediffmail.com / ntl.pmgsy@gmail.com दूरभाष नं0/फैक्स नं0: 05942-224034

पत्रांक : 01/निविदा/2025-26/ दिनांक : 07/01/2026

**:-अल्पकालीन निविदा सूचना-:**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त निम्नलिखित कार्यों हेतु शील्ड निविदा दिनांक 22.01.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दिनांक 22.01.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र जमा करते समय तीन प्रतिशत धरोहर धनराशि जो एन0एस0सी0/किसी राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा निर्गत टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 हो, को प्रतिभूति के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई, ज्योलीकोट के पद नाम से बन्धक कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.01.2026 से 21.01.2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अलग से निविदा प्रपत्र मगवाने पर डाक व्यय हेतु रू0 100.00 मात्र अलग से देय होगा। डाक से विलम्ब का उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत लाख रू0 में | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत लोहाली से थुवाब्लॉक मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त भागों का पुनर्निर्माण कार्य | 9.65 | 30000.00 | रू0 1000+ 18% GST | 2 माह | 'डी' श्रेणी एवं उच्चतर |

1. निविदा सम्बन्धी शर्ते/प्रतिबन्ध किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
2. उक्त निविदाओं का विक्रय एवं निविदा से सम्बन्धित कार्यवाही उपखण्ड स्तर से की जायेगी।

(मिताली कपिल)
सहायक अभियन्ता
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकोट (नैनीताल)

# चारधाम यात्रा: सड़कें होंगी सुरक्षित

## शीघ्र शुरू होंगे सीवर-ड्रेनेज कार्य: जिलाधिकारी गौरव कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मंगलवार को जोशीमठ क्षेत्र का सघन दौरा कर वहां चल रहे पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अलकनंदा नदी के तट पर मारवाड़ी पुल से विष्णुप्रयाग पुल तक निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार तथा मारवाड़ी क्षेत्र में चल रहे स्लाइड स्थिरीकरण कार्यों का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जा रही लगभग 230 मीटर लंबी सुरक्षा दीवार को जोशीमठ की दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिलाधिकारी ने निर्माणदायी संस्था को निर्देश दिए कि कार्य को तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जीरोबैंड क्षेत्र में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर उभर आई दरारों का भी सूक्ष्म परीक्षण किया। आगामी चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बीआरओ एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सड़क को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए, ताकि यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने राज्य आपदा प्रबंधन कंसलटेंट जोशीमठ को दैनिक एवं साप्ताहिक रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जोशीमठ के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि जनवरी माह के भीतर ही क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित सीवर एवं ड्रेनेज कार्यों के प्रारंभ होने की प्रबल संभावना है। इसके साथ ही, दूसरे चरण में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से भूमि स्थिरीकरण कार्यों को भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की भू-धंसाव घटना के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से नगर को सुरक्षित एवं स्थायी बनाने के लिए ये योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के एई मनोज असवाल, जेई अमित लिंगवाल, संजय पुरोहित, राज्य आपदा प्रबंधन कंसलटेंट विवेक तिवारी, आशीष कौशिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पन्द्रह दिवसीय टूर मैनेजर प्रशिक्षण का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले मुख्यालय में पिछले 15 दिनों से संचालित टूर मैनेजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित, टूरिज्म हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल के सहयोग से विद्या सोसाइटी के माध्यम से संचालित किया गया। कार्यक्रम में सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल के दिशा-निर्देशों में आयोजित किया गया। समापन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करते हैं और राज्य की आर्थिकी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग की अतिरिक्त निदेशक पूनम चंद वर्चुअल माध्यम से जुड़ीं और सभी प्रतिभागियों को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में प्रशिक्षण प्रदाता नरेश रावत, विद्या सोसाइटी के प्रतिनिधि विजय तिवारी, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संच. ालन विद्या सोसाइटी के राकेश महारा द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह मटूडा, ट्रैकिंग एसोसिएशन के सचिव मनोज रावत, सभासद महावीर चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और अनुभव साझा करते हुए इसे अपने भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा आयोजकों और उत्तराखंड पर्यटन विभाग का आभार व्यक्त किया।



## एनएसएस शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़।** बिरजा इंटर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह में छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से समा. जसेवा, नशा मुक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में थाना धरासू से सब इंस्पेक्टर नवीन बिजल्वाण, कुलवीर चौहान अनिल तोमर ने स्वयं सेवियों को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी वीडियो कॉल आने पर फंट कैमरे पर अंगुली लगाकर रिसीव करें पहचान का व्यक्ति होने पर ही अंगुली हटाकर बात करें। अन्यथा कोई भी ऐआई के माध्यम से आपका गलत उपयोग कर सकता है। उन्होंने किसी भी ऑनलाइन फ्रॉड होने पर 1930 डायल करने के बारे में पूर्ण जानकारी थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डाक्टर सरस्वती व डाक्टर मीनाक्षी ने विस्तार से हार्ट अटैक की स्थिति में सीपीआर देना, बालि. का स्वास्थ्य, एड्स, मानसिक स्वास्थ्य, प्राथमिक उपचार, किशोर अवस्था में हार्मोन के कारण होने वाले परिवर्तन, थैरेपी, की जानकारी दी। वहीं उत्तराखंड जल विद्युत निगम के अवर अभियंता अनिल आर्य ने बताया कि विद्युत उत्पादन के तीन चरण हैं पहला उत्तराखंड जल विद्युत निगम जो विद्युत उत्पादन करता है दूसरा पिटकुल जो उत्पादित विद्युत को 220 के वी में परिवर्तित करता है और तीसरा चरण है। यूपीसीएल जो 220 केवी को 11 केवी में परिवर्तित कर 220 बाट के रूप में घर घर बिजली देने का काम करता है। कार्यक्रम अधिकारी अनिल नौटियाल, कृष्णा सकलानी कमल कांत थपलियाल व विपिन पंवार के निर्देशन में आयोजित शिविर के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता रैली भी निकाली गई।

# शॉर्ट सर्किट से हुई आगजनी

## अग्निकांड में तीन परिवार हो गए बेघर, 14 मवेशियों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मोरी ब्लॉक के गुराडी गांव में बुधवार तड़के सुबह आग. जनी से तीन परिवार बेघर हो गये जबकि 14 मवेसी जिंदा जल गए हैं। इधर जिला परिचालन केंद्र उत्तरक. ाशी से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार तड़के सुबह सवा पांच बजे तहसील मोरी अन्तर्गत ग्राम गुराडी में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर आपातकालीन परिचालन केंद्र उत्तरकाशी ने तत्काल राजस्व विभाग, फायर सर्विस, एसडीआरएफ, पुलिस, पशु चिकित्सा, 108 एम्बुलेंस टीम को घटना स्थल रवाना किया गया हैं। उक्त टीम मौके पर पहुँच कर टीम तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से समय लगभग प्रात: 07.35 बजे उक्त आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया हैं। अग्निकांड से ग्राम गुराडी में 3 परिवारों के भवन जलकर पूर्ण रूप से नष्ट हुए हैं। वहीं तहसीलदार मोरी ने बताया कि उक्त घटना शॉर्टसर्किट होना बताया है।



राजस्व विभाग मोरी द्वारा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री के रूप में प्रति परिवार को 2 कम्बल, 1 तिरपाल, 5000 हजार नगद दी गयी है। आगजनी में रामचन्द्र पुत्र धर्म दत्त गांव, गुराड़ी, पोस्ट, नैटवार, मोरी, उत्तरकाशी को पशु हानि 2 गाय, 01 बैल, 2 भरत मणि पुत्र केदार दत्त, पशु हानि- 05 बकरी, 01 गाय, ममलेश पुत्र श्री भरत मणि को पशु हानि 2 भेड़, 01 गाय, 2 बकरी।

# लीसा डिपो के पास धंसाव से जर्जर सड़क, पेटिंग न होने से बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़।** चिन्यालीसौड़ नगर को जोड़ने वाला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। लीसा डिपो के पास टिहरी बांध झील के कारण सड़क का धंसाव होता है, जिससे हर वर्ष बरसात में सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है। राजराजेश्वरी मंदिर से पीपल मंडी तक मार्ग की हालत सबसे अधिक खराब बनी हुई है। हालांकि सीमा सड़क संगठन (ग्रीफ) द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से दीवार का निर्माण कर सड़क को आवागमन के लिए फिलहाल सुचारु रखा गया है, लेकिन सड़क पर पेटिंग व डामरीकरण न होने के कारण सतह उबड़-खाबड़ बनी हुई है। इससे दोपहिया और छोटे वाहनों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है।



जानकारी के अनुसार मार्च माह के बाद यह मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में ग्रीफ नाली एवं दीवार निर्माण कार्य कर रहा है, लेकिन सड़क की समुचित मरम्मत न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में राज पाल सिंह परमार, यशवीर बिष्ट, अनिल चंद रमोला, मेद्य चंद रमोला और गुरुदीप थालियाल ने विभाग से मांग की है कि धंसाव प्रभावित हिस्से का स्थायी समाधान कर शीघ्र सड़क की पेटिंग एवं दुरुस्तीकरण किया जाए जिससे यातायात हेतु मार्ग सुगम हो सके।

# संग्रहालय में संजोई जाएंगी पुरानी टिहरी की जलमग्न धरोहरें

## टिहरी झील के पर्यटन विकास को लगेंगे पंख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रही टिहरी झील और इसके आसपास के क्षेत्रों में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग ने अपनी कवायद तेज कर दी है। इसी उद्देश्य को लेकर मंगलवार को टिहरी झील के समीप कोटी कालोनी स्थित एक निजी होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में पर्यटन विकास के मौजूदा ढांचागत कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की योजनाओं का खाका खींचा गया। बैठक में मुख्य रूप से एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं और टिहरी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (टाडा) के अंतर्गत नक्शा पास करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक के दौरान पर्यटन विभाग और कार्यदायी संस्थाओं द्वारा विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। इसमें टिहरी झील क्षेत्र को पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षक बनाने के लिए म्यूजियम बिल्डिंग, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, रोमांचक एडवेंचर पार्क, इको पार्क, टिहरी ग्रीन प्रोजेक्ट, प्रमुख पर्यटन स्थलों का विकास और सेल्फी प्वाइंट बनाने जैसी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से न केवल पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। एडीबी परियोजना के तहत प्रस्तावित और निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति पर भी अधिकारियों ने गहन मंथन किया। इस दौरान जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने एक बेहद भावुक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए नई टिहरी में बनने वाले म्यूजियम पार्क को ऐतिहासिक स्वरूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टिहरी डैम की झील में डूब चुके पुरानी टिहरी शहर की अद्भुत चीजों, सांस्कृतिक धरोहरों और स्मृतियों से संबंधित डेटा और जानक. ारी एकत्र की जाए, ताकि उन्हें प्रस्तावित संग्रहालय में प्रदर्शित किया जा सके। इसका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों और पर्यटकों को टिहरी के गौरवशाली अतीत और त्याग की गाथा से रूबरू कराना है। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने पर्यटन को केवल झील तक सीमित न रखकर ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने की बात कही। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम बागी और गाजणा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर बजट की मांग की जाए, ताकि इन गांवों को भी पर्यटन मानचित्र पर उभारा जा सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने टाडा क्षेत्र के अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिए नक्शा पास करने की प्रक्रिया में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों और उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उत्तराखंड टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं परियोजना निदेशक अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, आईएएस प्रशिक्षु स्नेहल कुंवर, उप-जिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी एस एस राणा, परियोजना प्रबंधक आशीष कठैत और डीडीए के सहायक अभियंता पंकज पाठक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने टिहरी को एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## गानों पर थिरके ग्रामीण

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के मलेथा गांव में चल रहें वीर शिरोमणि माधो लसह भंडारी औद्योगिक एवं कृषि विकास मेले के चौथे दिन बुधवार को लोक गायक किशन महिपाल की प्रस्तुतियों ने समा बांधा। मेले में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने लोक गायक किशन महिपाल के गानों में जमकर झूमें। मेले का शुभारंभ करते हुए देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि ऐसे मेले ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। सांस्कृतिक संध्या में किशन महिपाल ने जिया कोरी कोरी, ओ स्याली, घुघुति सहित कई लोकगीत प्रस्तुत किए देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर रजपाल बिष्ट, जितेंद्र मोहन सजवाण, कुलद. ीप रावत, ग्राम प्रधान रश्मि रावत सहित आदि मौजूद थे।

# दुर्दशा का कारण है असंस्कारी समाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** संस्कार विहीन संतान ही आज हमारे समाज की दुर्दशा के कारण है। युवा आज नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। संस्कारवान व्यक्ति समाज के लिए सच्चे मार्गदर्शक बन सकते हैं। आज के युवाओं को ऐसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त विचार श्रीविश्वनाथ मंदिर में भेटियार गाजणा के नौटियाल परिवार ने अपने स्वर्गीय पिता के स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन की कथा में राष्ट्रीय संत डा. दुर्गेशाचार्य महाराज ने व्यक्त किए। महाराज ने बाबा विश्वनाथ की पवित्र भूमि को तीर्थ नगरी घोषित होने की आवश्यकता बताया है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के कथा का वर्णन कर सब को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराज जी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण ही मोक्ष का मार्ग है। कथा श्रवण से जहां भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की त्रिवेणी की अनुभूति होती है, वहीं मानव मात्र परमात्मा से एकाकार होने की दिशा में सहज चल पड़ता है। बुधवार को श्री विश्वनाथ मंदिर में भेटियारा गांव निवासी हाल उत्तरकाशी स्व. गोपेश्वर नौटियाल जी के पुन्य स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोरम व्याख्यान सुनाकर लोगों को भरपूर आनंदित किया। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य भगवान के प्रति समर्पित हो जाता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा में श्री कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, पूतना मोक्ष, काली निग्रह, चीरहरण व गोवर्धन पूजा की कथा सुनाकर लोगों को परम सुख प्राप्त कराया। उन्होंने पूतना मोक्ष की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस द्वारा भेजी गई पूतना नाम की राक्षसी को भगवान श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते करते ही प्राण पखेरू हो गए और उसको मोक्ष दिया। कहा कि भगवान अपने ग्वाल बालों के साथ माखन चोरी करते, जिसकी शिकायत सुन सुनकर माता यशोदा उन्हें सजा देती थी किंतु हर बार वह कोई न कोई चमत्कार कर उन्हें आश्चर्यचकित करते रहते थे। कथा पंडाल में गुरू चौरंगी, तामेश्वर महादेव, हरिमहाराज, भैरव देवता, हलवा देवता, नागराजा, आदि देवताओं डोलियां विराजमान है। इस मौके पर कथा आयोजक श्रीमती ऊषा नौटियाल देवी एवं उनके पुत्र विमलेश्वर नौटियाल और अभिषेक नौटियाल और किशोर नौटियाल ,बद्री मिश्रा, पवन थपलियाल ,जगदीश प्रसाद भट्ट, विमलेश्वर प्रसाद नौटियाल, अभिषेक नौटियाल, भगवती बिजल्वाण कृष्णा मिश्रा, भीम प्रसाद , किशोर भट्ट, काशी विश्वनाथ मंदिर के पूजारी अजेय पुरी, हरि सिंह राणा आदि मौजूद रहे है।



# पेंशनरों के लिए जरूरी खबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति निकट आते ही सरकारी विभागों ने आयकर गणना और कटौती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में नरेन्द्रनगर कोषागार ने अपने से सम्बद्ध सभी पेंशनरों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। कोषाधिकारी नरेन्द्रनगर ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर पेंशनरों को प्राप्त होने वाली आय के सापेक्ष आयकर की कटौती की जानी सुनिश्चित है। इसके लिए विभाग ने सभी पेंशनरों से समय रहते अपनी आय और बचत से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि अंतिम समय में किसी भी प्रकार की असुविधा या अनचाही कर कटौती से बचा जा सके। कोषाधिकारी ने कोषागार से जुड़े सभी पेंशनरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उन्हें प्राप्त हुई कुल पेंशन और यदि किसी अन्य स्रोत से कोई आय प्राप्त हुई है, तो उसका पूरा विवरण तैयार कर लें। इसके साथ ही, आयकर में छूट प्राप्त करने के लिए की गई बचत, निवेश और अन्य कटौतियों से संबंधित वैध दस्तावेज भी कार्यालय में जमा कराने होंगे। विभाग ने इसके लिए 20 फरवरी 2026 की अंतिम तिथि निर्धारित की है। पेंशनरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित तिथि तक हर हाल में अपना विवरण कोषागार कार्यालय नरेन्द्रनगर में उपलब्ध करा दें, ताकि उनके द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार सही आयकर की गणना की जा सके।

# राजाखेत में गूंजी अंकिता के हत्यारों को फांसी देने की मांग

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली विशाल जनाक्रोश रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर जनता का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने और घटना में शामिल कथित वीआईपी आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। इसी क्रम में बुधवार को प्रतापनगर विधानसभा के पटी रैका धारमंडल के रजाखेत बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति ने एक विशाल जनाक्रोश रैली निकाली।




क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने हिस्सा लिया और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबा. जी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

रजाखेत बाजार में एकत्रित हुए आंदोलनकारियों ने रजाखेत मुख्य बाजार से लेकर टैक्सी यूनियन की पार्किंग तक जुलूस निकाला। इस दौरान पूरा क्षेत्र अंकिता के हत्यारों को फांसी दो और अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच हो के नारों से गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एक बेटी को न्याय दिलाने के मामले में सरकार जिस तरह की ढिलाई बरत रही है, उससे प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश है। रैली के समापन पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसी शर्मनाक घटना ने उत्तराखंड जैसी शांत और पवित्र देवभूमि को कलंकित करने का काम किया है। उन्होंने जनता को आगाह करते हुए कहा कि यदि आज हम चुप बैठे रहे, तो प्रदेश में अत्याचारियों और व्यभिचारियों का राज स्थापित हो जाएगा, इसलिए न्याय के लिए सड़क पर उतरना अनिवार्य हो गया है।

विधायक ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल वीआईपी लोगों के नाम विभिन्न माध्यमों से उजागर होने के बावजूद शासन-प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार हत्याकांड में शामिल प्रभावशाली वीआईपी हत्यारों को बचाने के लिए जानबूझकर लीपापा. ेती कर रही है और प्रदेश की जनता को तरह-तरह से भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सरकार सीबीआई जांच कराने से क्यों बच रही है। नेगी ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि राज्य सरकार की मंशा स्पष्ट और पाक-साफ है, तो उसे तत्काल निष्पक्ष सीबीआई जांच के आदेश देने चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके और सच जनता के सामने आ सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि देवभूमि पर भविष्य में इस प्रकार की शर्मनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए असली दोषियों को बेनकाब करना जरूरी है और जब तक सीबीआई जांच नहीं होती, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

इस जनाक्रोश रैली और प्रदर्शन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, जिला पंचायत सदस्य विजयपाल रावत, प्यारी देवी, लक्ष्मी देवी, भीम सिंह, गंभीर सिंह, विनोद सिंह, पूर्णानंद, ग्राम प्रधान खुशहाल सिंह गुनसोला, आनंद सिंह, जोत सिंह, शिव सिंह, विजय सिंह रावत, अंकिता रावत, आशा पटवाल, बबीता कंडारी, पिंकी देवी, खुशालमणि, संजीव रतूड़ी और शकुंतला देवी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय मातृशक्ति शामिल रहीं।

# नदारद अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत बुधवार को न्याय पंचायत भेटियारा में जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड डुंडा की न्याय पंचायत भेटियारा के राईका धौंतरी में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता व गंगोत्री विधायक की उपस्थिति में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता करते हुए आमख्रजनमानस की समस्याओं को सुना गया तथा उनका मौके पर निस्तारण किया गया। न्याय पंचायत भेटियारा में आयोजित शिविर में कुल 27 लिखित शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से विधायक सुरेश चौहान व जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की उपस्थिति में 15 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष जटिल समस्याओं के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सीरी गांव के ग्रामीणों द्वारा सिंचाई की समस्या विधायक के सम्मुख रखी जिस पर विधायक सुरेश चौहान द्वारा लघु सिंचाई को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। धौंतरी में पेयजल की समस्या पर विधायक द्वारा पेयजल निगम के अधिकारयों को एक सप्ताह में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पूर्व प्रधान राजू दास व ग्रामीणों द्वारा धौंतरी में पुलिस चौकी के स्थानांतरण का मुद्दा उठाया जिसके लिए विधायक सुरेश चौहान द्वारा पुलिस चौकी को यथावत रखने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। राजू दास द्वारा अन्य शिकायत वन विभाग के कर्मचारियों का क्षेत्र में नहीं मिलने की दर्ज कराई जिस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग के संबंधित अधिक. ारी व कर्मचारियों को शुक्रवार और शनिवार को क्षेत्र में रहने के निर्देश दिए। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर विधायक द्वारा अवगत कराया कि इस पर कार्यवाही चल रही है समस्या का शीघ्र निराकरण हो जाएगा। ग्रामीणों द्वारा उड्री, चौड़ियाट और सीरी के जर्जर विद्युत पोल की समस्या पर विधायक द्वारा संबंधित विभाग को एक सप्ताह में बदलने के निर्देश दिए। शिविर में नदारद अधिकारियों का डीएम ने स्पष्टीकरण कर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये है। शिविर में जिलाध्यक्ष भाजपा नागेन्द्र चौहान, दर्जा राज्यमंत्री राम सुंदर नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार, ज्येष्ठ प्रमुख प्रति. निधि अब्बल सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष सते सिंह राणा, समन्वयक अरविंद बिष्ट, मंडल अध्यक्ष राजीव नौटियाल, मंडल महामंत्री बलबीर चौहान, यशवीर पयाल, ग्राम प्रधान कुसुम बहुगुणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य भेटियारा मीना नौटियाल, एपीडी रमेश चन्द्र, खंड विकास अधिकारी दिनेश जोशी, न्याय पंचायत नोडल अधिकारी पीयूष आर्य सहित, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटुडा अन्य अधिक. ारी और जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ पत्रकार राव शाहनवाज खां को किया गया सुपुर्द-ए-खाक

## बेबाक, बेखौफ पत्रकारिता के लिए थी अलग पहचान



**❖बड़ी तादाद में मीडियाकर्मियों, समाजसेवियों ने अंतिम विदाई में की शिरकत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बेबाक, बेखौफ पत्रकारिता के मालिक वरिष्ठ पत्रकार राव शाहनवाज खां को बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जिनके जनाजे में बडी तादाद में मीडियाकर्मियों, समाजसेवी व जिम्मेदार मौअज्जि लोगों ने शिरकत कर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की। राव शाहनवाज का निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक बडी क्षति है।

ढंडेरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार राव शाहनवाज खां का लंबी बीमारी के चलते देहरादून के जौलीग्रांट अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत और स्थानीय जनमानस में शोक की लहर दौड़ गई है। राव शाहनवाज खां की अपनी बेबाक, बेखौफ पत्रकारिता के लिए अपनी अलग पहचान थी। जिन्होंने पत्रकारिता को ईमानदारी, जिम्मेदारी के साथ एक मिशन के रूप में अंजाम दिया। करीब पैंतालिस वर्षों से अधिक के पत्रकारिता जीवन में कई समाचार पत्रों में कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाई। राव शाहनवाज खां के निधन पर पत्रकारों से लेकर आमजन में शोक की लहर है। शहर के तमाम पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआएं की। राव शाहनवाज खां ने वर्षों तक अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वह न केवल एक अनुभवी पत्रकार थे, बल्कि नवागत पत्रकारों के लिए एक कुशल मार्गदर्शक भी थे। शाहनवाज खां ने अपनी निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता से रुड़की क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई थी। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा।

राव शाहनवाज खां को उनके गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान रूडकी व आसपास के वरिष्ठ व तमाम पत्रकारों ने पहुंचकर उनके जनाजे में शिरकत करते हुए उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की। वहीं बडी तादाद में समाज के मुअज्जि लोग उनकी तदफीन में शरीक हुए।

# रुड़की प्रेस क्लब में दी गई शाहनवाज खां को भावभीनी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रेस क्लब भवन में पत्रकारों ने एकजुट होकर वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय राव शाहनवाज खां को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनके जीवन, कार्य और निर्भीक पत्रकारिता को याद करते हुए उन्हें पत्रकारिता का मजबूत स्तंभ बताया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि राव शाहनवाज खां वास्तव में पत्रकारिता की नींव थे। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में पत्रकारिता के उच्च मापदंड स्थापित किए। उनकी निर्भीक लेखनी से सत्ता पक्ष और अधिकारी वर्ग सदैव सतर्क रहता था, क्योंकि वे निडर होकर गलत और अन्याय के विरुद्ध लिखते थे। उन्होंने पत्रकारिता को एक नई दिशा देने का कार्य किया, जिसका अभाव हमेशा महसूस किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष बबलू सैनी ने कहा कि उन्हें राव शाहनवाज खां के साथ कुछ समय कार्य करने का अवसर मिला, जिससे उन्होंने जाना कि सच्ची पत्रकारिता क्या होती है और उसके मायने क्या हैं। उन्होंने कहा कि राव शाहनवाज खां से प्रेरणा लिए बिना पत्रकारिता की कल्पना अधूरी है। वे स्वयं पत्रकारिता का एक सशक्त स्तंभ थे, जिन्होंने इसके स्तर और गरिमा को सदैव ऊँचा रखा। इस अवसर पर महामंत्री अश्वनी उपाध्याय, उपाध्यक्ष रियाज कुरैशी ने भी राव शाहनवाज खां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए। वहीं पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर संजय सिंह और वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद आदिल फरीद ने भी उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा से पूर्व सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा ईश्वर से उनके परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की। इस दौरान श्रद्धांजलि देने वालों में नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू सैनी, पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष रियाज कुरैशी, महामंत्री अश्वनी उपाध्याय, मनोज जायल, सुभाष सक्सेना, अरुण कुमार, योगराज पाल, टीना शर्मा, गौरव वत्स, अंकित त्यागी, शशांक गोयल, मिक्की जैदी, दीपक अरोड़ा, विकास भाटिया, राहुल सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## बीएसएम इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई ने

# बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जागरूकता रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इण्टर कॉलेज रुड़की की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज स्वयंसेवकों ने समाज को जागरूक करने हेतु एक विशाल रैली का आयोजन किया। रैली का मुख्य विषय ष्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रहा।

रैली का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेश कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर पूरे उत्साह के साथ खंजरपुर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण किया। स्वयंसेवकों ने नारों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को बेटियों की शिक्षा, उनके अधिकारों और समाज में उनकी समान भागीदारी के महत्व के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने ष्बेटी है तो कल है और षशिक्षित बेटी, समृद्ध समाजष जैसे नारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। रैली के दौरान छात्रों ने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया। पूरी रैली के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों का अनुशासन और सेवा भाव सराहनीय रहा। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों में समाज सेवा की भावना विकसित करना है। ष्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओष केवल एक नारा नहीं बल्कि एक सामाजिक संकल्प है, जिसे युवा शक्ति के माध्यम से ही सिद्ध किया जा सकता है। शिविर के कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेश कुमार ने बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विभिन्न सामाजिक कार्य भी किए जा रहे हैं। शिविर के द्वितीय सत्र में भानु प्रताप गौतम (एडवोकेट) द्वारा स्वयंसेवकों को कानून से संबंधित सामान्य जानकारी दी गई। जिससे स्वयंसेवक कानून के प्रति सजक होंगे तथा कानून व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे और समाज को जागरूक करेंगे। रैली में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अमित कपिल, परीक्षा प्रभारी डॉ अभय ढौंडियाल, डी एन पांडेय, प्रमोद शर्मा, कमल मिश्रा, विशेष कुमार, विकास गौतम, शैलेन्द्र पंत, देवराज, संजय और एनएसएस के स्वयंसेवको में पारस, गौरव, सौरभ,विशु, आशीष, मयंक, सुधांशु, ललित, राज, निखिल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सिविल लाइन पुलिस ने दबोचे तीन वाहन चोर, चार बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली रुड़की पुलिस ने वाहन चोर गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 04 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और अपराधियों में भय पैदा करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा स्वयं मामले का संज्ञान लेते हुए वाहन चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी रुड़की के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस सिस्टम और सक्रिय मुखबिर तंत्र की मदद से चोरों की गतिविधियों पर नजर रखी। इसी क्रम में सोलानी पुल के पास नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान तीनों अभियुक्तों को दबोच लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे लोगों की गाढ़ी कमाई से खरीदी गई बाइकों को चोरी कर अपने शौक पूरे करते थे। कोतवाली प्रभारी मनीष उपाध्याय का सखध्त बयान-रुड़की में वाहन चोरी करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं है। कानून से बच पाना नामुमकिन है। चोरी करने वाला चाहे जितना शातिर हो, पुलिस उसे ढूंढकर जेल भेजेगी। अपराध से दूर रहें, वरना अंजाम तय है। घटना-1:दिनांक 05.01.2026 को अमित कुमार कश्यप निवासी आईआरआई कॉलोनी, रुड़की की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोपाटी बाजार से चोरी कर ली गई थी, जिस पर मु0अ0सं0 09/2026 धारा 303(2) पंजीकृत हुआ। घटना-2:इसी दिन कुरबान पुत्र हनीफ निवासी ग्राम नगला इमरती की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी चोपाटी बाजार से चोरी हुई, जिस पर मु0अ0सं0 10/2026 धारा 303(2) दर्ज किया गया। पकडे गये आरोपी राहुल पुत्र राजू, उम्र 24 वर्ष, निवासी गोल भट्टा मिलाप नगर, रुड़की, सचिन पुत्र स्व. ओमप्रकाश, निवासी डब्बल फाटक, मिलाप नगर, रुड़की, अभिषेक पुत्र मदन, निवासी गोल भट्टा मिलाप नगर, रुड़की बताये गये हैं। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। रुड़की पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरों में हड़कंप है।

# किसान ने खेत में पोल लगाने का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** खेत में विधुत पोल लगाने पहुंची ऊर्जा निगम की टीम को किसान के विरोध का सामना करना पड़ा। किसान ने उर्जा निगम कर्मचारियों से खेत के बीच के बजाए साइड में पोल लगाने लगाने की बात पर अड़ा रहा। जिसके चलते पोल लगाने का कार्य रोक दिया गया। लंढौरा निवासी योगेंद्र यादव के खेत में 33 हजार केवी लाइन के लोहे के पोल लगे हुए हैं। पोल काफी पुराने होने के कारण पोल जर्जर हो चुके है। खेत स्वामी ने सीएम पोर्टल शिकायत कर पोल बदलने की मांग की थी। बुधवार को ऊर्जा निगम के ठेकेदार के आदमी नए पोल लगाने के लिए पहुंचे थे। इसी बीच मौके पर पहुंचे खेत स्वामी ने नए पोल लगाने का विरोध जताया। खेत स्वामी का कहना है कि उसके हिस्से में केवल दो बीघा जमीन है। जिसके बीचों बीच विधुत पोल आने के कारण न सही ढंग से खेत जुताई की जाती है और न ही खेत मे कोई निर्माण किया जा सकता। किसान का कहना था कि विधुत पोलो को उसके खेत मे एक साइड में लगा दिया जाए जिससे उसे खेत जुताई और निर्माण करने में कोई परेशानी न हो। किसान के विरोध के चलते पुलिस और ऊर्जा निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। वार्ता के बाद तय हुआ कि ऊर्जा निगम के आला अधिकारियों से वार्ता के बाद पोल लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। जेई विनोद कुमार का कहना है कि खेत स्वामी ने जर्जर पोलो को बदलने के लिए सीएम पोर्टल पर शिकायत की थी। इसके बाद ही पोल बदलने का कार्य शुरू किया जा रहा था। जेई का कहना है कि खेत स्वामी को इसके लिए बड़े अधिकारियों से वार्ता करने के लिए कहा गया है। उसके बाद ही आगे का कार्य किया जाएगा।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**रुड़की।** कोतवाली रुड़की पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मंगलौर मार्ग स्थित रेलवे पुल के पास चौकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को धर दबोचा, जिसके कब्जे से अवैध देशी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि अभियुक्त किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार दिनांक 06 जनवरी 2026 की रात्रि को कोतवाली रुड़की पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान रेलवे पुल (मंगलौर मार्ग) के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोका और तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमन बाल्मिकी पुत्र संजय, निवासी नई टंकी के पास, रतन का पूरवा, डबल फाटक, मोहनपुरा, थाना कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पूर्व अभियुक्त का सोशल मीडिया पर फायरिंग कर रौब दिखाने का वीडियो वायरल हुआ था।

# अंकिता कांड : हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आर्य समाज मंदिर से शुरू होते हुए लक्सर बाजार जामा मस्जिद के सामने से ओवर ब्रिज शुगर फैक्ट्री के गेट तक अंकिता भंडारी के मामले की सीबीआई जांच करा कर जो भी दोषी है उनको कड़ी सजा दिलाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया है ।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि हमारा मकसद केवल एक ही है कि अंकिता भंडारी मामले में सीबीआई जांच करा कर जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री रेखा आर्य के पति द्वारा 15 से 20000 में बिहार से शादी करने का भी बयान दिया जो गलत है उन्होंने कहा इसी को लेकर जिस तरह से पूरे प्रदेश में अंकिता भंडारी के हत्यारे को सजा दिलाने के लिए और सीबीआई से जांच कराने के लिए विरोध प्रदर्शन हो रहा है यह बहुत ही शर्म की बात है कि अभी तक अंकिता भंडारी मामले में सीबीआई जांच के आदेश नहीं किए गए हैं वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें वीरेंद्र रावत ' कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह नगर अध्यक्ष भगत सिंह चौधरी पूर्व विधायक तस्लीम अहमद ' संजय सैनी चौधरी सतवीर जगदेव सिंह उर्फ जग्गी कमला कश्यप कमला पांडे अनीता बर्मन अनीता गर्ग अखलाक अहमद रौनिक प्रधान मगन पाल सैनी फिरोज सिद्दीकी सतवीर सिंह इरशाद अंसारी अजीत सिंह अदनान नवाज खान जगत सिंह ठाकुर मलखान सिंह चौहान जगबीर सिंह प्रधान आरिफ प्रधान विधायक फुरकान अहमद ताहिर हसन अध्यक्ष शमशाद सदर सभासद शादाब सभासद गुलफाम आरा मशीन वाले मास्टर मुसर्रत तालिब प्रधान आदि सैकड़ो कांग्रेस के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुंडलाना गोलीकांड का खुलासा पति-पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** सजनपद हरिद्वार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु हरिद्वार पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली मंगलौर पुलिस ने मुंडलाना गोलीकांड का सफल खुलासा करते हुए आमजन में भय का माहौल पैदा करने वाले तीन आरोपियों (पति-पत्नी सहित) को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी सतीश कुमार, निवासी ग्राम मुंडलाना द्वारा कोतवाली मंगलौर में तहरीर दी गई थी कि पुरानी आपसी रंजिश के चलते तीन व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौच करते हुए उनके घर के ऊपर फायरिंग की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना से न केवल वादी का परिवार बल्कि पूरे ग्राम मुंडलाना एवं आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया था। उल्लेखनीय है कि आरोपी पूर्व में भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर अमरजीत सिंह के नेतृत्व में कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। सतर्क सुरागरसी एवं सटीक पुलिस कार्रवाई के फलस्वरूप दिनांक 06.01.2026 को मुकदमे से संबंधित दो अभियुक्त एवं एक आरोपिता (पति-पत्नी सहित) को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में नियमानुसार धाराओं की वृद्धि की गई है। मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह का बयान-जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।" गिरफ्तार आरोपितों का विवरण1. हर्ष उर्फ बिगड़ा पुत्र बबलू2. विशाल पुत्र बबलू निवासीगण: मेघा शकरपुर, थाना 3. महिला अभियुक्ता पत्नी हर्ष उर्फ बिगड़ा(उपरोक्त पते के अनुसार) शामिल रहे।

# प्रशासन ने सिंचाई विभाग की जमीन पर बना अवैध मजार हटवाया

**शाह टाइमसंवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर में पुरानी गंगनहर के किनारे सिंचाई विभाग की भूमि पर बने अवैध मजार को प्रशासन और यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। बुधवार की सुबह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तहसीलदार विकास अवस्थी यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ अर्जुन सिंह, डीआरओ मुनेश कुमार धीमान के नेतृत्व में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम जेसीबी मशीन के साथ कलियर पहुंची।पहले से चिन्हित इस अवैध मजार को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई। पूरी कार्रवाई कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने बताया कि यूपी सिंचाई विभाग की भूमि पर पुरानी गंगनहर के किनारे अवैध रूप से मजार बनाई गई थी। अवैध मजार पर पहले नोटिस चस्पा किया गया था।नोटिस का जवाब नही मिलने पर उसके बाद ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई न्यायालय के अनुपालन में कई गई है। सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण स्वीकार्य नही है। सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।इस मौके पर तहसीलदार विकास अवस्थी, नायब तहसीलदार मो यूसुफ,कलियर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार,ईओ कुलदीप सिंह चौहान , जिलेदार राजकुमार, जेई बीड़ी धीमान,राजेंद्र सिंह, लेखपाल गुलफसा,गीता,कोमल खेड़ा, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद,एसआई सूरज सिंह, राम अवतार आदि प्रशासन और यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा।

# किसान सेवा समिति की भूमि पर बनी दुकानदारों को नोटिस

**झबरेडा।** बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति झबरेड़ा की भूमि पर बनी 10 दुकानों पर काबिज दुकानदारों द्वारा छह वर्ष से समिति में बिना किराया दिए कब्जा किया हुआ है। समिति अधिकारियों का कहना है कि दुकानदारों द्वारा किराया न देने पर 6 वर्ष पूर्व सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे ।अब समिति में बने हाल ऑफिस तथा दुकानों को तोड़कर यहां पर कॉंपलेक्स बनाने की प्रक्रिया के चलते दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। कस्बे में किसान सहकारी समिति का निर्माण सन 1971 में हुआ था।उसी समय समिति के फ्रंट पर समिति द्वारा दस दुकाने भी बनाई गई थी।

# विधायक चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 प्रतियोगिता प्रारंभ

**मंगलौर।** नेहरू इंटर कॉलेज के प्रांगण में विधायक चौंपियनशिप ट्रॉफी 2025 झबरेड़ा विधानसभा प्रतियोगिता (दिनांक 7 जनवरी से 9 जनवरी 2026) प्रारंभ हुई। यह प्रतियोगिता युवा कल्याण एवं खेल व शिक्षा विभाग नारसन द्वारा संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर 14 एवं अंदर-19 वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने निम्नलिखित प्रतियोगिता जिसमें 60 मी, 600 मी, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक, खो खो ,कबड्डी एवं मुर्गा झपट अंडर 14, अंडर-19 में 100 मीटर, 200 मीटर ,400 मीटर, 100 मी ,1500, 3000, 5000 मी ,लंबी कूद, ऊंची कूद गोला फेक ,चक्का फेंक, भाला फेंक, खो खो ,कबड्डी एवं मुर्गा झपट मे भाग लिया प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार जाती माननीय विधायक झबरेड़ा एवं विशिष्ट अतिथि कोमल देवी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कविंद्र चौधरी (विकासखंड नारसन )ने उपस्थित होकर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र जाती विधायक झबरेड़ा ने कहा कि खेल सामाजिक विकास की एक सतत प्रक्रिया है। इस अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक संदीप खाखरियाल (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकासखंड नारसन हरिद्वार), जिला युवा खेल अधिकारी हरिद्वारअध्यक्ष सुभाष सैनी (खंड विकास अधिकारी विकासखंड नारसन हरिद्वार), युवा जिला खेल अधिकारी हरिद्वार प्रमोद चंद्र पांडे, नेहरू इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुभाष त्यागी,जिला खेल समन्वयक हरिद्वार गजेंद्र सिंह, जिला युवा कल्याण व्यायाम प्रशिक्षक मुकेश भट्ट ने उपस्थित होकर मंच साझा किया। प्रतियोगिता का प्रारंभ अंडर-19 200 मीटर से शुरू इस दौड़ को मुख्य अतिथि वीरेंद्र जाती ने प्रारंभ कराई। इस दौड़ में आयरन ने प्रथम, रितिक ने दूसरा एवं तीसरा स्थान अंकुश ने प्राप्त किया। 400 मीटर अंदर-19 में बालक वर्ग नितिन ने प्रथम स्थान, कार्तिक ने दूसरा एवं आयरन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 1500 मीटर रेस में अंशुल ने प्रथम कार्तिक ने द्वितीय एवं तीसरा स्थान वंश ने प्राप्त किया।

# विजिलेंस टीम की आधा दर्जन गांव में ताबड़तोड़ छापेमारी

## दिन निकलते ही विद्युत विभाग के एक्शन से मचा हड़कंप, 164 बिजली चोरी करते पकड़े



**❖बढ़ेडी राजपूतान, बेलड़ा, भारापुर समेत करीब आधा दर्जन गांवों में पकड़ी गई बिजली चोरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बढ़ेडी राजपूतान, बेल्डा, भारापुर समेत करीब आधा दर्जन गांवों में बुधवार की अल सुबह को बिजली विजलेंस टीम ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह से ही गांव की सड़कों पर चहल-पहल बढ़ गई, जब करीब दो दर्जन से अधिक सरकारी गाड़ियों का काफिला गांव में दाखिल हुआ। गाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे कार्रवाई को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से अंजाम दिया जा सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग को लंबे समय से बढ़ेडी राजपूतान, घोड़ेवाला, भारापुर भौंरी, डेरा, मर्रगुबपुर, बेल्डा समेत करीब आधा दर्जन गांवों में बिजली चोरी और अवैध कनेक्शनों की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर बिजली विजलेंस टीम ने यह विशेष अभियान चलाया। टीम में बिजली विभाग के अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी और पुलिस प्रशासन के जवान शामिल थे। कार्रवाई के दौरान के सैकड़ों घरों की जांच की गई, जहां मीटर, वायरिंग और बिजली कनेक्शनों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान करीब 150 घरों में मीटर से छेड़छाड़, तो कहीं अवैध रूप से सीधी लाइन डालकर बिजली उपयोग किए जाने के संकेत मिले। विजलेंस टीम ने ऐसे मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की और कनेक्शन काट दिया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा जरूर हुई, लेकिन पूरा अभियान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अधिकारियों ने लोगों से सहयोग की अपील की और स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई किसी को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि बिजली चोरी जैसी समस्याओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से की जा रही है। एसडीओ अनीता सैनी ने बताया कि बिजली चोरी की शिकायत मिल रही थी। जिसके चलते बढ़ेडी राजपूतान, घोड़ेवाला, भारापुर भौंरी, डेरा, मर्रगुबपुर, बेल्डा समेत करीब छह गांव में विजलेंस की टीम ने कार्यवाही करते हुए करीब 150 घरों से बिजली चोरी पकड़ी हैं। जिनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही हैं। और साथ ही विभाग की ओर से आगे भी कार्यवाही की जाएगी।


# सम्पादकीय

गुरुवार, 8 जनवरी 2026

## राहुल की प्रतिक्रिया

यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प समय-समय पर पीएम मोदी को लेकर टिप्पणी करते रहते हैं, लेकिन यह टिप्पणी विरोधाभासी ज्यादा होती हैं। वह पीएम मोदी को अपना बेहतर दोस्त भी बताते हैं, साथ ही टैरिफ आदि लगाकर ऑपरेशन सिंदूर जैसे मामलों में यह कहकर टांग फंसाते रहते हैं कि भारत-पाक के बीच संघर्ष उन्होंने ही रुकवाया था जबकि भारत बराबर उनकी बातों को नकारता रहा है, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है पिछले कुछ दिनों विशेषकर वैनेजुएला पर सर्जिकल स्ट्राइक के बाद से जिसमें उन्होंने वहां के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कराया है, तब से वह पीएम मोदी पर फिर से निशाना साध रहे हैं। ट्रम्प के पिछले दो दिनों में दो बयान आए हैं, जिसमें वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि भारत ने उनकी इच्छा को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है। ऐसा कहते हुए वह यह भी नहीं भूलते कि पीएम मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं, लेकिन उनको पता है कि रूस से तेल खरीदने व अन्य रक्षा सौदों को लेकर वह उनसे नाराज हैं और पीएम मोदी उनकी नाराजगी दूर करने के लिए ही रूस से दूरी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें भी वह चेतावनी देते हैं कि अगर भारत ने रूस से तेल लेना पूरी तरह बंद नहीं किया, तो वह उस पर और टैरिफ लगाने के विषय में सोच सकते हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अपनी प्रतिक्रिया के साथ मैदान में आ गए हैं और उन्होंने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी से कर डाली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि फर्क समझो सर जी! कैप्शन देकर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, उन्होंने 1971 के युद्ध की भी याद दिलाई है और कहा है कि इस युद्ध में अमेरिका ने एयरक्राफ्ट और हथियार भेजे थे, तब इंदिरा ने कहा था कि मुझे जो करना है मैं करूंगी। दूसरी तरफ पीएम मोदी हैं जो जरा सा दबाव पड़ते ही सरेंडर हो जाते हैं। राहुल गांधी ने बेबाक अंदाज में यह भी कह डाला कि वह अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को अच्छी तरह से जान गए हैं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वह डर के मारे भाग जाएंगे। आखिर ट्रम्प चाहते क्या हैं, यह सवाल तो बनता ही है, क्योंकि मंगलवार को ही बयान में उन्होंने यह कह डाला कि एक दिन मोदी उनके पास आए थे, उन्होंने मुझसे कहा सर! क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, मैंने कहा हां। हालांकि उन्होंने यह तो नहीं बताया कि यह बातचीत कब हुई, लेकिन जो अंदाज ट्रम्प का कहने का है वह बिल्कुल भी मर्यादित नहीं है। खासतौर से आबादी के हिसाब से दुनिया के सबसे बड़े लो. कतंत्र के प्रधानमंत्री के साथ। सब सरकारों की कूटनीति का तरीका अलग होता है, जिस तरह सरकार ट्रम्प की बातों पर चुप्पी साधे है, यह उसकी रणनीति हो, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि जो संकेत जा रहा है वह ठीक नहीं है।

### बांग्लादेश सरकार गंभीर नजर नहीं आती



बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार गंभीर नजर नहीं आती है, किसी भी देश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, प्रशासन की नाकामी या वैचारिक बदलाव किसी भी समुदाय पर हिंसा और उत्पीड़न को सही नहीं ठहरा सकते, यह चिंताजनक है कि किसी अन्य देश की आंतरिक अव्यवस्था का खामियाजा भारतीयों और विशेषकर हिंदुओं को भुगतना पड़ रहा है, मानवाधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को कभी भी राजनीतिक अराजकता की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और मानवीय मूल्यों को देखते हुए बंगलादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करे।

**-रॉबर्ट वाड्रा, भारतीय उद्योगपति**

# इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल





रजनीश कपूर

साल 2025 नागरिक उड्डयन की दृष्टि से सबसे बुरा साल बीता। एयर इंडिया का दर्दनाक हादसा हो या इंडिगो का एफडीटीएल संकट, दोनों ने ही भारत का नाम दुनिया के सिविल एविएशन सेक्टर में बदनाम किया है। वहीं सरकार और नियामक (डीजीसीए व नागर विमानन मंत्रालय) की देरी, आधे-अधूरे कदम और चेतावनियों तक सिमटी कार्रवाई ने हालिया एफडीटीएल प्रकरण के बाद इंडिगो को बेवजह समय, स्पेस और नैरेटिव तीनों में फायदा पहुंचाया है। सरकार का यही ढीलापन पिछले मामलों में भी दिखा, जिसने निजी एयरलाइंस को यह संदेश दिया कि यदि आपके 'संपर्क' सही हैं तो बड़े अपराधों पर भी अंततः 'नोटिस और चेता. वनी' से काम चल सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा नए एफडीटीएल नियमों की प्रभावी तारीख काफी पहले से तय और सार्वजनिक थी, फिर भी न तो इंडिगो ने पर्याप्त पायलट और स्टाफिंग तैयार की और न ही डीजीसीए ने समय से सख्त अनुपालन की मॉनिटरिंग की। परिणाम यह हुआ कि नवंबर. दिसंबर में हजारों फ्लाइट्स प्रभावित हुईं, पर नियामक की शुरुआती भूमिका दिखावटी ऑडिट, 'विशेष निरीक्षण' और ऑपरेशनल रियायतों तक सीमित रही, न कि कठोर दंडात्मक कार्रवाई तक। इस देरी ने इंडिगो को दो स्पष्ट लाभ दिए, संकट के दौरान पब्लिक आक्रोश ठंडा पड़ने तक कोई बड़ी पेनल्टी या उड़ान-सीमिती नहीं लगी, जिससे कंपनी को रिकवरी का वक्त मिला। डीजीसीए द्वारा 'रिकवरी रोडमैप', 'विशेष ऑडिट' और भविष्य की निगरानी जैसी भाषा ने यह संकेत दिया कि मामला बातचीत और सुधार योजनाओं से सुलझ जाएगा, न कि लाइसेंस या स्लॉट पर त्वरित प्रहार से। एफडीटीएल नियमों के मसौदे के समय से ही विशेषज्ञों और पायलट प्रति. निधियों ने आगाह किया था कि अगर एयरलाइंस ने समय पर भर्ती व रोस्टर सुधार नहीं किए, तो पायलट थकान और ऑपरेशनल कोलैप्स का जोखिम बढ़ेगा। डीजीसीए की जिम्मेदारी सिर्फ नियम बनाना नहीं, बल्कि समयबद्ध ट्रांजिशन सुनिश्चित करना भी थी, खासकर उस एयरलाइन पर जो घरेलू बाजार की सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखती है और जिसके फेल होने से पूरा सिस्टम झटके में आ सकता है। इसके बावजूद, डीजीसीए ने इंडिगो की विंटर शेड्यूल मंजूर करते समय एफडीटीएल कंप्लायंस की रियलिस्टिक क्षमता पर कठोर स्ट्रेस टेस्ट नहीं किया।नवंबर से ही बढ़ती देरी, कैंसिलेशन और 'फैक्चर्ड रोस्टर' की शिकायतों के बावजूद समय रहते दंडात्मक हस्तक्षेप नहीं हुआ। चेतावनियां और अपीलें ज्यादा दिखीं, प्रतिबंध कम। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ। नोटिस, चेतावनी, 'कड़ी निगरानी में लिया गया है' जैसे वाक्य, दोषी प्रबंधन पर त्वरित नजीर-स्थापित करने वाला प्रहार नहीं। जब सिस्टम बार-बार इसी पैटर्न पर चलता है, तो यह एक खघ्तरनाक मिसाल बन जाता है। यानी नियम तोड़ो, संकट खड़ा करो, फिर बातचीत और लॉबिंग से मामला नरम करवा लो। वहीं दूसरी ओर दिलचस्प और चिंताजनक तथ्य यह है कि डीजीसीए व मंत्रालय छोटी या अपेक्षाकृत सीमित प्रभाव वाले उल्लंघनों पर तुरंत और बड़ी सखघ्ती दिखाने में पीछे नहीं रहते। एयर इंडिया पर सिर्फ एक फर्स्ट ऑफिसर की 'रेसेन्सी' न होने के बावजूद फ्लाइट ऑपरेट करने के मामले में 30 लाख रूपए का जुर्माना और रोस्टरिंग अधिकारियों पर सखघ्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया। एयर इंडिया व्हीलचेयर सेवा में चूक और लो-विजिबिलिटी ट्रेनिंग की कमी जैसे मामलों में भी 30-30 लाख के जुर्माने झेल चुकी है, साथ ही पायलट सस्पेंशन और अन्य कार्रवाइयां भी हुई। बोइंग के विमान पर बिना अनुमति विशिष्ट बाहरी लिवरी पेंट करने जैसे अपेक्षाकृत 'टेक्निकल' उल्लंघन पर भी एयर इंडिया पर 30 लाख का दंड लगाया गया। इतना ही नहीं संसद में इसे सख्त एन्फोर्समेंट का उदाहरण बता कर पेश भी किया गया। वहीं इसके उलट, इंडिगो के एफडीटीएल संकट जैसा गंभीर मामला, जिसमें पूरे नेटवर्क में हजारों यात्रियों की यात्रा, समय, स्वास्थ्य और आर्थिक हित प्रभावित हुए, अब तक मुख्यतः ऑडिट, चेतावनी, भविष्य में कड़ी कार्रवाई की धमकी और 'रिकवरी प्लान' तक सीमित दिखता है, न कि तत्काल और उच्च-स्तरीय दंड तक। नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए दोनों अक्सर डेटा दिखाते हैं कि हर साल सैकड़ों इनफोर्समेंट एक्शन लिए जाते हैं, जिसमें चेतावनी, सस्पेंशन, कैंसिलेशन और आर्थिक दंड शामिल हैं। लेकिन कागजी कार्रवाई और वास्तविक नजीर के बीच एक बड़ा एग्जिक्यूशन गैप है। हाल के वर्षों में 500-600 से अधिक एन्फोर्समेंट एक्शन हर साल दर्ज हुए, पर इनमें बड़ी एयरलाइंस के टॉप मैनेजमेंट पर सीधे प्रहार करने वाले केस बहुत कम हैंय ज्यादातर चेतावनी, मामूली जुर्माना या मिड.लेवल अफसरों पर जिम्मेदारी तक सिमटे दिखते हैं।डीजीसीए ने कई मौकघें पर एयरलाइंस को भविष्य में 'किसी भी उल्लंघन पर सखघ्त कार्रवाई' की चेतावनी दी, लाइसेंस निलंबन तक की धमकी दी, पर बड़े संकटों के बाद वास्तविक लाइसेंस स्तर की कार्रवाई विरले ही देखी गई। इंडिगो संकट में भी, मंत्री स्तर पर ऐसी मिसाल बनाएंगे कि कोई दोबारा हिम्मत न करे जैसे बयान दिए गए, पर जमीनी स्तर पर जो दिखा, वह था, शो कॉज नोटिस, समीक्षा बैठकें, सिस्टम सुधार और आगे की निगरानी। इस अंतर ने संदेश साफ कर दियारू कड़े शब्द, नरम दंड। यदि भारतीय एविएशन में नियम सिर्फ पायलट की नींद और कानून की किताब में लिखे घंटों तक सीमित नहीं, बल्कि यात्री के अधिकार, सार्वजनिक सुरक्षा और बाजार अनुशासन से जुड़े हैं, तो फिर चुनिंदा सख्ती से आगे जाना ही होगा।डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को बड़े 'ऑपरेशनल फियास्को', जैसे एफडीटीएल संकट, व्यापक क्रू थकान या जानबूझकर की गई शेड्यूलिंग हेरफेर पर सीधे टॉप मैनेजमेंट और बोर्ड स्तर तक दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए, जिसमें भारी आर्थिक जुर्माना, स्लॉट कटौती और नए रूट अनुमोदनों पर अस्थाई रोक शामिल हो।चेतावनी और नोटिस को केवल प्रारंभिक कारवाही ही बनाया जाए। एक बार सिस्टमिक गलती सिद्ध हो जाए, तो 'ग्रेजुएटेड पेनल्टी' के तहत स्वचालित और समयबद्ध दंड लागू हो, ताकि न तो राजनीतिक इच्छा पर निर्भरता रहे और न ही लॉबिंग के लिए मौका बचे। मंत्रालय को भी अपने भीतर जवाबदेही तय करनी होगी। जब एक साल पहले से ज्ञात नियम लागू होते समय ध्वस्त हो जाते हैं, तो सिर्फ एयरलाइन नहीं, उस नियम-निर्माण और निगरानी ढांचे पर भी कार्रवाई हो। इंडिगो संकट और एफडीटीएल विवाद ने दिखा दिया कि नियामक और सरकार की सुस्ती सिर्फ एक निजी एयरलाइन की मदद नहीं करती, वह पूरी इंडस्ट्री को गलत संकेत देती है, कि बड़ा खिलाड़ी बन जाओ, फिर बड़े अपराध भी मैनेज हो सकते हैं। अगर यह पैटर्न नहीं टूटा, तो अगली दुर्घटना या संकट के समय केवल पायलट, क्रू और यात्रियों को दोषी ठहराना न केवल अन्याय होगा, बल्कि सच से भी भागना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस एक्सरसाइज से मिलेगी हाथ-पांव को राहत

**हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है। बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है। रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है। ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं।**

आज के समय में हेल्थ और फिटनेस को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। ऐसे में लोग फिट और हेल्दी रहने के लिए रोजाना एक्सरसाइज और योग आदि करते हैं। ऐसे में अगर आप भी लंबे समय तक फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो खान-पान में पोषक तत्व और रोजाना एक्सरसाइज के साथ कुछ देर ताली जरूर बजाएं। भले ही आपको यह सुनने में थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन ताली बजाकर आप खुद को कई बीमारियों से दूर रख सकते हैं। इससे न सिर्फ आपका शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो हाथों से पैरों पर ताली बजाने से गॉल ब्लैडर, किडनी, लिवर, हार्ट, आंख, ब्रेन, पैंक्रियास जैसे आंतरिक अंगों और पूरे शरीर का बल्ड सर्कुलेशन अच्छा होता है और शरीर में एनर्जी बनी रहती है। इस एक्सरसाइज को करने से शरीर के हर अंग को पोषण मिलता है और आप सेहतमंद बने रहते हैं। साथ ही इससे डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को अच्छे से कंट्रोल किया जा सकता है और दिल और किडनी संबंधित बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में होगा सुधार**

हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है।

**एक्टिव होते हैं एक्यूप्रेशर पॉइंट्स**

बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

**रिलैक्स होंगे आप**

रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है।

**कम होगा तनाव**

ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं। साथ ही इस एक्सरसाइज को रोजाना करने से एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्या से निपटने में मदद मिलती है और मन में निगेटिव विचार नहीं आते हैं। यह एक्सरसाइज करने से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।



**पैरों दर्द से राहत**

इस एक्सरसाइज को करने से पैर की मसल्स का तनाव दूर होता है। जिससे पैर दर्द से राहत मिलती है।

**इम्यूनिटी होती है मजबूत**

अगर आप भी अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करना चाहते हैं, तो आपको रोजाना इस तरह से ताली बजाना चाहि। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और शरीर के सभी अंग तेजी से काम करने लगते हैं।

**बढ़ने लगती है याद्दाश्त**

बता दें कि भूलने की आदत से परेशान रहने वाले व्यक्ति को रोजाना ताली बजानी चाहिए। इससे याददाश्त अच्छी होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हाथ की नसों का संबंध ब्रेन से होता है।

**ताली बजाने की विधि**

इसके लिए सबसे पहले पीठ को सीधा करके बैठ जाएं।

फिर वज्रासन अवस्था में बैठें।

अब दाएं पैर को बाएं पैर के ऊपर रखकर बैठ जाएं।

फिर दोनों हाथों से तलवे पर टैप करें।

इस प्रक्रिया को रोजाना 10 मिनट करें।

**...साभार**

# वर्चुअल दुनिया में पनप रहे झूठे रिश्ते



सोशल मीडिया, मोबाइल एवं संचार-क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नए जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामा. जिक-पारिवारिक-सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ में मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी- बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साए चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी पराएपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिए पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नए बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं।

हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नए अनुभव हमारे नजरिए में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गए सब एक ही घर में। साथ अपना होकर भी बाहर सब साथी ढूंढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मर्यादा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता-पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिए अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता-पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा।

प्रश्न है कि किशोर-किशोरियां में अपने माता-पिता के प्रति इस तरह के भाव-विचार-विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा। बच्चों को फोन दिलाना यदि जरूरत है तो इसके अच्छे-बुरे का संस्कार देना कर्तव्य। वह जिम्मेदारी परिवार, पड़ोस और विद्यालय की सामूहिक है।

माता-पिता इनदिनों सोशल मीडिया पर बह रही रिश्तों की अंधी दुनिया से ज्यादा चिन्तीत एवं परेशान है। क्योंकि वहां पर दिखने वाले खुशनुमा चेहरे वास्तविक जिंदगी में शायद ही उतने खुशनुमा होते हैं। लेकिन किशोर पीढ़ी तस्वीरों को ही सच मानकर खुद को उनमें संलिप्त कर लेती हैं। यह सम्पूर्ण पीढ़ी सच का सामना ही नहीं करना चाहती। दरअसल, सोशल मीडिया की दृष्टि से जब किशोर बड़े हो रहे होते हैं तो उन्हें झूठ से भरी चीजों पर यकीन करना सिखाया जाता है, अपने संस्कृति, अपनी परम्परा एवं अपनी जीवनशैली से एक षडयंत्र के तहत दूर करने की इन कुचेष्ठाओं के प्रति सचेत करना नितान्त अपेक्षित है, भले ही कोई किशोरी पुलिस का डर दिखाए। सोशल मीडिया किशोर पीढ़ी को यह सोचने पर मजबूर करता है कि उनके पास विकल्प नहीं हैं और उन्हें उनके साथ हो रही सभी चीजों को स्वीकार करके उनसे तालमेल बिठा लेना चाहिए। लेकिन, हर चीज इसी तरह से काम नहीं करती। हमारे आसपास कोई भी चीज आदर्श नहीं है और ना ही सोशल मीडिया का तिलिस्मी संस्कार। एक तरह से सोशल मीडिया एक नशा है, एक अभिशाप है, जिसने जीवन के सौन्दर्य को खंडित किया है। जीवन में चमकपूर्ण उदासी एवं तनाव को बिखेरा है। इसके कारण कभी लोग छूट जाते हैं तो कभी वस्तुएं। खुद को संभाले रखना जटिल होता जा रहा है। समझ नहीं आता, करें तो क्या? पिछले एक दशक में सोशल नेटवर्किंग साइट्स एवं स्मार्ट फोन की लोकप्रियता जबरदस्त बढ़ रही हैं तो जिन्दगी में जहर भी घोल रही है, दुनिया छोटी होती गई है और पारिवारिक रिश्तों में दूरियां बढ़ती गई है। लोग अपने जिंदगी के हर पहलू पर अपने लोगों की नहीं पराए लोगों की राय, उनकी पसंद और उनकी रूचि जानना चाहते हैं। वीडियो, संदेश, पिक्चर्स, रिकार्डेड आवाज के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोग आपस में जुड़े हैं। परंतु क्या इस बात से आप भी सहमत हैं कि इस जुड़ाव में न तो विश्वास है, न अपनापन है, न आत्मीयता है और न ही असली रूचि, न ही रिश्तों की गर्माहट, बल्कि भौतिक चकाचौंध, प्रतिस्पर्धा और जलन अधिक है? शुरुआत में नई उम्र के लोग सोशल मीडिया से जुड़े और धीरे-धीरे बड़ी उम्र के लोग भी इससे जुड़ते गए, अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में जुड़ चुकी है। मजाक में कहा जाता है कि पूरे परिवार को एक साथ बातचीत के लिए इकट्ठा करना हो तो वाई फाई थोड़ी देर के लिए बंद कर दो।

सोशल मीडिया एवं स्मार्ट फोन एक ऐसी दुनिया से लोगों को जोड़ रहा है जो नजर से बहुत दूर हैं और उन अपनों से भी दूर कर रहा है जो नजर के सामने हैं। रिश्तों की हो या फिर चीजों की पोटली, इसमें ज्यादातर गैरजरूरी चीजें ही भरने का प्रचलन चल रहा है। अपनी जरूरतों का सामान जोड़ना और उन्हें अपने साथ रखना जरूरी है, पर कुछ भी लिए रहना या किसी भी तरह के रिश्तों को ढोते रहना हमें थका देता है, परेशानी एवं संकट में डाल देता है। जरूरी कामों को किनारे कर कई बार जिंदगी को मुश्किल बना देता है। जबकि आत्मीय एवं पारिवारिक रिश्तों के बल पर हम अंधेरों में भी रोशनी ढूंढ़ लेने में समर्थ होते रहे हैं। बाधाओं के बीच विवेक जगा लेते थे, ऐसे घरों एवं दायरों में कहीं घर में मंदिर बनता रहा है तो कहीं घर ही मन्दिर बन जाता था।

जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का होलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों के त्रासदी की घुटन नहीं। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है, जिन्दगी स्वयं एक समस्या बन गई है, टूटते-बिखरते रिश्तों के बीच मूल्य भी टूट रहे हैं, संस्कृति भी कराह रही है। अपनी ही नजरों में हीन करने की यह चेष्टा है, यह भ्रम एवं दिखावे की दुनिया है, यह बाजारवाद है। कई बार संबंधों को ठीक करना भी हमारे वश में नहीं होता। ऐसे में आपको दुखी होने के बजाय स्थिति को स्वीकार कर लेना आपकी मजबूरी होती है।

**...साभार**



अनंतनाग। बिजबेहरा स्थित दारा शिकार पार्क में अपने पिता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करती पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती।

## भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बना: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। गडकरी ने बुधवार को यहां वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह 'फ्रॉम फार्म रेजड्यू टू रोड: पायरोलिसिस के माध्यम से बायो-बिटुमेन' को संबोधित करते हुए इस उपलब्धि को भारत के सड़क बुनियादी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया।

## थाइलैंड के साथ शांति बहाली के लिए कंबोडिया प्रतिबद्ध: हून सेन

**फ्नोम पेन्ह।** कंबोडिया की सत्ता पर काबिज कंबोडियन पीपल्स पार्टी (सीपीपी) के अध्यक्ष सैमडेक टेको हून सेन ने बुधवार को कहा कि उनका देश थाईलैंड के साथ संघर्षविराम लागू करने और दोनों देशों के बीच शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। हून सेन ने कहा कि कंबोडिया और थाईलैंड के बीच शांति बहाल होने से पूरे क्षेत्र में अमन, सुरक्षा, स्थिरता और खुशहाली को भी बढ़ावा मिलेगा। हून सेन सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष होने के साथ-साथ कंबोडिया की सीनेट के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण समाधान हासिल करने में भागीदारी निभाने और सक्रिय सहायता देने के लिए कंबोडिया सभी मैत्री देशों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता है।


# अब वेनेजुएला के गृहमंत्री ट्रम्प के निशाने पर

## कहा: काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और शांति बनाए रखें

**वाशिंगटन।** मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद ट्रम्प के निशाने पर वेनेजुएला के गृह मंत्री और सुरक्षा प्रमुख डियोसदादो काबेलो आ गए हैं। अमेरिका चाहता है कि काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और देश में शांति बनाए रखें। अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है।

अमेरिका ने बिचौलियों के जरिए काबेलो को चेताया है कि अगर उन्होंने विरोध किया, तो उनका हश्र भी मादुरो जैसा हो सकता है। जिन्हें हाल ही में अमेरिका ने गिरफ्तार कर न्यूयार्क ले जाकर मुकदमा शुरू किया है। हालांकि, अमेरिका फिलहाल काबेलो को तुरंत हटाना नहीं चाहता, क्योंकि ऐसा करने से सरकार समर्थक गुट सड़कों पर उतर सकते हैं और हालात बिगड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका एक तरफ काबेलो (बाएं) से सहयोग कराने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी तरफ भविष्य

■ अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है



में उन्हें सत्ता से हटाकर देश से बाहर भेजने के विकल्प भी तलाश रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन को विपक्ष पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि विपक्ष इस समय शांति नहीं रख पाएगा। अमेरिका चाहता है कि हालात काबू में रहें ताकि उसकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला में काम करने का मौका मिले और अमेरिकी सेना भेजने की जरूरत न पड़े। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी नेता मारिया मचाडो को देश की सत्ता सौंपने की खबरें थी।

हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने इसे नकारते हुए उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को ही वेनेजुएला की सत्ता सौंपने का समर्थन किया। फिलहाल अमेरिका डेल्सी रोड्रिग्ज को मादुरो के बाद सबसे अहम चेहरा माना जा रहा है। अमेरिका की डेल्सी से मांग है कि तेल सेक्टर खोला जाए, ड्रग तस्करी रोकी जाए, क्यूबा के सुरक्षा कर्मी हटें और ईरान से रिश्ते तोड़े जाएं। डेल्सी रोड्रिग्ज ने 5 जनवरी को नेशनल असेंबली की बैठक के दौरान वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। डियोसदादो काबेलो वेनेजुएला की सत्ता व्यवस्था का ऐसा नाम हैं, जिनकी ताकत और भूमिका को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह गंभीरता से लिया जाता है। रायटर्स के मुताबिक, काबेलो पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के करीबी रहे हैं और मादुरो शासन में उन्हें सत्ता का सबसे सख्त चेहरा माना गया। फिलहाल वे देश के गृह मंत्री हैं और आंतरिक सुरक्षा, पुलिस और खुफिया एजेंसियों पर उनकी मजबूत पकड़ है।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना भेजेंगे ट्रम्प!

## व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इसे साकार करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है। वहां पर रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है।

उन्होंने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। यहां पर डेनमार्क के करीब 200 सैनिक तैनात हैं। व्हाइट हाउस ने भले ही ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना का इस्तेमाल पर विचार करने की बात कही है, हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्री की सोच इससे अलग है। रायटर्स के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि प्रशासन का इरादा ग्रीनलैंड पर हमला करने का नहीं है, बल्कि डेनमार्क से इसे खरीदने का है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने रायटर्स से कहा कि विकल्पों में सीधे खरीद या ग्रीनलैंड के साथ विशेष समझौता शामिल है और अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों के साथ फायदेमंद रिश्ते बनाना चाहता है। वहीं, ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार स्टीफन मिलर ने सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा कि अमेरिकी सरकार चाहती है कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा हो। साथ ही भविष्य में कोई भी देश ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका से नहीं उलझे। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की इच्छा को मजाक समझा गया था। सीएनएन के मुताबिक, ग्रीनलैंड पर कंट्रोल की बात को राष्ट्रपति की बेफिजूल बकवास माना गया था। पिछले साल, डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ग्रीनलैंड की औपचारिक यात्रा की थी। इस समय भी अमेरिका की ट्रोलिंग की गई थी। यूरोपीय नेताओं ने कहा कि अब वे ट्रम्प की धमकियों को गंभीरता से ले रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने के बाद ट्रम्प सरकार अब पूरे वेस्टर्न हेमिसफेयर को ट्रम्प का इलाका मानने लगी है। ट्रम्प प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर ने सोमवार को सीएनएन पर कहा कि अमेरिका अब ताकत से चलने वाली नियमों का पालन कर रहा है। ग्रीनलैंड की अपनी कोई सेना नहीं है। उसकी रक्षा और विदेश नीति की जिम्मेदारी डेनमार्क की है। यह डेनमार्क का एक स्वायत्त क्षेत्र है। यहां का अबादी महज 57 हजार है। 2009 के बाद, ग्रीनलैंड सरकार को तटीय सुरक्षा और कुछ विदेशी मामलों में छूट मिली है, लेकिन रक्षा और विदेश नीति के मुख्य मामले अभी भी डेनमार्क के पास हैं। अमेरिकी सैनिक-अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस (थुले एयर बेस)। ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम में स्थित यह बेस अमेरिका चलाता है। यह बेस मिसाइल चेतावनी सिस्टम और स्पेस मानिटरिंग के लिए इस्तेमाल होता है। एनवाइट के मुताबिक यहां करीब 150 से 200 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ये मिसाइल चेतावनी, स्पेस निगरानी और आर्कटिक सुरक्षा के लिए हैं। यह अमेरिका का सबसे उत्तरी सैन्य अड्डा है। डेनिश सैनिक- डेनमार्क की जाइंट आर्कटिक कमांड ग्रीनलैंड में काम करती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां कुल करीब 150 से 200 डेनिश सैन्य और सिविलियन कर्मी हैं। जो निगरानी, सर्च एंड रेस्क्यू, और संप्रभुता की रक्षा करते हैं। इसमें प्रसिद्ध सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल (एक छोटी एलीट यूनिट, करीब 12-14 लोग) भी शामिल है, जो कुत्तों की स्लेज से लंबी गश्त करती है।



■ ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है

## कोलंबिया के राष्ट्रपति की ट्रम्प को धमकी

■ कहा: हिम्मत है, तो मुझे पकड़कर दिखाओ, वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने भी ऐसी धमकी दी थी

**बोगोटा।** वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वाशिंगटन और लैटिन अमेरिका के देशों के रिश्तों में भारी तनाव पैदा हो गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो खुलकर अमेरिका के खिलाफ आ गए हैं। पेट्रो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि वह कोलंबिया में ही मौजूद हैं और अमेरिका का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रो के इस बयान ने पूरे लैटिन अमेरिका में सियासी हलचल तेज कर दी है। उन्होंने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद दिया। गौरतलब है कि मादुरो भी अगस्त 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प को इसी तरह की चुनौती दे चुके हैं। मादुरो ने कहा था कि अगर हिम्मत है तो अमेरिका आकर उन्हें गिरफ्तार करे। इसके जवाब में अमेरिका ने मादुरो की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम की राशि और बढ़ा दी थी। पेट्रो ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने कोलंबिया या उसके आसपास के इलाकों में सैन्य हमला किया तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। पेट्रो के मुताबिक, अमेरिकी बमबारी की स्थिति में गांवों में रहने वाले किसान हथियार उठा सकते हैं।

## नरम पड़ा मेक्सिको कहा: अमेरिका से बातचीत को तैयार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा है कि मेक्सिको के अपने सिद्धांत हैं, जिन पर वह चलता है लेकिन वह हमेशा अमेरिका के साथ अपने मसले सुलझाने के लिए बातचीत का पक्षधर है। सुशिनबाम की यह प्रतिक्रिया अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस हालिया सुझाव के बाद आई है, जिसमें उन्होंने नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने में मदद के लिए अमेरिकी सैनिकों को भेजने की बात कही थी। उन्होंने देश में किसी भी तरह के विदेशी हस्तक्षेप को मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया। अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सुशिनबाम ने मादक पदार्थों की तस्करी से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए साझा जिम्मेदारी और राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति अटूट सम्मान के ढांचे के भीतर बातचीत और द्विपक्षीय सहयोग की वकालत की। मेक्सिको प्रमुख के अनुसार वह वाशिगटन के साथ आपसी बातचीत के रास्ते बंद किए बिना एक दृढ़ और सैद्धांतिक रुख बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी अन्य चीज से ऊपर बातचीत को प्राथमिकता देती हैं और हमेशा अमेरिकी सरकार के साथ वार्ता की पक्षधर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ काम करने का उचित तरीका यही है कि राजनयिक माध्यमों को मजबूत किया जाए।

# मोदी और नेतन्याहू ने गाजा शांति योजना पर बात की



■ हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इजराइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि नेतन्याहू ने मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की।

उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मोदी को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। मोदी ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थाई शांति की दिशा में प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## दक्षिण-पश्चिम यमन में सऊदी हवाई हमलों में 20 लोग मारे गए

**काहिरा।** दक्षिण-पश्चिम यमन के अद-दाली प्रांत पर शासन कर रहे 'दक्षिणी परिवर्ती परिषद' (अल-मजलिस अल-इंतकाली अल-जुनूबी) की सेनाओं के खिलाफ सऊदी नेतृत्व वाले अरब गठबंधन के हमलों में 20 लोग मारे गए हैं। प्रांतीय सरकार के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गठबंधन के विमानों ने अद-दाली प्रांत के जुबैद, अल-जंद और जहाफ इलाकों में सैन्य उपकरणों पर लगभग 12 हवाई हमले किए। ए उपकरण अस्थाई राजधानी अदन से तस्करी करके लाए गए हथियारों और गोला-बारूद से भरे ट्रकों में ले जाए जा रहे थे। हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 20 लोग मारे गए।

## भारत ने वेनेजुएला की स्थिति पर जताई चिंता

■ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का किया आह्वान

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत का मुख्य ध्यान वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने सभी पक्षों और संबंधित हितधारकों से संवाद का रास्ता अपनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया।

लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री जेवियर बेटटेल के साथ बातचीत में जयशंकर ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला के घटनाक्रम को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और वह इसमें शामिल सभी पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे एक साथ बैठें और ऐसी स्थिति पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और सुरक्षा के हित में हो। भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर वेनेजुएला की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। मंत्रालय ने वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपना समर्थन दोहराया और संकट के समाधान के लिए शांतिपूर्ण संवाद पर जोर दिया। इसके साथ ही मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श भी जारी किया है, जिसमें उन्हें वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्रा से बचने और काराकस के भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखने का सुझाव दिया गया है।


# ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीति: जयशंकर

## विदेश मंत्री ने लक्जमबर्ग में पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की कड़ी आलोचना की

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लेटिन अमेरिका के घटनाक्रम का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की बुधवार को कड़ी आलोचना की।

डा. जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत में भारत और लक्जमबर्ग के बीच मजबूत साझेदारी पर आधारित संबंधों पर भी जोर दिया। बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं लेकिन अपने ही क्षेत्रों में हो रही हिंसा और जोखिमों को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी लोग कहते हैं, जैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कहा गया। अब अगर आप उनसे पूछें कि सच में आपको चिंता है, तो क्यों न आप अपने ही क्षेत्र को देखें? और खुद से पूछें कि वहां हिंसा का स्तर क्या है, कितने जोखिम उठाए गए हैं और हममें से बाकी लोग आपके कार्यों को लेकर कितने चिंतित हैं। लेकिन यही दुनिया की प्रकृति है। लोग जो कहते हैं, वह हमेशा वही नहीं होता जो वे करते हैं, और हमें इसे उसी भावना के साथ स्वीकार करना पड़ता है। डा. जयशंकर की टिप्पणियों से उन देशों के प्रति उनकी नाराजगी झलकी जो ऐसे संघर्षों पर अनचाही सलाह देते हैं जिन्हें वे ठीक से समझते भी नहीं। उन्होंने कहा कि दूर बैठे देश अक्सर 'बिना जटिलताओं को समझे या अपने रणनीतिक हितों पर विचार किए' बोलते हैं। उन्होंने कहा कि अब दुनिया के बाकी हिस्सों में हो रहे घटनाक्रमों का इस पर कितना असर पड़ता है, यह कहना मुश्किल है। दूर बैठे लोग बातें करेंगे, कभी सोच-समझकर, कभी बिना सोचे, कभी अपने स्वार्थ में, तो कभी लापरवाही से। आज के समय में देश अधिक आत्मकेंद्रित हो रहे हैं और वही करेंगे जिससे उन्हें सीधा लाभ हो। वे आपको मुफ्त की सलाह देते रहेंगे। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत का रुख इस बात पर निर्भर करता है कि वह किससे निपट रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों के साथ सकारात्मक और रचनात्मक रूप से जुड़ने को तैयार है जो नई दिल्ली के साथ सकारात्मक तरीके से काम करना चाहते हैं, लेकिन जो पाकिस्तान की तरह व्यवहार करते हैं, उनसे अलग ढंग से निपटना पड़ता है।

■ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं



## कैमरून में सैन्य हमले में 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य हमले में कम से कम 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए है। सुरक्षा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह घटना कल स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3:00 बजे हुई, जब सैनिकों ने इलाके के नटाबाह क्षेत्र में अलगाववादी लड़ाकों के मोटरसाइकिल काफिले पर हमला किया। सूत्र ने बताया कि अभियान में एक सैनिक घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है। उल्लेखनीय है कि कैमरुन में वर्ष 2017 से सरकारी बल सशस्त्र अलगाववादी ताकतों के साथ संघर्ष कर रहे हैं, जो उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम के अंग्रेजी-भाषी क्षेत्रों को एक नया आजाद देश बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# वेनेजुएला अमेरिका को 30-50 मिलियन बैरल तेल देगा: ट्रम्प

## यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल देगा और यह तेल बाजार दरों पर बेचा जाएगा एवं इससे होने वाली कमाई अमेरिकी सरकार के नियंत्रण में रहेगी।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला तेल सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा। ट्रम्प ने लिखा कि यह तेल बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा और पैसा मेरे द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में नियंत्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के फायदे के लिए किया जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया। तेल को जहाजों में भरकर सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारने के लिए भेजा जाएगा। यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई है। हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर गत शनिवार शाम को न्यूयॉर्क लाया गया था और उन्हें ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर एक नए आरोप पत्र में, जिसे अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने साझा किया है, आरोप लगाया गया है कि मादुरो 'राष्ट्र-प्रायोजित गिरोह' चलाते थे और देश में नशीले पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देते थे। अमरीकी राष्ट्रपति ने सैन्य अभियान के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी तेल कंपनियों द्वारा वेनेजुएला के खराब हो रहे तेल बुनियादी ढांचे में अरबों का निवेश करने की योजनाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने देश के पेट्रोलियम क्षेत्र को मादुरो सरकार के तहत वर्षों के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप 'पूरी तरह से बर्बाद' बताया।





■ इससे तेल से होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा

## मेडागास्कर में बारिश से मरने वालों की संख्या 11 पहुंची

**एंटानानारिवो।** मेडागास्कर में पिछले साल नवम्बर के आखिर से हो रही भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है और छह अन्य घायल हो गए हैं। आपदा प्रबंधन एजेंसी की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार राजधानी एंटानानारिवो, सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक है। राष्ट्रीय जोखिम एवं आपदा प्रबंधन कार्यालय ने कहा कि कुल 274 लोग प्रभावित हुए हैं, और 26 घरों को नुकसान पहुंचा है, या वे नष्ट हो गए हैं। एंटानानारिवो के शहरी समुदाय ने लोगों से बहुत ज्यादा सतर्क रहने की अपील की है और पुराने या असुरक्षित पारंपरिक घरों में रहने वाले सभी परिवारों से सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा है।

